



वर्ष : 2 अंक: 184 मूल्य : 4 रू.

RNI No. -DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

गुरुवार, 25 फरवरी 2021

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित


## राहुल गांधी के बयान पर भड़की भाजपा, कहा वह अवसरवादी और उत्तर भारत विरोधी पूर्वाग्रह से ग्रस्त



**तिरुवनंतपुरम।** केरल में अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड के दौरे पर गए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक बयान से सियासत गरमा गई है। कांग्रेस नेता ने केरल और उत्तर भारत की राजनीति के बीच ऐसी तुलना की कि सबके निशाने पर आ गए हैं। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस नेता को अवसरवादी उत्तर भारत विरोधी पूर्वाग्रह से ग्रस्त बताया है। दरअसल, राहुल गांधी ने तिरुवनंतपुरम में एक सभा में कहा पहले 15 साल मैं उत्तर भारत से सांसद था। मुझे वहां दूसरे तरह की राजनीति का सामना करना पड़ता था। केरल आना मेरे लिए ताजगी भरा रहा, क्योंकि यहां के लोग मुद्दों की राजनीति करते हैं और सिर्फ सतही नहीं, बल्कि मुद्दों की तह तक जाते हैं।

राहुल गांधी ने रैली में भाजपा के साथ ही वाममोर्चा गठबंधन एलडीएफ पर भी प्रहार किया। राहुल ने कहा कि भाजपा माकपा की अगुआई वाली केरल सरकार पर हमला क्यों नहीं कर रही है। केरल के मुख्यमंत्री के दफ्तर पहुंचे मामले में नरम रुख अपनाए हुए है। सीबीआइ और ईडी सरकार पर हमला क्यों नहीं कर रही। 'राहुल गांधी के इस बयान को भाजपा नेताओं ने उत्तर भारतीयों का अनादर बताया है। भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी को अवसरवादी करार दिया, जबकि वह और उनके परिवार के सदस्य कई बार अमेठी से संसद पहुंचे।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने ट्वीट किया कुछ ही दिन पहले वह (गांधी) पूर्वोत्तर में थे, देश के पश्चिमी भाग के खिलाफ जहर उगल रहे थे। दक्षिण में वह उत्तर के खिलाफ जहर उगल रहे हैं। बांटो और राज करो की राजनीति काम नहीं करेगी, राहुल गांधी। लोगों ने इस तरह की राजनीति को खारिज कर दिया है। आप देख सकते हैं कि गुजरात में आज क्या हुआ। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को कांग्रेस के गढ़ अमेठी में मात देने वाली भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने उन पर निशाना साधा। उत्तर प्रदेश के अमेठी से तीन बार यानी 15 साल तक सांसद रहे राहुल को स्मृति ने अहसान फरामोश करार दिया। स्मृति ने ट्वीट किया, 'अहसान फरामोश। इनके बारे में तो दुनिया कहती है-थोथा चना बाजे घना।'

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी राहुल के इस बयान पर ट्वीट कर प्रहार किया। जयशंकर ने ट्वीट में कहा मैं दक्षिण भारत से हूं। मैं पश्चिमी राज्य से सांसद हूं। मैं उत्तर भारत में पैदा हुआ, वहीं पढ़ा और काम किया। मैं दुनिया के सामने पूरे भारत का प्रतिनिधित्व करता हूं। भारत एक है। कभी भी किसी क्षेत्र को नीचा न दिखाएं, कभी भी हमें विभाजित न करें। केंद्रीय मंत्री किरन रिजिजू ने ट्वीट कर राहुल गांधी से कहा कि अमेठी और उत्तर भारतीयों को बुरा नहीं कहें। उन्होंने कहा कि अमेठी के लोगों ने आपके पूरे परिवार को बहुत मौका दिया। भारत के हर क्षेत्र के लोग अच्छे हैं अगर आप अच्छे हैं तो। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता प्रल्हाद जोशी ने कांग्रेस और माकपा दोनों को पाखंडी बताया।

## हुगली में ममता ने बीजेपी को दिया नया नाम 'दंगाबाज' और 'धंधाबाज'

**हुगली।** पश्चिम बंगाल के हुगली में एक चुनावी रैली ममता बनर्जी ने हमला करते हुए बीजेपी को 'दंगाबाज' और 'धंधाबाज' का नाम दिया। ममता बनर्जी ने कहा विधानसभा चुनावों में मैं गोलकीपर रहूंगी और बीजेपी एक भी गोल नहीं कर पाएगी।

हुगली की रैली में बोलते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा, 'हर बार बीजेपी कहती है कि तृणमूल कांग्रेस 'टोलाबाज' है लेकिन मैं कहती हूं कि बीजेपी 'दंगाबाज और धंधाबाज' है। नरेंद्र मोदी देश में सबसे बड़े 'दंगाबाज' हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'विधानसभा चुनावों में मैं गोलकीपर रहूंगी और बीजेपी एक भी गोल नहीं कर पाएगी।'

**'बंगाल पर गुजरात का शासन नहीं'**

हमलावर रुख अपनाते हुए ममता बनर्जी रैली में बोलीं, 'बंगाल पर बंगाल का शासन होगा। गुजरात का बंगाल पर शासन नहीं होगा। मोदी का बंगाल पर शासन नहीं होगा। गुंडे बंगाल पर शासन नहीं करेंगे।'

**'ट्रंप से भी खराब मोदी की किस्मत'**

पीएम नरेंद्र मोदी पर तीखा वार करते हुए ममता बनर्जी ने उनकी तुलना अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से की। ममता ने कहा कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से भी खराब किस्मत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इंतजार कर रही है।

ममता ने टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी की पत्नी से सीबीआई की पूछताछ का जिक्र करते हुए उसकी आलोचना की। ममता बनर्जी बोलीं, 'अभिषेक बनर्जी की पत्नी से सीबीआई ने जो पूछताछ की है वह हमारी महिलाओं का अपमान है।' कोयला स्कैम मामले में सीबीआई ने मंगलवार को रुजिरा नरूला से पूछताछ की थी।

**क्रिकेटर मनोज तिवारी टीएमसी में**

बुधवार को ही भारतीय क्रिकेट टीम के क्रिकेटर मनोज तिवारी हुगली के सहारगंज में सीएम ममता बनर्जी की रैली में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए। मनोज तिवारी के राजनीति पारी शुरू करने के काफी समय से कयास लगाए जा रहे थे।

**हावड़ा सीट से लड़ सकते हैं चुनाव**

ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि मनोज तिवारी को विधानसभा चुनाव में उन्हें हावड़ा सीट से टिकट दिया जा सकता है। 35 साल के मनोज तिवारी का जन्म हावड़ा में ही हुआ था। 2008 में उन्होंने टीम इंडिया के लिए डेब्यू किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति कोविंद ने किया मोटेरा स्टेडियम का उद्घाटन

अहमदाबाद। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बुधवार को यहां विश्व के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम मोटेरा का उद्घाटन किया। इस स्टेडियम का नाम नरेंद्र मोदी स्टेडियम रखा गया है। दो दिवसीय इस दौरे पर राष्ट्रपति कोविंद ने सरदार वल्लभ भाई पटेल स्पोर्ट्स एन्क्लैव का भी भूमि पूजन किया। उद्घाटन समारोह में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, खेल मंत्री किरेन रिजिजू और उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल भी उपस्थित थे। इस स्टेडियम में पहला मुकाबला भारत और इंग्लैंड के बीच होगा।

विस्तृत पेज 11 पर

### अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोट रही है भाजपा सरकार: अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा पर अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंटने और लोगों को डराकर राजनीति करने का आरोप लगाया। विवादास्पद वेब सीरीज तांडव में हिंदू देवी-देवताओं के कथित आपत्तिजनक चित्रण के मामले में अमेजॉन प्राइम वीडियोज इंडिया ओरिजिनल्स की प्रमुख अपर्णा पुरोहित के हजरतगंज कोतवाली में अपना बयान दर्ज करने के बाद अखिलेश ने बुधवार को ट्वीट किया। उन्होंने कहा आज जिस प्रकार भाजपा सरकार अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंट रही है, यह दिखता है कि लोगों को डराकर राजनीति करनेवाली भाजपा खुद डरी हुई है। उन्होंने अपर्णा पुरोहित की तस्वीर भी टैग करते हुए ट्वीट में कहा चाहे एक ट्वीट पर गिरफ़्तारी की बात हो या फिर मनोरंजन के नाम पर बनी कोई वेबसीरीज, महिलाओं को कमजोर समझकर भाजपा उन पर मुकदमे ठोक रही है।

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला हिन्दू महिला पिता के परिवार को दे सकती है अपनी संपत्ति

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में व्यवस्था दी है कि हिन्दू महिला के पिता की ओर से आए लोगों को उसकी संपत्ति में उत्तराधिकारी माना जा सकता है। ऐसे परिजनों को परिवार से बाहर का व्यक्ति नहीं माना जा सकता, हिन्दू उत्तराधिकार कानून की धारा 15.1.डी के दायरे में आएंगे और संपत्ति के उत्तराधिकारी होंगे। फैसले में शीर्ष अदालत ने कहा कि महिला के पिता की ओर से आए परिजन हिन्दू उत्तराधिकार कानून, 1956 की धारा 15.1.डी के तहत उत्तराधिकारियों के दायरे में आएंगे। जस्टिस अशोक भूषण की पीठ ने कहा कि धारा 13.1.डी को पढ़ने से साफ जाहिर है कि पिता के उत्तराधिकारियों को उत्तराधिकारी माना गया है, जो संपत्ति को ले सकते हैं। लेकिन, जब महिला के पिता की ओर से आए उत्तराधिकारियों को शामिल किया जाता है, जो संपत्ति को हासिल कर सकते हैं तो ऐसे में यह नहीं कहा जा सकता है कि वे परिवार के लिए अजनबी हैं और महिला के परिवार के सदस्य नहीं हैं।

## प्रियंका की रैली में उठी राजस्थान की लड़की को न्याय दिलाने की मांग




**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में मथुरा जनपद के पालीखेड़ा गांव में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा की सभा में उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब उनका संबोधन शुरू होने के कुछ ही मिनटों बाद मंच के समक्ष करीब दर्जनभर लोगों ने तख्तियां दिखाते हुए राजस्थान की एक लड़की को राजस्थान सरकार से न्याय दिलाने की मांग करनी शुरू कर दी। इस पर जब सुरक्षाकर्मियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मांग कर रहे लोगों को शांत करने के लिए आगे बढ़े, तो प्रियंका गांधी ने खुद मंच से ही उन्हें रोक दिया और खुद तत्काल माइक छोड़कर नीचे आ गईं। फिर हाथों में तख्तियां थामे लड़कों एवं कुछ लड़कियों ने कांग्रेस नेता के सामने अपनी समस्या रखी।

इस पर गांधी ने उसी समय राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से वार्ता कर मामले की जानकारी ली और उक्त लड़की को न्याय दिलाने को कहा। कांग्रेस नेता ने न्याय की मांग कर रहे पीड़िता के परिजन से बात की और उन्हें मदद का आश्वासन दिया। इसके बाद मामला शांत हो गया और कांग्रेस नेता संबोधित करने वापस मंच पर गईं। इसके बाद, राजस्थान के भरतपुर जिले के जुरहरा थाना क्षेत्र में पिछले वर्ष दर्ज दुष्कर्म मामले में राजस्थान पुलिस ने पीड़िता और उसके परिजनों को सुरक्षा मुहैया करवा दी है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पुलिस से इस संबंध में रिपोर्ट मंगवाकर कार्रवाई के लिये आवश्यक निर्देश दिये। भरतपुर पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र विश्नोई ने बताया कि पीड़िता के परिजनों को सुरक्षा मुहैया करवा दी गई है। परिजनों ने आरोप लगाया उन्हें डराया धमकाया जा रहा था इसलिये मंगलवार को सुरक्षा उपलब्ध करवाई गई है। जुरहरा थाना में दुष्कर्म का एक मामला पिछले वर्ष अप्रैल में दर्ज करवाया गया था।

## केरल में सीपीएम के 98 कार्यकर्ता बीजेपी में शामिल

**नई दिल्ली।** केरल में इसी साल विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। इससे ठीक पहले वाम दलों के कुल 98 नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी भाजपा का दामन थाम लिया। तिरुवनंतपुरम में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी की उपस्थिति में इन्होंने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा नेता वीवी राजेश ने खबर की पुष्टि की। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा में शामिल हुए नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के स्थानीय कार्यालय को बीजेपी कार्यालय बनाने की भी पेशकश की है। उन्होंने कहा, सीपीआई (एम) के 98 सदस्यों ने मुकुल प्रभाकरण के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी का स्वागत किया और वे सभी भाजपा में शामिल हो गए भाजपा नेता ने कहा, 'सीपीआई (एम) के कार्यकर्ता जिन्होंने भाजपा की सदस्यता ली है, उन्होंने लेफ्ट की पार्टी कार्यालय की भी पेशकश की है। हम आने वाले दिनों में सीपीआई (एम) के स्थानीय कार्यालय को बीजेपी कार्यालय में बदलने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 4 मार्च को पार्टी की 'विजय यात्रा' के समापन समारोह में भाग लेंगे।

### कांग्रेस ने बिहार में की शराब की दुकानें खुलवाने की बात

## कांग्रेस ही जाने कि कैसे कैसे लोग उसके सदस्य हैं:नीतीश



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आरोप लगाया कि प्रदेश में शराब की दुकान खुलवाने की बात करने वाले कांग्रेस के लोग पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के समय अपने को मादक पेय एवं नशीले पदार्थों से दूर रखने का वचन देते हैं। बिहार विधानमंडल के बजट सत्र में राज्यपाल फागू चौहान के अभिभाषण पर चर्चा के बाद सरकार की ओर से जवाब देते हुए नीतीश ने कहा कि प्रदेश में शराब की दुकान खुलवाने की बात करने वाले कांग्रेस के लोग पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के समय अपने को मादक पेय एवं नशीले पदार्थों से दूर रखने का वचन देते हैं। उन्होंने कहा कि बापू के विचारों के खिलाफ बोल रहे ये लोग यह भूल गए हैं कि सदन द्वारा सर्वसम्मति से पारित किए जाने के बाद एक अप्रैल 2016 से प्रदेश में शराबबंदी लागू की गयी और आज उसके विरोध में बोल रहे हैं। नीतीश ने कहा कि कांग्रेस में सदस्यता ग्रहण के समय सदस्यता फार्म पर हस्ताक्षर कर वे वचन देते कि वे अपने को मादक पेय एवं नशीले पदार्थों से दूर रखते हैं। ऐसे में कांग्रेस ही जाने कि उसके कैसे कैसे लोग सदस्य बने हैं।

## पतंजलि ने कोरोनिल को प्रमाणित करने के मामले में कहा, मंत्री हर्षवर्धन ने नहीं किया समर्थन

**नई दिल्ली।** वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ने में इम्यूनिटी बढ़ाने का दावा करने वाली पतंजलि की दवा कोरोनिल को लेकर एक बार फिर देश में विवाद पैदा हो गया है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने कोरोनिल का समर्थन करने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन को आड़े हाथ लिया है। विवाद बढ़ता देख पंतजलि ने बुधवार को सफाई दी है। कोरोनिल पर आईएमए की आपत्ति के बाद पंतजलि रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट के महासचिव आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि डब्ल्यूएचओ-जीएमपी के अनुसार कोरोनिल को सीओपीपी लाइसेंस से सम्मानित किया गया। उन्होंने आगे कहा कि डॉक्टर हर्षवर्धन ने किसी भी आयुर्वेदिक दवा का समर्थन नहीं किया है। योग गुरु बाबा रामदेव ने 19 फरवरी को कोरोना की दवा के तौर पर कोरोनिल को लॉन्च किया था। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन और नितिन गडकरी भी मौजूद रहे। इस दौरान कोरोना की फर्स्ट एविडेंस बेस्ड मेडिसिन पर साइंटिफिक रिसर्च पेपर पेश किया गया था। कार्यक्रम में बाबा रामदेव ने दावा किया था कि आयुर्वेदिक दवा विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) सर्टिफाइड है। उन्होंने कोरोनिल को कोरोना के इलाज के लिए बेहतर दवा होने का दावा किया था। उन्होंने बताया था कि इसके क्लिनिकल ट्रायल भी किए गए हैं।

## इस बार आह्वान संसद घेरने का होगा, चार नहीं चालीस लाख ट्रैक्टर आएंगे: राकेश

**सीकर।** किसान नेता राकेश टिकैत ने मंगलवार को कहा कि अगर केंद्र सरकार ने कृषि कानूनों को वापस नहीं लिया तो इस बार आह्वान संसद घेरने का होगा और वहां चार लाख नहीं चालीस लाख ट्रैक्टर जाएंगे। इसके साथ ही उन्होंने किसानों से तैयार रहने को कहा क्योंकि कभी भी दिल्ली जाने का आह्वान हो सकता है। टिकैत मंगलवार को राजस्थान के सीकर में संयुक्त किसान मोर्चा की किसान महापंचायत को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कान खुल कर सुन ले दिल्ली, ये किसान भी वही हैं और ट्रैक्टर भी वही होंगे। लेकिन अबकी बार आह्वान संसद का होगा। कहकर जाएंगे संसद पर। इस बार चार लाख नहीं चालीस लाख ट्रैक्टर जाएंगे। उन्होंने कहा कि किसान इंडिया गेट के पास के पार्कों में जुताई करेगा और फसल भी उगाएगा। इसके अलावा राकेश टिकैत ने कहा कि संसद को घेरने के लिए तारीख संयुक्त मोर्चा तय करेगा।

किसान नेता ने कहा कि 26 जनवरी की घटना के मामले में देश के किसानों को बदनाम करने की साजिश की गई... देश के किसानों को तिरंगे से प्यार है, लेकिन इस देश के नेताओं को नहीं। टिकैत ने कहा कि सरकार को किसानों की तरफ से खुली चुनौती है कि सरकार ने तीनों कृषि कानून वापस नहीं लिए और एमएसपी लागू नहीं की तो बड़ी-बड़ी कंपनियों के गोदाम को ध्वस्त करने का काम भी देश का किसान करेगा।

राकेश टिकैत ने आगे कहा कि इसके लिए भी संयुक्त मोर्चा जल्द तारीख बताएगा। महापंचायत को स्वराज आंदोलन के नेता योगेंद्र यादव, अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमराराम, किसान यूनियन के राष्ट्रीय महामंत्री चौधरी युद्धवीर सिंह सहित कई किसान नेताओं ने भी संबोधित किया। इससे पहले टिकैत ने चूरू जिले के सरदारशहर में भी किसानों की सभा को संबोधित किया।



सिसली में एक ज्वालामुखी से निकले लावे के कारण आकाश में चंद्रमा भी एक समय के लिए छिप सा गया।

## चालाक चीन कब चालबाजी दिखा दे, भारत को हमेशा सतर्क रहना होगा: विशेषज्ञ



**नई दिल्ली।** भारत और चीन के बीच भले ही लद्दाख में पैंगोंग इलाकों से डिसइंगेजमेंट की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, मगर चालाक चीन कब चालबाजी दिखा दे, इसके लिए भारत को हमेशा सतर्क रहना होगा। भारत-चीन मामलों से जुड़े लोगों ने कहा कि पैंगोंग इलाकों से दोनों सेनाओं का पीछे हटना महज एक प्रक्रिया की शुरूआत है, चीन को द्वीपक्षीय संबंधों को पूरी तरह से सामान्य स्थिति में बहाल करने के लिए अभी और अधिक प्रयास करने की जरूरत है।

नाम न जाहिर होने देने की शर्त पर इस मामले से जुड़े लोगों ने कहा कि सीमा पर तनाव को कम करने के लिए द्विपक्षीय या फिर बहुपक्षीय स्तर पर चीन का अगला कदम क्या होगा, इसे बारीकी से देखा जाएगा। मामले से जुड़े लोगों में से एक ने कहा कि ट्रेन पटरी से उतर गई थी। हमने इसे वापस पटरियों पर लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब देखने वाली बात होगी कि आखिर चीजें कहां तक जाती हैं।

मामले से जुड़े लोगों ने पैंगोंग झील के उत्तरी और दक्षिणी तट पर से भारतीय और चीनी सेना की हालिया वापसी (डिसइंगेजमेंट) को एक अच्छी शुरूआत' बताया, लेकिन आगाह किया कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर कई अन्य टकराव के अन्य बिंदुओं पर विवाद को हल करने के लिए और अधिक किए जाने की आवश्यकता है।

एक अधिकारी ने कहा कि भारत और चीन के बीच में बहुत सी चीजें गलत हो गई हैं और चीजों को सही करने का काम अब शुरू हो गया है। आगे बढ़ने की बात करने से पहले हमें चीजों को वापस ट्रैक पर लाना होगा। बता दें कि पैंगोंग झील में डिसइंगेजमेंट के पूरा होने के बाद 20 फरवरी को भारत और चीन के वरिष्ठ सैन्य कमांडरों के बीच 10वें दौर की वार्ता आयोजित हुई थी, जिसमें टकराव के अन्य बिंदु जैसे गोगरा, हॉट स्प्रिंग्स और डेपसांग इलाकों से सेना को पीछे हटने के मुद्दे पर बातचीत हुई थी, मगर अब तक इस दिशा में कोई सफलता हाथ नहीं लग पाई है।


## प्रकाश जावड़ेकर ने यूएनएससी में संस्कृत में किया शांति पाठ जलवायु परिवर्तन पर रखा भारत का पक्ष



**नई दिल्ली।** केंद्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में जलवायु परिवर्तन पर बहस के दौरान पहली बार संस्कृत में संबोधन दिया। जावड़ेकर ने अन्य वक्ताओं के साथ अपने बहस की शुरूआत शुक्ल यजुर्वेद के हिम से की। जावड़ेर ने अमपने संबेधन के दौरन जिस मंत्र का इस्तेमाल किया वह कुछ इस तरह है।

'ॐ द्यौः शान्तिरन्तरिक्षँ शान्तिः, पृथ्वी शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः।
वनस्पतयः शान्तिर्विश्वे देवाः शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः, सर्वं शान्तिः, शान्तिरेव शान्तिः, सा मा शान्तिरेधि॥
ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः॥

यजुर्वेद के इस शांति पाठ मंत्र में सृष्टि के समस्त तत्वों व कारकों से शांति बनाये रखने की प्रार्थना करता है। इसमें यह गया है कि द्युलोक में शांति हो, अंतरिक्ष में शांति हो, पृथ्वी पर शांति हों, जल में शांति हो, औषध में शांति हो, वनस्पतियों में शांति हो, विश्व में शांति हो, सभी देवतागणों में शांति हो, ब्रह्म में शांति हो, सब में शांति हो, चारों और शांति हो, शांति हो, शांति हो, शांति हो। जावड़ेकर ने कहा कि जलवायु परिवर्तन, संघर्ष और कमजोरी के बीच संबंध का आकलन करने के लिए व्यापक रूप से स्वीकार किए जाना वाली कोइ पद्धति नहीं है। उन्होंने कहा, 'जब यह डेटा उपलब्धता और प्रभाव माप की बात आती है कमजोरी और जलवायु प्रभाव अत्यधिक संदर्भ विशिष्ट हैं। उन्होंने कहा जलवायु एक्शन के विचार से जलवायु महत्वाकांक्षा के लक्ष्य को 2050 के बाद भी नहीं हटाना चाहिए। सभी दोशों को 2020 से पहले के अपने वादों को पूरा कर लेना चाहिए। जलवायु कार्रवाई के विचार देशों ने अपने पूर्व-2020 प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए जलवायु महत्वाकांक्षा लक्ष्य पद 2050 यह महत्वपूर्ण है हटो से समझ नहीं किया जाना चाहिए।



newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# महिलाओं के लिए कार्यस्थल सुरक्षित रखना नियोक्ता की नैतिक जिम्मेवारी : डॉ. राजुल आयोग सदस्य

» विजय गौड़ विशेष संवाददाता







नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग भारत सरकार की प्रमुख भागीदारी के साथ के आर मंगलम यूनिवर्सिटी के परिसर मे कानूनी जागरूकता अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के आर मंगलम एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी मे महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराध एवं कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न विषयो पर खुली चर्चा की गयी कि ऐसे अपराधों कैसे रोका जाये कार्यक्रम का आरम्भ ज्योति प्रज्वलित एवं सरस्वती वंदना से हुआ अपने स्वागत भाषण मे यूनिवर्सिटी की सम-उपकुलपति प्रोफेसर पुष्पलता त्रिपाठी ने महिलाओं से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने की अपील की इस अवसर पर देश के जाने माने साइबर तकनीक के एक्सपर्ट कर्नल सिंह भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी ( सेवा निवृत ) पूर्व निदेशक प्रवर्तन निदेशालय भारत सरकार ने साइबर अपराध पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए कहा कि साइबर अपराधी को पकड़ने के लिए पुलिस को नई तकनीक के साथ प्रशिक्षित किया गया है गृह मंत्रालय ने साइबर पोर्टल तैयार किया है जिसपर पीड़ित अथवा पीड़िता अपनी शिकायतऑनलाइन दर्ज कर सकते है प्रो0 प्रदीप कुलश्रेष्ठ, डीन स्कूल ऑफ लॉ, शारदा विश्वविद्यालय ने साइबर अपराध से सम्बद्ध कानूनी प्रावधान से सभी को अवगत कराया राजधानी की सुप्रसिद्ध सामाजिक संस्था भागीदारी जन सहयोग समिति के महासचिव विजय गौड़ ने कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन शोषण पुरुषकर्मियों के सोच की विकृति बताया उन्होंने कहा की साइबर अपराध की वे पीड़ित महिलाएं जो समाज के डर से शिकायत नहीं करती उनके इसी सोच का फायदा उठा कर अपराधी ब्लैक मेल करते है यदि अनजाने मे महिला साइबर अपराध की शिकार हो जाये तो घबराये नहीं अपितु अपने घर मे घटना को साझा करे और हिम्मत जुटाए कर तुरंत शिकायत दर्ज कराये न्यायाधीश अंकिता शर्मा सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण झझर ने प्राधिकरण की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाये अक्सर साइबर अपराध के मामले में अपराधी के खिलाफ शिकायत करने में देरी से लेने के निर्णय लेती है जिसके कारण भयंकर परिणाम का सामना करना पड़ता है उन्होंने बताया कि पीड़ित महिलाये प्राधिकरण मे भी आकर निशुल्क कानूनी सहायता ले सकती है और आवश्यकता पड़ने पर उन्हें वकील की व्यवस्था निशुल्क मिल सकती है ।

समारोह अध्यक्ष संजय उपाध्याय मदरलैंड वॉइस मीडिया के मुख्य सम्पादक ने अपराधों की रोक्थाम में संस्कारों की भूमिका बताते हुए कहा कि नियोक्ता का नैतिक दायित्व है कि संस्थान मे पारिवारिक वातावरण जैसा वातावरण दे लिंग भेदभाव भूलकर निष्पक्षता के साथ यौन शोषण करने वाले पुरुषो के प्रति कड़ी कार्रवाही करे ताकि महिला कर्मी कार्यस्थल पर सुरक्षित महसूस कर सके

अंत में मख्य अतिथि डॉ. राजुल बेन देसाई सदस्य राष्ट्रीय महिला आयोग ने आयोग की महिला अधिकारों के संरक्षण के प्रति जुटाए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए महिलाओं से कहा की यदि कही भी महिला पर अत्याचार हो तो हर दूसरी महिला उसके साथ खड़ी हो उसके न्याय के लिए कार्य स्थल पर महिलायों का यौन शोषण आयोग बिलकुल बर्दाश नहीं करेगा महिलायों के लिए कार्यस्थल सुरक्षित रखना नियोक्ता की नैतिक जिम्मेवारी है यदि आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार कार्यस्थल यौन उत्पीड़न रोकथाम अंतरंग समिति नियोक्ता ने गठित नहीं की तो ऐसी लाहपरवाही के लिए जवाबदेह है, डॉ राजुल ने स्पष्ट शब्दों मे कहा

कार्यक्रम का संयोजन संयुक्त रूप से डॉक्टर चंदर मोहन प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर एन एस एस, प्रोग्राम ऑफिसर विनोद कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर नीरजा कुमारी ने संयुक्त रूप से किया

# विश्व रिकॉर्ड बनाने हेतु शिरआसन लगातार एक घन्टे का रिकार्ड बनाया

» मदरलैंड संवाददाता



नई दिल्ली। स्वर्गिय रवीन्द्र सिंह मेमोरियल योग कार्यक्रम का आयोजनः एस एस ग्रुप आफ कंपनी धीरेन्द्र प्रताप सिंह (धीरू)द्वारा अपने भाई स्वर्गीय रवीन्द्र सिंह के याद गार में अपने आवास परिसर में जँहा पहले से ही श्री राम कथा का आयोजन चल रहा है आज एक योग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें योग गुरू वीरेन्द्र विक्रम सिंह अवकाश प्राप्त अधिकार भारतीय स्टेट बैंक के द्वारा योगिक क्रिया रबर नेती का एवं शिरआसन का प्रदर्शन किया गया। योग गुरु वीरेन्द्र ने एक मिनट में उन्नीस बार रबर नेती का प्रदर्शन किया तथा एक घंटे तक लगातार शिरासन का प्रदर्शन किया गया। इस कार्य क्रम के मुख्य अतिथि गोविन्द राम डी आई ओ एस बलरामपुर एवं विशिष्ट अतिथि कैप्टन जी पी तिवारी प्राचार्य एम पी पी इंटर कॉलेज बलरामपुर तथा कमाल अहमद डिप्टी स्पोर्ट आफीसर बलरामपुर थे इस अवसर पर पूर्व डी जीसी उमाशंकर सिंह,डी पी सिंह, निशांत सिंह, शैलू सिंह, अमरनाथ शुक्ला,गौरव मिश्रा, शिवम मिश्रा, अंकित त्रिपाठी, अनुरुध शुक्ल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# आरोपी लक्खा डंके की चोट पर रैली में आया

**नई दिल्ली।** राजधानी में 26 जनवरी को ट्रैक्टर रैली के दौरान हुई हिंसा के आरोपी और एक लाख रुपये के इनामी लक्खा सिधाना ने दो दिन पहले न सिर्फ वीडियो के जरिये पुलिस को खुलेआम चुनौती दी थी, बल्कि मंगलवार को पंजाब में आयोजित किसान महारैली के मंच पर भी देखा गया। सिधाना सफेद शर्ट पहने हुए भठिंडा की किसान रैली में मंच पर जाकर बैठ गया। दिल्ली पुलिस ने इसी महीने की शुरूआत में उसकी गिरफ्तारी के लिए एक लाख रुपए के इनाम की घोषणा की थी। सिधाना को लेकर जब दिल्ली पुलिस से पूछा गया तो जवाब यह था कि हम उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लेंगे। वह हमारे केस में वांटेड है। सबसे बड़ी बात यह है कि जिस समय लक्खा सिधाना किसानों की रैली में मौजूद था, उस समय उसकी गिरफ्तारी को लेकर रेड डालने वाली पुलिस टीम का कोई सदस्य दिखाई नहीं दिया, जबकि वह मंच पर करीब एक घंटे 45 मिनट तक मौजूद रहा। इसके बाद लोग उसे रैली स्थल से बाहर ले गए। इस दौरान उसने यह भी कहा कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस आंदोलन में शामिल हों। उसने कहा कि उसकी अपील पर हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों का शुक्रिया कहा। लक्खा ने कहा कि आने वाले दिनों में मैं किसान संगठनों से कहना चाहूंगा कि वो कोई बड़ा कार्यक्रम करें और पूरा पंजाब का यूथ उसमें शामिल हो। गैंगस्टर से एक्टिविस्ट बने लक्खा सिधाना ने पिछले सप्ताह सोशल मीडिया पर एक वीडियो में लोगों से बठिंडा जिले के मेहराज गांव में एक जनसभा में शामिल होने की अपील की थी। सिधाना के जनसभा में शामिल होने को लेकर काफी अटकलें थीं, क्योंकि वह 26 जनवरी को दिल्ली में हुई हिंसा के मामले में दिल्ली पुलिस द्वारा वॉन्टेड है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीटीसी बसों में सुरक्षित होगा महिलाओं का सफर

नई दिल्ली। दिल्ली की डीटीसी और क्लस्टर बसों में महिला यात्रियों को सुरक्षित सफर तय करने के लिए आईएसबीटी में कंट्रोल एंड कमांडिंग सेंटर बनाया गया है। यहां दिल्ली में करीब 5500 बसों का रियल टाइम डाटा उपलब्ध होगा। बसों में लगे सीसीटीवी फुटेज, लोकेशन और पैनिक बटन को इस कमांडिंग सेंटर से जोड़ा गया है। किसी भी यात्री, खास तौर पर महिला यात्री को अगर कोई समस्या है तो वो पैनिक बटन दबाते ही सेंटर को उस बस का अलर्ट मिलेगा, जिससे सेंटर में बैठे ऑपरेटर बस को लाइव देख सकते हैं। इस सिस्टम के बस से संपर्क किया जा सकता है, ताकि परेशान यात्री को समय पर मदद मिल सके।

दिल्ली के आईएसबीटी कश्मीरी की चौथी मंजिल पर बनाए गए इस सेंटर का उद्घाटन करने पहुंचे परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल ने बसों में सीसीटीवी, जीपीएस और पैनिक बटन लगाने का ऐतिहासिक फैसला किया था, जिन्हें अब कमांडिंग सेंटर से जोड़ा जा रहा है। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने दावा किया कि देश में ये अपनी तरह का पहला कमांडिंग सेंटर होगा जहां सारी बसों का रियल टाइम डेटा उपलब्ध होगा। गहलोत ने आगे बताया कि इस पूरे प्रोजेक्ट की लागत 150 करोड़ रुपये है। टीसीआईएल अगले 5 साल के लिए इसकी व्यवस्था और रखरखाव देखेगा।

### यूपीएससी के लिए 'ओवरएज' छात्रों को अतिरिक्त मौका देने की याचिका सुप्रीम कोर्ट से खारिज

नई दिल्ली। यूपीएससी 2020 की परीक्षा देने के अंतिम मौके से चूकने वाले छात्रों को झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को छात्रों की याचिका खारिज कर दी। दरअसल, यूपीएससी परीक्षा देने की जिन लोगों की उम्र सीमा पिछले साल अक्टूबर 2020 में खत्म हो गई थी, वह अंतिम प्रयास के समय को बढ़ाने की मांग लेकर सुप्रीम कोर्ट गए थे, लेकिन कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी है। इससे पहले, 05 फरवरी को केंद्र ने फाइनल अटेम्प्ट खो चुके उम्मीदवारों को एक अतिरिक्त मौका देने पर सहमति व्यक्त की थी, लेकिन इस शर्त के साथ कि उनकी आयु ऐज बार के भीतर ही हो। इसी मामले में छात्रों ने ऐज रिलेक्शेसन की भी मांग की थी जिसे आज सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया। अदालत ने यह माना कि परीक्षा की तैयारी के लिए सभी को पर्याप्त समय मिला है और यदि एक्स्ट्रा अटेम्प्ट के लिए ऐज रिलेक्शेसन दिया जाता है तो यह अन्य स्टूडेंट्स के साथ अन्याय होगा। इसके बाद आगे भी छात्र इस फैसले का हवाला देकर ऐज रिलेक्शन की मांग कर सकते हैं जिसका कोई अंत नहीं निकलेगा। 25 जनवरी को, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर जानकारी दी थी कि ऐसे उम्मीदवारों को एक अतिरिक्त मौका प्रदान नहीं किया जाएगा जिनके सभी अटेम्प्ट्स पूरे हो चुके हैं।

### रिटायर्ड आईएफएस अधिकारी ने गोली मारकर दी जान

नई दिल्ली। भारतीय विदेश सेवा आईएफएस के 81 वर्षीय एक रिटायर्ड अधिकारी ने दक्षिणी दिल्ली के डिफेंस कॉलोनी स्थित अपने घर में बुधवार सुबह कथित रूप से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि पूर्व आईएफएस अधिकारी रंजीत सेठी ने अपने सुसाइड नोट में लिखा है कि वह अब और जीना नहीं चाहते हैं। पुलिस को सुबह करीब साढ़े सात बजे सूचना मिली कि डिफेंस कॉलोनी में एक व्यक्ति ने खुद को गोली मार ली है। रंजीत सेठी के नौकर ने पीसीआर को कॉल करके बताया कि सेठी ने खुद को गोली मार ली है, फिलहाल वह जीवित हैं और उन्हें एक एम्बुलेंस की जरूरत है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अतुल कुमार ठाकुर ने बताया कि सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि सेठी ने अपने कमरे में कथित रूप से खुद को गोली मार ली है। उन्हें तत्काल मूलचंद अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

# वी वी के सिन्हा की समृति में किया गया श्याम बिहार कालोनी में चौराहे का नामकरण



» मदरलैंड संवाददाता

बलरामपुर । 23 फरवरी को जनपद के वरिष्ठ अधिवक्ता, वरिष्ठ पत्रकार रहे स्व. वी वी के सिन्हा की पुण्य समृति में श्याम बिहार कालोनी में चौराहे का नामकरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।स्व. वी वी के सिन्हा श्याम बिहार कालोनी के संस्थापक थे ।उनकी पुण्य स्मृति में चौराहे का नामकरण व शिलापट का अनावरण मुख्य अतिथि महंथ हनुमानगढ़ी महेन्द्रदास एवं भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह के द्वारा किया गया । कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष डॉ अजय सिंह, पिंकू, मीडिया प्रभारी भाजपा डी. पी. सिंह बैस,कृष्ण गोपाल,चेयरमैन प्रतिनिधि शाबान अली, शासकीय अधिवक्ता पवनशुक्ल,संदीपउपाध्याय,आलोक रंजन पांडेय,अश्विनी वर्मा, आशीष श्रीवास्तव, पोरस बहादुर, विवेकानंद सिंह, डॉ कय्यूम, डॉ शहंशाह, डॉ के बी तिवारी, राधिका प्रसाद, दिली, पंकज श्रीवास्त, उमंग श्रीवास्तव, अनुभव, शशांक श्रीवास्तव, अशोक श्रीवास्तव, कपिल मदान, राजेश श्रीवास्तव, इरशाद आलम, सभासद विनोद गिरी, राघवेंद्र कांत सिंह, राम प्यारे कश्यप, राधेश्याम मिश्रा, अम्बिकेश्वर मिश्र, राम अक्षयवर विश्वकर्मा, शत्रुजीत सिंह, धर्मेंद्र त्रिपाठी आदि गणमान्य बंधु व परिजन उपस्थित रहे ।

# एक मार्च से 60 साल से अधिक उम्र वालों को लगेगी कोरोना वैक्सीन




**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के एक बार फिर से बढ़ते मामलों के बीच टीकाकरण अभियान का अगला चरण एक मार्च से शुरू हो रहा है। इस चरण में 60 साल से अधिक उम्र के लोगों को कोरोना वैक्सीन लगाई जाएगी। इसके अलावा, जिन लोगों की उम्र 45 साल से अधिक होगी और उन्हें कोमॉर्बिडिटीज होगी, वे भी कोरोना टीका लगवा सकेंगे। इसके लिए सरकारी और प्राइवेट वैक्सीनेशन सेंटर बनाए जाएंगे। प्राइवेट सेंटर पर लोगों को पैसे खर्च करने पड़ेंगे, जबकि सरकारी सेंटर्स पर यह वैक्सीन मुफ्त में लगवाई जा सकेगी। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने बताया कि एक मार्च से होने वाला टीकाकरण दस हजार सरकारी और 20 हजार प्राइवेट सेंटरों पर हो सकेगा। सरकारी सेंटर्स पर वैक्सीन मुफ्त में लगेगी, जबकि प्राइवेट में पैसे देने पड़ेंगे। जावड़ेकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ह्यह्लजो लोग प्राइवेट अस्पताल में कोरोना की वैक्सीन लगवाना चाहेंगे, उन्हें पैसे खर्च करने पड़ेंगे। अस्पतालों और मैन्युफैक्चरर्स से बात करने के बाद आने वाले दो-तीन दिनों में प्राइवेट सेंटर पर लगने वाले पैसों के बारे में स्वास्थ्य मंत्रालय फैसला ले लेगा।ह्लह्ल इस बीच, केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि उनके अधिकांश सहयोगी (मंत्री) अपने टीकों का भुगतान करेंगे। कोरोना टीकाकरण की शुरूआत भारत में 16 जनवरी से हुई थी। तब से अब तक एक करोड़ बीस लाख से अधिक लोगों को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। सबसे पहले हेल्थकेयर वर्कर्स से शुरूआत हुई थी, जिसके बाद दो फरवरी से फ्रंटलाइन वर्कर्स को लगाई जाने लगी। सरकार ने 20 फरवरी तक समयसीमा तय की थी कि सभी हेल्थकेयर वर्कर्स को कोरोना वायरस वैक्सीन का पहला डोज लगा दिया जाए। अधिकारियों ने बताया कि आठ राज्य 75 फीसदी हेल्थकेयर वर्कर्स को वैक्सीन की पहली डोज दे चुके हैं। देश में पिछले कुछ दिनों में कोरोना वायरस के नए मामलों में तेजी देखी गई है। इस वजह से टीकाकरण की गति भी बढ़ाए जाने की चर्चा की जाने लगी है। केंद्र सरकार अगले चार से छह हफ्तों में वैक्सीनेशन की दर 5 लाख प्रति दिन ले जाने की योजना बना रही है। सरकार देश में 200 जगहों पर रोजाना किए जा रहे टीकाकरण की संख्या को दोगुना तक बढ़ा सकती है। वहीं, पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के कुल 13,742 मामले सामने आए हैं, जबकि इसी दौरान 14,037 लोग उपचार के बाद ठीक हुए। इससे उपचाराधीन मरीजों की संख्या में 399 मामलों की गिरावट आई है। पिछले एक सप्ताह में 12 राज्यों में रोजाना औसतन 100 से ज्यादा नए मामले आये।

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना के दो साल



**नई दिल्ली।** पीएम किसान सम्मान निधि योजना के दो साल पूरे होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्र की बीजेपी सरकार किसानों की आय को दोगुना करने के लिए कुछ भी करने को तैयार है। इस मौके पर एक के बाद एक कई ट्वीट कर पीएम ने लिखा पीएम किसान निधि की लॉन्चिंग को आज दो साल पूरे हो रहे हैं।

अन्नदाताओं के कल्याण को समर्पित इस योजना से करोड़ों किसान भाई-बहनों के जीवन में जो बदलाव आए हैं, उससे हमें उनके लिए और अधिक काम करने की प्रेरणा मिली है। उन्होंने दूसरे ट्वीट में लिखी अन्नदाताओं के जीवन को आसान बनाने और उनकी आय दोगुनी करने का जो संकल्प देश ने लिया है, उसमें पीएम किसान निधि की महत्वपूर्ण भूमिका है।

आज हमारे किसान आत्मनिर्भर भारत अभियान के भी अभिन्न अंग बन रहे हैं। एक और ट्वीट में पीएम ने लिखा, हमारी सरकार को एमएसपी में ऐतिहासिक वृद्धि की शुरूआत करने का सम्मान मिला। हम किसानों की आय दोगुना करने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं।

# एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मंत्र है चर्चा, तर्क-वितर्क और निर्णय लेना, न कि बाधा डालनाः नायडू

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने संसद और विधानमंडलों में महिलाओं के कम प्रतिनिधित्व को समाप्त करने की अपील की और आरक्षण देने के बारे में सभी राजनीतिक दलों से सर्वसम्मति बनाने का अनुरोध किया। शिक्षाविद्, समाज सुधारक और पूर्व एमएलए स्वर्गीय श्रीमती ईश्वरी बाई की याद में डाक टिकट को जारी करते हुए, उपराष्ट्रपति ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने आगे कहा, श्रीमती ईश्वरी बाई का राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्रों में योगदान वास्तव में प्रशंसा के योग्य है और जनता के मन पर गहरी छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की नेता के रूप में श्रीमती ईश्वरी बाई जनता की आवाज बन गई थीं। उन्होंने बच्चों, गैर-सरकारी संगठनों, शिक्षकों, खेतिहर मजदूरों और अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजातियों के कल्याण की लगातार वकालत की। नायडू ने कहा कि भले ही 17वीं लोकसभा में सबसे ज्यादा 78 महिला सदस्य हैं, लेकिन वे कुल संख्या का सिर्फ 14% हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकायों में महिलाओं के लिए आरक्षण ने देश में लाखों महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त बनाया है, उन्होंने कहा कि संसद और विधानमंडलों में महिलाओं के लिए आरक्षण लाने पर सभी राजनीतिक दलों को तत्काल ध्यान देने और सर्व सम्मति बनाने की जरूरत है।

# केंद्रीय मंत्री स्मृति बोलीं, जिस उत्तर भारत का कर रहे अपमान, सोनिया गांधी भी वहीं से सांसद

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के एक विवादित बयान को लेकर राजनीति गरमा गई है। राहुल के दक्षिण भारत और उत्तर भारत की तुलना करने वाले बयान पर भाजपा हमलावर हो गई है। अमेठी की सांसद और केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें एहसान फरामोश बताया है। स्मृति ईरानी ने कहा कि राहुल जिस उत्तर भारत पर सवाल खड़े कर रहे हैं, उन्हें याद रखना चाहिए कि सोनिया गांधी भी यहां से ही सांसद हैं। स्मृति ईरानी ने गांधी परिवार पर निशाना साधा। स्मृति ने कहा कि अगर उत्तर भारत के लोगों के प्रति हीन भावना है, तो ये उत्तर भारत में क्यों राजनीति कर रही हैं। प्रियंका वाड्रा ने अभी तक राहुल के बयान का खंडन क्यों नहीं किया। अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी ने कहा कि गांधी परिवार जब फिर से अमेठी लौटेगा, तो उन्हें इस बात का जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जिस उत्तर भारत का अपमान कर रहे हैं, वो भूल रहे हैं कि उसी इलाके से उनकी माता सोनिया गांधी भी सांसद हैं, ऐसे में राहुल गांधी ने जो बात कही, वो माफ करने लायक ही नहीं है। इससे पहले, स्मृति ने राहुल के बयान पर ट्वीट कर हमला बोला था।

### क्या है मामला

राहुल गांधी ने त्रिवेंद्रम में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा था कि मैं 15 साल तक उत्तर भारत में सांसद था। मुझे एक अलग तरह की राजनीति की आदत हो गई थी। मेरे लिए केरल आना बेहद नया था क्योंकि मुझे अचानक लगा कि यहां के लोग मुद्दों में दिलचस्पी रखते हैं और जमीनी तौर पर मुद्दों के विस्तार में जाने वाले है।

राहुल गांधी के इस बयान स्मृति ईरानी ने उन्हें आड़े हाथों लिया है। केंद्रीय मंत्री ने ट्वीट पर करके लिखा, एहसान फरामोश! इनके बारे में तो दुनिया कहती है- थोथा चना बाजे घना।

स्मृति ईरानी ने राहुल पर निशाना साधते हुए कहा कि यह अमेठी जनता का अपमान है। अमेठी की जनता मेरा परिवार है और मेरे परिवार का अपमान करके माफी से काम नहीं चलता। उन्होंने कहा कि जब गांधी परिवार अमेठी आएगा, तब उन्हें अमेठी की जनता अपने अपमान का करारा जवाब देगी।

# 1 मार्च से सरकारी अस्पतालों में होगा मुफ्त टीकाकरण, प्रायवेट में देना होगा पैसा

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के मामलों में फिर इजाफा होने के बीच कोरोना टीकाकरण अभियान का अगला चरण 1 मार्च से शुरू होगा। इसमें 60 साल से ज्यादा उम्र वालों को वैक्सीन दी जाएगी। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि इन लोगों की संख्या 10 करोड़ से ज्यादा है। जावड़ेकर ने बताया कि इस चरण में 10,000 सरकारी केंद्रों और 20 हजार से ज्यादा प्राइवेट केंद्रों पर टीकाकरण होगा। जावड़ेकर ने कहा कि सरकारी केंद्रों पर टीकाकरण मुफ्त में होगा। हालांकि निजी सेंटर्स/हॉस्पिटल्स में जाने पर वैक्सीन की कीमत चुकानी होगी। यह कीमत कितनी होगी, यह स्वास्थ्य मंत्रालय तय करके बताएगा। टीकाकरण के इस चरण में 45 साल से ऊपर उम्र वाले उन लोग भी शामिल किया जाएगा जिन्हें को-मॉर्बिडिटीज हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा सरकारी अस्पतालों में टीका मुफ्त लगेगा और प्राइवेट में वैक्सीन लेने वालों को कुछ शुल्क देना होगा। वहां शुल्क कितना होगा, स्वास्थ्य विभाग दो-तीन दिन में उसके बारे में घोषणा करेगा। अभी सभी संबंधित उत्पादकों, अस्पतालों से चर्चा की जाएगी।

भारत में 60 साल से ज्यादा उम्र वालों और को-मॉर्बिडिटीज से जूझ रहे लोगों को वैक्सीन के लिए सेल्फ रजिस्टर करने की अनुमति मिल सकती है। ये लोग उस जगह का चुनाव कर पाएंगे जहां इन्हें टीका लगवाना है। इसके लिए मोबाइल एप में बदलाव किए हैं।

# धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरु' ने श्रीराम मंदिर निर्माण हेतु समर्पित की धनराशि

» मदरलैंड संवाददाता



बलरामपुर । मानस सेवा समिति के तत्वावधान में चल रहे श्रीराम कथा के सातवें दिन श्रीराम विवाह प्रसंग का वर्णन संत सर्वेश महाराज के द्वारा किया गया । इस अवसर पर जहाँ श्रोताओं ने श्रीराम, सीता लक्ष्मण की अनुपम झांकी का आनंद लिया वही दूसरी तरफ एस एसएससी ग्रुप के एमडी धीरेन्द्र प्रताप सिंह ह्यधीरुह्ल द्वारा श्रीराम मंदिर निधि समर्पण अभियान के तहत कथा में आये सभी श्रोताओं की तरफ से 65 हजार रुपए से अधिक की धनराशि प्रांत मुख्य मार्ग प्रमुख गंगा सिंह, जिला प्रचारक अनिल व जिला कार्यवाह किरीट मणि की उपस्थिति में प्रांत प्रचारक कौशल किशोर को समर्पित की ।

इससे पहले भी एसएससी ग्रुप के एमडी धीरेन्द्र प्रताप सिंह ह्यधीरुह्ल व मित्रों द्वारा 8 लाख से अधिक की धनराशि का समर्पण किया जा चुका है। कथा में आये श्रोताओं के लिए प्रतिदिन भोजन प्रसाद का प्रबंध भी धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरु' द्वारा किया जा रहा है।

श्रीराम विवाह कथा के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में देवीपाटन मंदिर महंत मिथिलेश नाथ योगी भी सम्मिलित हुये जिनको श्रीराम दरबार व अंगवस्त्र प्रदान कर धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरु' ने सम्मानित किया । कथा की पूणार्हुति एवं भंडारा 24 फरवरी को किया जायेगा । इस अवसर पर भाजपा मीडिया प्रभारी डी पी सिंह 'बैस', अमरनाथ शुक्ला, अनिरुद्ध शुक्ला, शिवम मिश्रा, शुभेंद्र गौरव, संदीप उपाध्याय, शैलेंद्र, आशीष, अंकित त्रिपाठी सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे ।

# त्यौहारों एवं शोभायात्राओं के दौरान नागरिक सुरक्षा संगठन का सहयोग लिया जायेंगा : नगर पुलिस अधीक्षक

» मदरलैंड संवाददाता




सहारनपुर। पुलिस अधीक्षक नगर विनित भटनागर ने शहर के सभी थाना प्रभारी निरीक्षकों एवं थानाध्यक्षों को निर्देश दिए है कि आगमी दिनों में त्यौहारों एवं शोभायात्राओं के दौरान नगर में शांति व्यवस्था एवं सुरक्षा में सहयोग करने के लिए नगरिक सुरक्षा के पदाधिकारियों का सहयोग लिया जाए। उन्होंने नागरिक सुरक्षा संगठन के के पदाधिकारियों को आह्वान किया है कि वे निःस्वार्थ भाव से पुलिस प्रशासन को आगामी सन्त रविदास जयन्ती के अवसर पर निकलने वाली शोभा यात्राओं के दौरान नागरिक सुरक्षा के पदाधिकारी अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेगे। विनीत भटनागर आज यहां कलेक्ट्रेट स्थित नागरिक सुरक्षा संगठन कार्याल्य में चीफ वार्डन राजेश कुमार जैन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को सम्बोधिंत कर रहे थे। उन्होंने समस्त थाना एंव चौकी प्रभारियों को निर्देशित किया कि आप अपने स्तर से नागरिक सुरक्षा कोर के पदाधिकारियों को पूर्ण सम्मान दे और शान्ति व्यवस्था आदि में उनका पूर्ण सहयोग ले। बैठक में अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर, थाना मण्डी, थाना कुतुबशेर, थाना सदर, थाना जनकपुरी, थाना देहात कोतवाली सहित नगर की विभिनन चौकीयों के प्रभारी के साथ-साथ अनिल शर्मा नदीम अख्तर , डॉ हंसराज सैनी, डॉ राजवीर सिंह वर्मा, दीपक गुप्ता, नवीन सैनी, जयदीप जैन, नीना शर्मा, दीपक कुमार सिंह ,डॉ जगजीवन सिंह राठौर मनोज चौधरी शहिद परवेज जी सी पाण्डेय , ऋषभ अग्रवाल, अरूण सूरी, अमित जैन, मौ आरिफ सुशील काम्बोज आदि अन्य वार्डन उपस्थित रहे।

# संगीन धाराओं और महिलाओं के प्रति अपराधों की अवश्यक पैरवी जरूरीः अपर जिलाधिकारी

» मदरलैंड संवाददाता



सहारनपुर। अपर जिलाधिकारी प्रशासन एस बी सिंह ने अभियोजन अधिकारियों एवं शासकीय अधिवक्ताओं को निर्देश दिए कि कोई भी अपराधी जेल से आसानी से न निकल पायें। उन्होंने कहा कि संगीन धाराओं के अपराधों और महिलाओं के प्रति अपराधों की पैरवी में कोई कसर बाकी न रखें। उन्होंने कहा कि संगीन धाराओं में किसी भी अपराधी की जिला स्तर पर बेल प्रार्थना पत्र का पुरजोर विरोध करें। उन्होंने कहा कि गवाह के पक्षद्रोही होने पर उसके विरूद्ध भी सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में सरकारी गवाह उपस्थित नहीं हो रहे है उनकी सूची तत्काल उपलब्ध कराई जाए। एस बी सिंह यहां कलेक्ट्रेट सभागार में अभियोजन अधिकारियों के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वादों के निस्तारण में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि अपराधियों के विरूद्ध मुकदमों में किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि संगीन धाराओं में लम्बित मुकदमों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराए। उन्होंने कहा कि समय से गवाह पेश करने के साथ ही पैरवी में कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस के स्तर पर जो भी मदद चाहिए समय रहते अवगत कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह भी प्रयास होना चाहिए कि एक ही दिन में उपलब्ध सभी गवाहों की गवाही पूरी कराई जाए। इस अवसर पर एस पी सिटी विनीत भटनागर, शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सतीश कुमार सैनी, सिविल उमेश कुमार त्यागी सहित सभी सहायक शासकीय अधिवक्ता व अभियोजन अधिकारी मौजूद थे।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए प्रभारी और सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त

» अंजुम सिद्दीकी

सहारनपुर। जिलाधिकारी अखिलेश सिंह ने त्रिस्तरीय पंचायत समान्य निर्वाचन-2021 को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जनपद स्तरीय अधिकारियों को प्रभारी अधिकारी, सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। जिलाधिकारी अखिलेश सिंह यहां कलेक्ट्रेट सभागार में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2021 की तैयारियों की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए। उन्होने कहा कि अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनोद कुमार मोबाईल नम्बर 9454417646 को उप जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत के रूप में निर्वाचन से संबंधित समस्त व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। समस्त प्रभारी अधिकारियों से सम्पर्क बनाये रखना तथा निर्वाचन कार्य के संबंध में कोई कठिनाई हो तो उसक समाधान करना, समस्त प्रभारी अधिकारियों को उनकी मांग के अनुसार आयोग द्वारा नियत मानकों को ध्यान में रखते हुए सामग्री आदि की आपूर्ति की व्यवस्था कराना, आर ओ , ए आर ओ, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों की नियुक्ति कराना और आयोग एवं जिला मजिस्टेट के निदेर्शानुसार सौंपे गये समस्त कार्य में इनके साथ सहायक प्रभारी मनोज कुमार सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत मोबाईल नम्बर 9837418789 को नियुक्त किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवाओं को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर काम करने का सुनहरा मौकाः नीलू दीवान

मदरलैंड संवाददाता , अलीगढ़ । द रॉयल क्राफ्ट मैन स्पर्श के बैनर तले युवाओं में छुपी प्रतिभाओं को खोजने के लिये अलीगढ़ में पहली बार धमाकेदार डांसिगं सिगिंग और मॉडलिगं का आयोजन लॉ कैफ सेंटर प्वांइट पर किया जा रहा है । उक्त जानकारी कार्यक्रम की आयोजक नीलू दीवान ने पत्रकारों से रूबरू होते हुये दी । नीलू दीवान ने बताया कि डांसिंग और सिगिंग एवं मॉडलिगं में रूचि रखने वाले युवाओं के लिये सुनहरा मौका है । कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिये बड़े स्तर का इवेंट पहलीबार अलीगढ़ में 27 औश्र 28 फरवरी को होने जा रहा है । वहीं सफल प्रतिभागियों को बड़ी धनराशि के साथ-साथ सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर काम करने का मौका दिया जाएगा । उन्होंने बताया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले युवा मेल और फीमेल जो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपनी प्रतिभा दिखाते हैं,परन्तु उनको कहीं प्लेटफार्म नहीं मिल पाता है । हम ऐसे ही युवाओं की प्रतिभा को अपने बैनर तले निखारने का काम करेगें,और उन्हें यूट्यूब और बेब सीरीज में काम देगें जिससे कि कोई भी युवा बेराजगार ना रह सके और वह काम करके एक अच्छी इनकम करके अपने सपने को साकार कर सके । उन्होंनें बताया कि इसके साथ ही प्रतिभाग करने वाले युवाओं को एक बड़ी धनराशि देकर सम्मूनित किया जाएगा । इस मौके पर कुशाग्र दीक्षित, शिवाशीश,प्रगति चैहान, अर्चना फौजदार, आर जे ज्योति,जाकिर शोख, घनक मीडिया,राजा राणा आदि भाग लेगें ।

### ई- पॉश मशीन की खराबी पर लेनी होगी राशन वितरण की अनुमति

मदरलैंड संवाददाता , अलीगढ़ । ई- पॉश मशीनों में तकनीकी खराबी की वजह से अनाज का मैनुअल तरीके से वितरण करने के लिए डीएम से अनुमति लेनी होगी ।अभी तक जिलापूर्ति अधिकारी अपने स्तर से इसका फैसला ले रहे थे । इस व्यवस्था को बदलने के साथ ही यह भी अनिवार्यता कर दी गई है कि जहां भी वितरण की व्यवस्था में परिवर्तन करना पड़े उसकी रिपोर्ट दो दिन में मुख्यालय को भेजनी होगी । खाद्य आयुक्त मनीष चैहान ने इस संदर्भ में सभी जिला पूर्ति अधिकारीयों को पत्र भेजा है ।इसमें कहा गया है कि ई- पॉज से संबंधित तकनीकी समस्याएं जिनका तत्काल निस्तारण संभव नहीं हो पा रहा हो और अंतिम विकल्प के रूप में मैनुअल वितरण द्वारा राशन कार्ड धारकों को राशन वितरित किया जाना औचित्यपूर्ण है । मैनुअल वितरण किए जाने का निर्णय संबंधित जिला अधिकारी के लिखित आदेश के बाद ही मान्य होगा । यह भी कहा है की इस कवायद की सूचना मुख्यालय को देते हुए एवं मैनुअल वितरण की संपूर्ण सूचना संघ निर्धारित प्रारूप पर जिलाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध कराई जाएगी । खाद आयुक्त ने बताया कि प्रदेश में एसपीएस ऑटोमेशन लागू है, जिसके अंतर्गत प्रदेश में 99प्रतिशत से अधिक खाघान्न वितरण ई-पॉश मशीनों द्वारा हो रहा है । परंतु विशेष परिस्थितियों में कुछ उचित दर दुकानों पर मैनुअल वितरण कराया जाना पड़ता है ।

### स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जन अभियान के अंतर्गत बांटे गए सेनेटरी पैड



मदरलैंड संवाददाता, मुजफ्फरनगर । बघरा क्षेत्र के गांव मुरादपुरा में प्रतिष्ठा युवा संगठन की सदस्य कु प्रिया सैनी ने अपनी टीम के साथ गांव की महिलाओं एवं युवतियों को निःशुल्क सैनेट्री पैड वितरित किए । उन्होंने उपस्थित महिलाओं एवं युवतियों को बताया कि प्रतिष्ठा कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के साथ मिलकर स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के अंतर्गत जन अभियान चलाना है । जिसके अंतर्गत गांव में महिलाओं का सशक्तिकरण कैसे हो । सिर्फ आर्थिक दृष्टि से ही नहीं बल्कि स्वास्थ्य की दृष्टि से भी सशक्त हो और अपने स्वास्थ्य की उचित देखभाल कर सकें । इसी दिशा में 40 से अधिक सैनेट्री पैड वितरित किए गए और स्वास्थ्य जानकारी भी महिलाओं तथा किशोरियों को दी गई । इस कार्यक्रम में गांव मुरादपुरा कि आशा दीदी संगीता देवी एवं आंगनबाड़ी सहायिका प्रमी देवी का विशेष योगदान रहा । कार्यक्रम में सहयोग अंशुल रानी , सांची , तानिया , सृष्टि आदि का रहा ।

### थाने का टॉप-10 व शातिर गौ-तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध शस्त्र मय कारतूस के बरामद

मदरलैंड संवाददाता , मुजफ्फरनगर । थाना बुढ़ाना पुलिस द्वारा थाना बुढ़ाना के टॉपझ्र10 व शातिर गौ-तस्कर अभियुक्त को दौराने पुलिस कार्यवाही टान्डा माजरा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है, गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से अवैध शस्त्र मय कारतूस के बरामद किया गया है कगिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता 1- भूरा पुत्र यामीन निवासी ग्राम रसुलपुर दभेडी थाना बुढाना जनपद मु0नगर कबरामदगी 1- 01 तमचा मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर नोट* गिरफ्तार अभियुक्त भूरा उपरोक्त थाना बुढ़ाना का टॉप-10 अपराधी है ।

# 7.76 लाख वारिसान की वरासत में 10298 विवादित प्रकरणों में वरासत दर्ज

» मदरलैंड संवाददाता

सहारनपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर विवादित भूमि के विधिक उत्तराधिकारियों के नाम वरासत दर्ज करने के लिए 28 फरवरी, 2021 तक चलाये गए विशेष अभियान के अंतर्गत प्रदेश में अबतक 8,08,624 आनलाइन आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। जिनमें से में 7,75,877 आवेदन पत्र निस्तारित किये गये है। सहारनपुर जनपद में अविवादित 10298 प्रकरणों में वरासत दर्ज की गई है। किसान की जमीन, किसान का अधिकार, सबको मिले अपना उत्तराधिकार का नारा देते हुए मुख्यमंत्री ने पूरे प्रदेश के राजस्व ग्रामों में यह अभियान चलाया है। इस वरासत अभियान के तहत गाँवो में उत्तराधिकार को लेकर जमीनों के विवाद खत्म हो रहें है। इस अभियान के तहत लोगों को वरासत दर्ज कराने के लिए आनलाइन व आफलाइन दोनों तरह की समयबद्ध सुविधायें प्रदान की गई है। प्रदेश में राजस्व संहिता के अन्तर्गत किसान की मृत्यु होने पर आश्रितों को वरासत के लिए प्रमाण सहित राजस्व संहिता की धारा 33(1) के अन्तर्गत आर सी प्रपत्र 9 पर नलाइनआफलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन पत्र सम्बंन्धित क्षेत्र के लेखपाल के पास जाता है जिसे लेकर वह सम्बन्धित गाँवो में जाकर स्थलीय सत्यापन करते है। वरासत के अविवादित विधिक उत्तराधिकारी को राजस्व विभाग द्वारा वरासत दर्ज कर किसानों को बड़ी राहत दी जा रही है। सरकार द्वारा चलाये गये इस अभियान से परिवारों व ग्रामों में विवाद खत्म हो रहे है। जब वास्तविक विधिक उत्तराधिकारी के नाम वरासत दर्ज हो जाती है तो गावों व खेत के पडोसियों से चल रहे विवाद खत्म हो जाते है। प्रदेश सरकार द्वारा चलाये गये इस अभियान से समाज में सौंहार्द भी बन रहा है और लोग आपसी भाई चारे के साथ रह रहे है।

# जिले को औद्योगिक क्षेत्र में विकसित करने के लिए कार्ययोजना बनाएंः रमाकान्त पाण्डेय

» अवनीश त्यागी



बिजनौर। जिलाधिकारी रमाकान्त पाण्डेय ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए कि नगीनावासी उद्यमि की भूमि पर अवैध कब्जा की जांच कर दोषी व्यक्तियों के विरूद्व कार्यवाही अमल में लाएं ताकि वह अपने उद्योग को समुचित रूप से संचालित कर सके। उन्होंने कहा कि जिले में नए उद्योगों की स्थापना की प्रबल सम्भावनाएं हैं। और यहां का वातावरण एवं जलवायु भी उद्योगों के लिए अनुकूल है इसके अलावा दो राष्ट्रीय राज मार्ग जिले से गुजरने के कारण परिवहन की उचित सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिए कि जिले को औद्योगिक क्षेत्र में विकसित करने के लिए कार्ययोजना बनाएं और कार्यशालाओं एवं सेमीनारों का आयोजन कर जन सामान्य को जागरूक करें ताकि लोग प्रेरित हो कर जिले में नई-नई औद्योगिक इकाईयां स्थापित कर सकें। जिलाधिकारी रमाकान्त पाण्डेय विकास भवन सभागार में जिला उधोग बन्धु की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में औद्योगिक विकास के लिए अति संवेदनशील और गंभीर है और उद्योग प्रोत्साहन के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होने उपस्थित सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्योग बन्धुओं की शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करना सुनिश्चित करें, ताकि उनमें शासन एवं प्रशासन के प्रति विशवास में और अधिक वृद्वि हो सके। उन्होने उपायुक्त उद्योग को निर्देश देते हुए कहा कि जिले को औद्योगिक क्षेत्र में विकसित करने के लिए आवश्यक कदम उठायें और नए उद्योगों की स्थापना के लिए उद्यमियों को शासन द्वारा संचालित योजनाऔ और कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध कराते हुए जिले में उद्योगों की स्थापना के लिए प्रोत्साहित और प्ररित करें। जिलाधिकारी ने एमएसएमई के वार्षिक केडिट प्लान की समीक्षा करते हुए जिला अग्रणी बैक प्रबन्धक को निर्देश देते हुए कहा कि रू 832.62 करोड के वार्षिक लक्ष्य को जल्द से जल्द शत प्रतिशत पूरा करना सुनिश्चित करे।

# पांच उर्वरक दुकानों के लाइसेंस निलंबित, चार को नोटिस जारी

» मदरलैंड संवाददाता



बिजनौर। जनपद में शासन के आदेश पर कीटनाशक एवं उर्वरक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर छापे मारकर मे 24 उर्वरक विक्रेताओ के प्रतिष्ठानो व गोदामों मे छापामार 15 उर्वरक व 10 कीटनाशकों के नमूनों को एकत्र कर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा। यह कार्यवाही डॉ. अवधेश मिश्र, जिला कृषि अधिकारी व जितेंद्र कुमार, जिला उद्यान अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा की गयी। छापामार कार्यवाही के दौरान बिक्री केन्द्रो के अभिलेखो एवं पॉस मशीन से उर्वरक वितरण व समय पर उर्वरक स्टॉक के एकनॉलेजमेन्ट की जाँच की गयी तथा उर्वरक स्टॉक का मिलान भी किया गया इस छापामार कार्यवाही के दौरान कुल 24 दुकानो का निरिक्षण किया गया और 15 उर्वरक एवं 10 कीटनाशी रसायनो के नमूने लिए गए. छापामार कार्यवाही के समय ओवर रेटिंग, कालाबाजारी, टैगिंग आदि का कोई प्रकरण नहीं पाया गया. छापामार कार्रवाई के दौरान दुकानें बंद करके भाग जाने पर 05 प्रतिष्ठानों यथा मै. कृष्णा बीज भंडार नजीबाबाद, मै. IFFDC कृषक सेवा केंद्र, नजीबाबाद, मै. चीमा फसल सुरक्षा केंद्र, नजीबाबाद, मै. भारत खाद भंडार, जलालाबाद एवं मै. किसान खाद भंडार।

# एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन 27 को

» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया ने हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक, परास्नातक एवं आई.टी.आई. एवं कौशल विकास मिशन के विभिन्न पाठ्यकमों में उत्तीर्ण, प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को सूचित किया है कि 27 फरवरी को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, कौशल विकास मिशन एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय वृहद रोजगार मेले का आयोजन श्रीदेवी मेला नुमाइश पण्डाल में किया जायेगा, मेले में निजी क्षेत्र के लगभग 30 नियोजको द्वारा 3,600 पदों पर भर्ती की जायेगी । उन्होने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी उक्त मेले में प्रतिभाग करने हेतु नियत तिथि, निर्धारित स्थान पर प्रातः 10 बजे अपने समस्त शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्रों एवं

# नव-निर्मित वीवीपैट, ईवीएम वेयर हाउस का जिला अधिकारी ने किया लोकार्पण

» मदरलैंड संवाददाता



मैनपुरी। जिलाधिकारी महेंन्द्र बहादुर सिंह ने तहसील सदर में वोटिंग मशीन के रखने हेतु 497.03 लाख की लागत से जिला निर्वाचन कार्यालय के नव-निर्मित वीवीपैट, ईवीएम वेयर हाउस का विधिवत रूप से लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि आयोग के निदेर्शानुसार वेयर हाउस का निर्माण कार्यदायी संस्था उ.प्र. राज्य निर्माण सहकारी संघ, आगरा द्वितीय द्वारा किया गया, वोटिंग मशीनों की सुरक्षा के दृष्टिगत वेयर हाउस का निर्माण निर्धारित मानक, स्वीकृत नक्शा, मॉडल के अनुसार कराया गया है। उन्होने कहा कि वेयर हाउस के निर्माण के उपरांत उपलब्ध वैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवीपैट रखे जाने, एफएलसी आदि कार्यों को भारत निर्वाचन आयोग के नव-निर्मित वेयर हाउस में सम्पन्न कराया जायेगा, ईवीएम, वीवीपैट को रखने में अब किसी असुविधा का सामना नही करना पडेगा और नाही किराये पर भवनों की आवश्यकता होगी। उन्होने कहा कि ईवीएम लाने वाले वाहन वेयर हाउस तक बिना किसी रूकावट के पहंचेगं, ऐसी व्यवस्था की गयी है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अपर जिलाधिकारी बी.राम, उप जिलाधिकारी सदर ऋषिराज, सहायक निर्वाचन अधिकारी फूलचन्द्र, सुनील मिश्रा, कार्यदायी संस्था उ.प्र. राज्य निर्माण सहकारी संघ के अधिशाषी अभियंता एस.पी. सिंह, सहायक अभियंता नरेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# सैनिक बन्धु की बैठक 27 को

» मदरलैंड संवाददाता

मैनपुरी। सभी पूर्व सैनिकों, पूर्व सैनिकों की विधवाओं एवं आश्रितों व वीरनारियों की समस्याओं का समाधान कराना मूल कर्तव्य है, इस हेतु सैनिक बन्धु की बैठक 27 फरवरी को अपरान्ह 11 बजे जिला सैनिक कल्याण एवं पुनार्वस कार्यालय में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी नवीन कटियार की अध्यक्षता में आयोजित होगी। पूर्व सैनिकों, पूर्व सैनिकों की विधवाओं एवं आश्रित अपनी समस्याओं को लेकर कार्यालय को प्रेषित कर दें, ताकि प्राप्त समस्याओं के निवारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों से सम्पर्क कर आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

# शिवानी हत्याकांड के दूसरे अभियुक्त को दबोचा, भेजा जेल

» अजय सक्सेना



मैनपुरी । थाना क्षेत्र के शमशेरगंज से 10 फरवरी को 16 वर्षीय किशोरी शिवानी लापता हो गयी थी ।काफी तलाश करने के बाद न मिलने पर शिवानी की बहन कीर्ति ने गांव के ही राधाकिशन बाथम पुत्र मुन्नालाल उर्फ रामकिशोर पर बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया था। आपको बता दें कि 20 फरवरी को शिवानी का शव गांव के बाहर लहसुन के खेत में सागौन के पेड़ पर लटका मिला था ।पुलिस ने मौत का कारण जानने को शव का पोस्टमार्टम कराया था जिसमें शिवानी की हत्या होने की बात आई थी ।पुलिस ने गहराई से जांच की तो पता चला कि शिवानी की हत्या उसके प्रेमी राधाकिशन ने अपने सहयोगी राजवीर के साथ गला घोंटकर की थी ।मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक मधुबन कुमार सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा किया था ।पुलिस ने मंगलवार को आरोपी प्रेमी राधाकिशन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था ।बुधवार को पुलिस ने हत्याकांड के फरार आरोपी राजवीर बाथम पुत्र दयाराम निवासी शमशेरगंज को बिधूना चौराहे से पकड़ लिया ।पुलिस ने लिखापढ़ी के बाद उसे जेल भेज दिया है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# एसडीएम क्षतिग्रस्त हरौडा मोड मार्ग का निरीक्षण करने पहुंचे

» कांति प्रसाद

गढमुक्तेश्वर। सिंभावली क्षेत्र के हरौडा मोड मार्ग बुरी तरह छतिग्रस्त होने व मार्ग पर जलभराव होने की समस्या देखने एसडीएम पहुंचे ओर शीघ्र समस्या को हल कराने का आश्वासन दिया। बुद्ववार को गढ एसडीएम विजय वर्धन तोमर सिंभावली क्षेत्र के हरौडा मोड मार्ग बुरी तरह छतिग्रस्त होने व मार्ग पर जलभराव होने की समस्या की शिकायत पर सिंभावली हरौडा मोड पर पहुंचे। जहां स्थानीय व सामाजिक लोगो ने एसडीएम को बताया कि वह लोग पिछले कई माह से समस्या से जुझ रहे है। सडक मार्ग पर गंदा पानी आसपास की आबादी का पानी की निकासी नही होने के कारण आता है। एसडीएम ने सडक किनारे बने नाले को दूसरे नाले से जोडने के लिए लोक निर्माण विभाग व ब्लॉक के अधिकारीयों से वार्ता करने की बात कही। विदित हो हरौडा मोड से एक दर्जन से अधिक गांवो के लोगो का प्रतिदिन आना जाना रहता है मार्ग से स्कूली बच्चे निकलते है। इतना ही नही इस मार्ग से जनपद बुलंदशहर के स्याना क्षेत्र के वाहन चालको व गन्ना किसानो का आना जाना होता है। जिन्हे भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। मार्ग इतनी बुरी तरह छतिग्रस्त है कि कई वाहन तो निकालते समय मार्ग के बीच में फंस जाते हैं। एसडीएम के निरीक्षण के समय बीडीओ अरविंद प्रकाश, एडीओ पंचायत सतीश शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी जितेन्द्र सिंह, लेखपाल अनिल सामाजिक लोग सरदार राजेन्द्र सिंह, खलील, डॉ मतलूब, रफीक खां आदि मौजूद रहे।





# कृषि अधिकारी व तहसीलदार ने औचक निरीक्षण कर सैंपल लिये



» मदरलैंड संवाददाता

गढमुक्तेश्वरै। किसानो के हितों को उर्वरक खादो की गुणवत्ता को लेकर सरकार के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी व तहसीलदार ने सिंभावली क्षेत्र में खाद गोदामो व सोसायटी पर औचक निरीक्षण करते हुऐ जांच के लिए सैंपल लिए गये। औचक निरीक्षण से खाद के दुकानदारो में हडकंप मचा है। बुद्ववार को जिला कृषि अधिकारी शिव कुमार व गढ के न्यायिक तहसीलदार सुरेन्द्र यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम ने किसानो के हितों को उर्वरक खादो की गुणवत्ता को लेकर सरकार के दिशा-निदेशी का पालन करते हुए सिंभावली क्षेत्र में खाद गोदामो व सोसायटी पर औचक निरीक्षण करते हुऐ जांच के लिए सैंपल एकत्र किये। अधिकारीयों की कार्रवाई से उर्वरक खाद का काम करने वाले दुकानदारो में हडकंप मचा है। जिला कृषि अधिकारी शिव कुमार ने बताया कि किसानो को असली उर्वरक खाद मिल सके इसके लिए नकली खाद को पकडने के लिए छापे मारी की जा रही है।

# महा पंचायत में पहुंचे किसानों के मसीहा राकेश टिकैत



» शंकरदेव तिवारी

आगरा। तहसील किरावली के मोनी बाबा आश्रम में बुधवार को किसानों की महापंचायत में वुधवार को शाम चार बजे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवम किसानों के मसीहा कहे जाने वाले राकेश टिकैत के नेतृत्व में एक महापंचायत का आयोजन हुआ। टिकैत ने महापंचायत में एक विशाल जन समूह को सम्बोधित किया किसानों पर लगाये गये कृषि बिल के काले कानूनों का जमकर विरोध किया। लेकिन घण्टों इंतजार करते किसानों में कुछ किसानों में काफी हद तक नाराजी भी दिखाई दी। नाराजी का मुख्य कारण भा कि यू के राष्ट्रीय प्रवक्ता और किसानों के मसीहा का करीब चार घण्टे लेट हो जाना। इधर पुलिस ने भी तहसील किरावली को छावनी में तब्दील कर दिया था। पुलिस के भी पूरे पुख्ता इंतजाम दिखाई दिये। इस दौरान-किसान नेता अर्जुन सिंह छोंकर, डॉ के एस चाहर, दिनेश इन्दौलीया, हरिओम वर्मा, बंटी राजपूत, रणजीत चौधरी, सावित्री चाहर, सिन्धी कुरैशी, हाशिम कुरैशी, बनेसिंह पहलवान, और अन्य किसान नेता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मां के साथ मारपीट करने वाले आरोपी सहित दो लोग गिरफ्तार

मदरलैंड संवाददाता, गढमुक्तेश्वर। सिंभावली पुलिस ने मां के साथ मारपीट करने वाले सहित दो अलग-अलग मामलो में विवाद करने वाले दो लोगो को गिरफ्तार करते हुऐ उन्हें शांतिभंग में निरूद्व किया गया है। सिंभावली थानाध्यक्ष राहुल चैधरी ने बताया कि क्षेत्र के गांव डिबाई निवासी असलम को अपनी मां के साथ मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार करते हुऐ शांतिभंग में निरूद्व किया है। इसके अलावा गांव हाईकोट हिम्मतपुर निवासी राहुल को भी विवाद करने पर गिरफ्तार करते हुऐ शांतिभंग में निरूद्व किया गया है। दोनो को अग्रीम कार्रवाई के लिए न्यायालय में पेश किया गया है।

### उद्योगपति पर हमलावर के होगें शस्त्र लाइसेंस निरस्त

मदरलैंड संवाददाता, अलीगढ़। उद्योगपति पर हमले के आरोपी शोभांश ठाकुर की मां के नाम से बने शस्त्र लाइसेंस निरस्त होंगे। पुलिस ने निरस्त करने की संस्तुति कर रिपोर्ट डीएम को भेज दी है। पुलिस के अनुसार मेघना सिंह पत्नी स्व. यशपाल सिंह निवासी विष्णुपुरी के नाम रायफल व रिवाल्वर के लाइसेंस बने हुए हैं। जिनका भौतिक सत्यापन करने पर जानकारी हुई कि मेघना सिंह घरेलू महिला है जो शास्त्रों का सही प्रकार से धारण करना भी नहीं जानती हैं। उम्र भी करीब 50 वर्ष है। ऐसे में दो शस्त्र लाइसेंस का होना औचित्यपूर्ण है। सत्यापन में यह भी बात सामने आई है कि उनके दो बेटे विनय व शोभांश में से शोभांश आवारा व आपराधिक प्रवृत्ति का है। जिसके द्वारा शस्त्रों का प्रदर्शन करते हुए दुरुपयोग किया जा रहा है। शोभांश के विरुद्ध थाना मडराक में मुकदमा भी दर्ज है। इस पर एसएसपी द्वारा शस्त्र लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति कर रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेज दी गई है।

# किसान पीजी कालिज में चैरी-चैरा शताब्दी समारोह कार्यक्रम



» मदरलैंड संवाददाता

गढमुक्तेश्वर। सिंभावली के किसान पीजी कालिज में चैरी-चैरा शताब्दी समारोह के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एक पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। बुद्ववार को सिंभावली के किसान पीजी कालिज में चैरी-चैरा शताब्दी समारोह के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अधिकारी व शिक्षक डॉ प्रभात कुमार के दिशा निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी के 1920 में आजादी के लिए चलाये जा रहे आंदोलन में चार फरवरी को चैरी-चैरा की घटना हुई थी जिसमें शहीदो ने अपनी जान की कुबार्नी दी थी इतना ही नही आजादी के लडाई लडने वाले देश भक्तों ने अंग्रेज सिपाहीयों को मौत के घाट उतारकर बदला लेते हुऐ अंग्रेजी हुकुमत को हिला दिया था। कार्यक्रम में देश की आजादी के लिए संर्घष करने वालो पर एक पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसके विजेता छात्र-छात्राओ में निबंध में प्रथम भूपेन्द्र, अंकुश, द्वितीय आदिल तथा तृतीय मंजू को पुरूस्कृत किया गया।

इसके अलावा पोस्टर प्रतियोगिता में भरत व सोनू प्रथम, अवनिश, नदीम, अजय, बाबू द्वितीय, पारूल, मुस्कान, अरूण, हार्षित तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में शिक्षक डॉ वेद प्रकाश, डॉ गाविंदा, डॉ शिवशंकर, डॉ अजय आदि का सहयोग रहा।

# आवारा पशुओं निराश्रित गौवंश के लिये अस्थायी प्रबन्ध सुनिश्चत करे: जिलाधिकारी

» मदरलैंड संवाददाता

मुजफ्फरनगर। जिलाधिकारी सेल्वा कुमारी ने आज जिला पंचायत सभागार में जनपद स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा, गौसरंक्षण तथा पशु क्रूरता निवारण समिति के सदस्यों व अधिकारियो के साथ निराश्रित बेसहारा गौवंश हेतु स्थायी अस्थायी गौवंश आश्रय स्थल की प्रगति की समीक्षा करते हुए एसडीएम व अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिये कि निराश्रित गोवंश सडकों पर घूमते हुए नही दिखने चाहिएं। उनके रहने खाने की पूर्ण व्यवस्था कराई जाये।

संचालित गोवंश आश्रय स्थल पर संरक्षित किये गये पशुओं की संख्या, संरक्षित गोवंश के लिए चारा एवं पानी की क्या व्यवस्था है उसकी सूचना उपलब्ध कराई जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि अगर निराश्रितम गौवंश घूमते हुए दिखाई दे तो सम्बन्धित क्षेत्र के एसडीएम व अधिशासी अधिकारी, बीडीओ उनको आश्रय स्थल पर छुडवाये।



# डी ए वी डिग्री कॉलेज बुढ़ाना मुजफ्फरनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम



» उमाकांत शर्मा

मुजफ्फरनगर। सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों द्वारा श्रमदान किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा रद्दी कागज से सुंदर व टिकाऊ बर्तन(मैसी पॉट) तैयार कर पर्यावरण संरक्षण व वेस्ट मैनेजमेंट का संदेश प्रसारित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रबंधक अरविंद गर्ग, प्राचार्य डॉ प्रदीप कुमार, वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ संगीता चौधरी, डॉ प्रतिभा चौधरी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ शिखा कौशिक, ध्रुव यादव, प्रशांत रूहेला का विशिष्ट सहयोग रहा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे संपन्न हुई व्यापार बंधु की बैठक

» शकील सैफी

मेरठ। व्यापार बंधु की विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुये जिलाधिकारी के बालाजी ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का निदान प्राथमिकता पर किया जायेगा। वालमार्ट और मैट्रो कंपनी द्वारा एफडीआई पालिसी के उल्लंघन की षिकायत पर जिलाधिकारी ने अपर नगर मजिस्टेज्ट व अपर आयुक्त वाणिज्य कर की एक टीम बनाकर दस्तावेजो व अन्य बिन्दुओ पर जांच कर आख्या देने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर 27 बिन्दुओं पर चर्चा की गयी व आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। शहर में कचरा निस्तारण की मांग पर जिलाधिकारी ने बताया कि गांवडी में कूडा निस्तारण प्लांट संचालित है तथा लोहियानगर में कूडा निस्तारण प्लांट जल्द प्रारंभ किये जाने के संबंध में कार्यवाही की जा रही है। गगोल रोड हवाई पट्टी सोफिया स्कूल के पास वाली रोड पर एक पुलिस चैकी बनाये जाने की मांग पर जिलाधिकारी ने वहां एक अस्थायी पुलिस चैकी बनाने के लिए निर्देशित किया। शास्त्री नगर के सैन्ट्रल मार्केट में सौन्दर्यीकरण कराये जाने की मांग पर नगर निगम के अधिकारी ने बताया कि सैन्ट्रल मार्केट में एक वातानुकूलित शौचालय बनाया जा रहा है तथा एक पुरूष शौचालय भी बनाया जायेगा। उन्होने बताया कि सैन्ट्रल मार्केट के सौन्दर्यीकरण का कार्य परस्पर समन्वय के साथ कराया जायेगा। ग्राम बराल परतापुर में पानी की निकासी के लिए नाले को पूर्ण करने की मांग पर जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को आवष्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देषित किया। वहीं नगर निगम के अधिकारी ने बताया कि पूर्व में स्थलीय निरीक्षण किया गया लेकिन तालाब तक नाली बनाने की राजकीय भूमि उपलब्ध नहीं है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर अजय तिवारी, सहायक नगरायुक्त ब्रजपाल सिंह, उपायुक्त प्रषासन वाणिज्य कर विभाग विक्रम अजित, उपायुक्त वाणिज्य कर ए पी सिंह, व्यापारीगण व अधिकारी उपस्थित रहे।



# कलेक्ट्रेट से हरी झण्डी दिखाकर कृषक दल को बस से रवाना

» मदरलैंड संवाददाता

अलीगढ़। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा जनपद अलीगढ में गठित 15 कृषक क्लबो के 25 सदस्यों को नाबार्ड के कैट कार्यक्रम के अंतर्गत एक्सपोजर विजिट के लिए जीबी.पन्त कृषि विश्विद्यालय पंतनगर, उत्तराखण्ड में 24-26 फरवरी 2021 तक पशुपालन से सम्बंधित नयी तकनिकी को सीखने के लिए भेजा गया। एडीएम वित्त विधान जायसवाल एवं पंकज गुप्ता, जिला विकास प्रबन्धक राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने कलेक्ट्रेट कर्यालय से हरी झण्डी दिखाकर कृषक दल को बस से रवाना किया। एडीएम वित्त एवं राजस्व ने बताया कि तकनिकी उन्नयन और नव परिवर्तन भारतीय कृषि की पहचान रही है। नई कृषि प्रोधोगिकी के क्षितिज को विस्तार करने के लिए किसानो को परिचात्मक दौरे के माध्यम से शिक्षित करके नई तकनिकी को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड पंकज गुप्ता ने बताया कि पशुपालन एवं कृषि को विकसित करने के लिए क्षमता वर्धन एवं नई कृषि प्रोधोगिकी को अपनाने से कृषको की आय में वृद्धि होगी तथा कृषकों का विकास होगा। उन्होंने यह भी बताया की कृषि प्रोधोगिकी को बढ़ावा देने के लिए नाबार्ड द्वारा इस तरह को दौरों का आयोजन किया जाता है। जिसमे भ्रमण के दौरान किसानो के खान-पान व रहने तथा आने जाने का सम्पूर्ण व्यय नाबार्ड द्वारा वहन किया जाता है। सहयोगी संस्था उज्जवल सेवा संस्थान के सचिव मुन्ने खान ने बताया कि दौरे में किसान क्लब के माध्यम से पशुपालन की नई तकनीकियो की जानकारी पशु विशेषज्ञ द्वारा प्रदान की जाएगी इस अवसर पर मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी चन्द्रवीर सिंह, अग्रणी जिला प्रबन्धक अनिल कुमार सिंह, उज्जवल सेवा संस्थान के सचिव मुन्ने खान व संस्थान के जिला समन्यवक विनोद शर्मा इन्द्रजीत सिंह उपस्थित रहे।



# आगामी 7 मार्च को भारतीय क्षत्रिय महासभा की महापंचायत को लेकर तैयारियां शुरू

» सरताज अहमद

मुजफ्फरनगर। बिरालसी मुख्यालय पर ठाकुर अमरीश राणा के आवास पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की बैठक में आगामी 7 मार्च को बिरालसी में होने वाली राजपूत एकता महासम्मेलन की होने वाली महासभा पर चर्चा की गई। दरअसल, चरथावल विधान सभा के बिरालसी में अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की 7 मार्च को बिरालसी में होने वाले महासम्मेलन को सफल बनाने पर विचार विमर्श हुआ, जिसकी अध्यक्षता दीपचंद शर्मा द्वारा की गई। जिसमें क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महासचिव रॉकेश पुण्डीर ने राजपूत समाज के कई गावो में जनसम्पर्क किया, राष्ट्रीय महासचिव रॉकेश पुण्डीर के क्षत्रिय समाज के लोगो से अपील की कि 7 मार्च को बिरालसी में होने वाले महासम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुचने का कष्ट करें। जिसमे समाज की एकता व समाज मे फैली कुरीतियों को दूर करने पर विचार किया जाएगा। बैठक में राकेश पुण्डीर, अमरीश राणा, रमेश राणा, महिपाल सिंह, पूर्व प्रधान ठाकुर कृष्णपालसिंह, ठाकुर सुंदर सिंह सोम, मुकेश राणा, परंजीत राणा, आदि उपस्थित थे।



# कर्मचारियों के लंबित मेडिकल बिलों के भुगतान को गंभीरता से ले: रोबिन्स सिंह

» अर्जुन वार्ष्णेय

अलीगढ़। महानगर में नगर निगम कर्मचारी कल्याण संघ के दो वर्षीय होने वाले चुनाव में कल्याण संघ के अध्यक्ष व महामंत्री पद के प्रबल दावेदार एवं कर्मचारी बहुमत का दावा करने वाले प्रत्याशी अध्यक्ष पद रोबिन्स सिंह और महामंत्री पद के चन्द्रभान शर्मा ने संयुक्त पत्रकार वार्ता में अपने चुनावी कार्यालय जलकल नलकूप निकट कठपुला नई बस्ती पंजाबी क्वार्टर पर आयोजित कर अपने पूर्व के कार्यकालों में अध्यक्ष महामंत्री रहते हुए कराए गये कर्मचारी कल्याण के कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत करते हुए। नये कार्यकाल 2021 व 22 के लिए एजेंडा विषयों और वरियताओं को प्रमुखता से रखा। जिसमें उन्होंने किये गये कार्यों के रूप में निम्न को गिनवाते हुए मृत कर्मचारी आश्रितों को दिन-रात अथक प्रयास कर स्थायी नौकरियां दिलवाईं, उनके वैरिफिकेशन, मेडिकल, पत्रचार आदि के कार्य कराए। फैमिली पेंशन व देय भुगतान कराए।



सभी प्रकार के नगर निकाय क्षेत्र में कर्मकारों को मिलने वाली सुविधाएं वर्दी व अन्य एमेनिटीज दिलाईं, जिन्हें कभी वर्दी नहीं मिली, उन्हें भी दिलवाई। तथा कर्मचारियों के लंबित मेडिकल बिलों के भुगतान प्रमुखता से कराए। और ग्रुप डी कर्मचारियों के योग्यता आधारित प्रमोशन दिलवाए गये। नगर निगम की यूनिटों जैसे एकाउंट, पथ प्रकाश, वर्कशॉप, जलकल, पंपिग स्टेशन, ट्यूवैल आदि-आदि में आउटसोर्सिंग स्टाफ को निर्धारित वेतनमान और उनकी वेतन में वृद्धियां, फण्ड कटौतियां सुनिश्चित कराईं। खाली पडे.रिक्त पदों का सृजन कर उनका नियोजन कराया जाए। कर समय मौजूद रहकर सक्रियता से कर्मचारियों के लए उनकी समस्याओं और मामलों का निस्तारण कराया। आगामी एजेंडा के लिए निम्न विषयों को प्रमुखता दी जाए।

वैश्विक महामारी कोरोना-19 के कारण विलंबित हुए मामलों जैसे शेष भुगतान, प्रमोशन, कर्मचारी रोस्टर आदि को वरियता से पूरा कराना। कर्मचारियों को आवास, निःशुल्क जल और सीवेज कनैक्शन तथा स्मार्ट सिटी की विशेष सुविधा दिलाने, उच्च शिक्षा के लिए कर्मचारी आश्रित विद्यार्थियों को शिक्षण शुल्क का भुगतान कराना आदि-आदि।

इस अवसर पर रामबचन बाबा, जफर अहमद, राधेश्याम, जगदीश चैधरी, हरीश सिंह, टीकम सिंह, मोईनउद्दीन, चन्द्रपाल चैधरी, दिलीप कुमार, सुमन बहादुर, मोहन सक्सैना, जितेन्द्र समोना, पंकज, संजू, ताहिर, बबलू, छोटे सिंह यादव, चन्द्रशेखर, नसीम, सुशील कुमार, शमशाद, तेजपाल, नसरूद्दीन, रामकिशोर मौजूद रहे। विशेष रूप से देववर्मा विभाग प्रमुख बीएमएस मौजूद रहे।

**बेदखली**

मैं **मन्नवर** पुत्र **अजीज** निवासी- मोहल्ला तैलियो वाला, कस्बा शाहजहांपुर, तहसील मवाना, जिला मेरठ, अपने **पुत्र फुरकान** व **पुत्र वधू रेशमा** से संबंध विच्छेद कर उन्हें अपनी समस्त चल- अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उनके किसी भी लेनदेन या कृत्य से हमारा कोई लेना देना नहीं है।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# सुसाइड न करने व कभी हार न मानने का संदेश देती है हिंदी सस्पेंस थ्रिलर 'टैंक क्लीनर'

» विनोद कुमार




चंडीगढ़। कोरोना काल ने जैसे सिनेमाघरों की शान खत्म सी कर दी थी। थिएटर खुलने के बाद लोगों को स्क्रीन तक लाने के लिए जरूरत थी एक अच्छे कांसेप्ट व बढ़िया एक्टिंग की। ऐसा ही कुछ लेकर आई है हिंदी फीचर फिल्म 'टैंक क्लीनर' जो एक बेहतरीन कांसेप्ट वाली सस्पेंस थ्रिलर है। इस फिल्म को देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी जिसके चलते कोरोना काल के बाद पीवीआर में शहर का पहला फुल शो हुआ।

यह फिल्म केवल एंटरटेनमेंट पर फोकस नहीं करती है बल्कि लोगों को सुसाइड न करने व कभी हार न मानने का संदेश भी देती है। सिनेमा घरों में रिलीज हुई टैंक क्लीनर को लोग बेहद पसंद कर रहे हैं।

मूवी को एलांते मॉल के पीवीआर में प्रीमियर किया गया था जहां स्टार कास्ट मनी सबरवाल लीड एक्टर, मृदुला महाजन हीरोइन, विनम्रजोत सिंह वड़ैच सेकंड लीड, हैप्पी बनमाजरा एसोसिएट डायरेक्टर, हरकिरण कौर वड़ैच डिस्ट्रीब्यूटर व डीओपी टिंकू गुप्ता के साथ-साथ मूवी के डायरेक्टर व राइटर परविंदर सिंह वड़ैच व प्रोड्यूसर स्वर्णजीत कौर वड़ैच मौजूद रहे।

फिल्म के राइटर-डायरेक्टर परविंदर सिंह वड़ैच ने बताया कि हम एक नया कांसेप्ट लेकर कुछ अलग करना चाहते थे।

इसलिए हमने हिंदी फीचर फिल्म बनाने के बारे में सोचा। यह फिल्म सुसाइड न करने का मैसेज देती है। इसके साथ ही आज के युवाओं को संदेश दिया गया है कि कभी भी हार मानकर क्विट नहीं करना चाहिए। यह कभी भी सुनिश्चित नहीं होता कि भविष्य में क्या होगा इसलिए कभी हार नहीं माननी चाहिए। कोशिश करते रहना चाहिए।

# आचार्य रामसुफल ने करवाया एक सिख-ग्रन्थी परिवार में वैदिक महायज्ञ

» विनोद कुमार,



चंडीगढ़। ट्राईसिटी चण्डीगढ-मोहाली पंचकूला क्षेत्र में वैदिक संस्कृति प्रचार मिशन के तत्वाधान में हर-हर ओम। घर-घर होम ।। अभियान के तहत सरदार अमरजीत सिंह (हैपी) 76 प्रीत कालोनी पटियाला चौक जिरकपुर के निवास पर वैदिक मिश्नरी प्रचारक ,सरल व सहज स्वाभाव के धनी , पौरोहित्य कार्य में निपुण, सबको एक साथ लेकर लचने वाले,चण्डीगढ के जाने पहचाने राष्ट्रीय वैदिक प्रवक्ता आचार्य रामसुफल ने वैदिक महायज्ञ करवाया ।

यह जानकारी देते हुए वैदिक संस्कृति प्रचार मिशन के महामन्त्री डा. सुदामा शास्त्री ने बताया कि यज्ञ के ब्रह्मा आचार्य प्रवर रामसुफल शास्त्री के अथक प्रयास व प्रेरणा से सरदार परिवार ने वेदों व महर्षि दयानन्द सरस्वती पर आस्था प्रकट करते हुए वैदिक हवन यज्ञ करवाने का निश्चय किया ।

महामन्त्री डा. सुदामा ने बताया कि पंजाब यूनिवर्सिटी संस्कृत विभाग की डी.आर. वन्दना शास्त्री (एम.ए.बी.एड.) ने मधुर सस्वर वेद मन्त्रों का पाठ किया ।

सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने पवित्र वेद मन्त्रोच्चारण द्वारा आहुतियाँ प्रदान की ।

इस अवसर पर सभी परिजनों के अलावा मित्र-बन्धु, सम्बन्धी पडोसी नर-नारी व बच्चे उपस्थित थे ।

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्मार्ट पार्क के समीप किया वृक्षारोपण



भोपाल। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने प्रतिदिन एक वृक्ष लगाने के संकल्प के तहत श्यामला हिल्स स्थित स्मार्ट पार्क के निकट पीपल का वृक्ष रोपा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने साल में एक वृक्ष अवश्य लगाने का आव्हान नागरिकों से किया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर अविनाश लवानिया, डी.आई.जी. इरशाद वली, निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी, स्मार्ट सिटी के सी.ई.ओ आदित्य सिंह आदि भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने संकल्प के तहत मंगलवार को स्मार्ट पार्क के पास खुली भूमि पर पीपल का वृक्ष रोपा और स्वयं श्रमदान करते हुए वृक्ष हेतु बनाए गए थाले को मिट्टी से भरा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री चौहान ने पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत प्रदेश के प्रत्येक नागरिक से एक वर्ष में एक पौधा अवश्य ही लगाने का आव्हान किया।

## संक्षिप्त समाचार

### बीकानेर- हरिद्वार एक्सप्रेस का ठहराव अब कलानौर कलां (रोहतक) स्टेशन पर भी होगा

मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। बीकानेर– हरिद्वार एक्सप्रेस का ठहराव अब कलानौर कलां (रोहतक) स्टेशन पर भी होगा। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने इस रेल के ठहराव के लिए केन्द्रीय रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल से आग्रह किया था। कलानौर और आस–पास के क्षेत्र के लोगों ने इस फैसले पर खुशी जताई है। एक सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने इस संबंध में जानकारी मुख्यमंत्री को एक पत्र के माध्यम से दी। प्रवक्ता ने बताया कि रेल मंत्रालय ने यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए कलानौर कलां स्टेशन पर ट्रेन संख्या 14717/14718 बीकानेर– हरिद्वार एक्सप्रेस का ठहराव करने का निर्णय लिया है।

### प्रख्यात पंजाबी गायक सरदूल सिकंदर का निधन, किडनी ट्रांसप्लांट के बाद हो गया था कोरोना संक्रमण

मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। पंजाब के प्रख्यात गायक सरदूल सिकंदर का मंगलवार को मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में निधन हो गया। किडनी ट्रांसप्लाट के बाद उनकी हालत में सुधार हो रहा था लेकिन इस दौरान उन्हें कोरोना संक्रमण हो गया था । मोहाली । पंजाब के प्रख्यात गायक सरदूल सिकंदर का मोहाली के फोर्टिस अस्पताल में निधन हो गया। बताया जा रहा है कि एक माह पहले किडनी की दिक्कत के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आपरेशन सफल रहा, लेकिन इस बीच उन्हें कोरोना संक्रमण हो गया। इसके कारण उनकी मौत हो गई। सरदूल सिकंदर ने बुधवार सुबह अंतिम सांस ली। सरदूल सिकंदर के निधन का समाचार सुनते ही पंजाब कला जगत में शोक की लहर दौड़ गई। उनके दोस्त, रिश्तेदार व चाहने वाले अस्पताल पहुंच रहे हैं। सरदूल ने पंजाबी गायकी को एक मुकाम तक पहुंचाया। उन्होंने बहुत छोटे स्तर से गायन शुरू किया और फिर देश विदेश में नाम कमाया।

### सगिर सरदूर सकिदर के निधन पर दुखी कपिल शर्मा ने कहा, क्या पता यह मेरी उनसे आखिरी मुलाकात थी

चंडीगढ़। प्रसद्धि पंजाबी सगिंर सरदूर सकिंदर का 60 साल की उम्र में नधिन हो गया है। उन्हें पछिले सप्ताह कडिनी में आई परेशानी के बाद मोहाली के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां कडिनी ऑपरेशन सफल रहा, लेकिन वह कोरोना की चपेट में आ गए थे। बुधवार को सरदूल ने अंतिम सांस ली। सरदूल पंजाबी भाषा संगीत का दुनिया का एक बड़ा नाम थे और उनके नधिन की खबर के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरदिंर सहिं सहित कई फिल्मी हस्तियों कपिल शर्मा, दलेर महंदी ने इसपर दुख जताया है। सरदूल सकिंदर के दो बेटे हैं। आलाप और सारंग सकिंदर और ये दोनों ही संगीत की दुनिया से जुड़े हैं। इनके नधिन पर दुख जताकर पंजाब के मुख्यमंत्री कैप्टन अमरदिंर सहिं ने ट्वीट में लखिा, 'दग्गिज गायक सरदूल सिकंदर के निधन की खबर जानकार दुख हुआ। वह कोरोना का इलाज करा रहे थे। आज पंजाबी म्यूजिक की दुनिया जैसे गरीब हो गई है। उनके परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। वहीं कॉमेडियन कपिल शर्मा ने उनके नधिन पर लखिा, 'बहुत ही दुखदायक खबर है, इनका गाना सुन के आम आदमी भी सुर में हो जाता था, मैं खुशकि स्मत हूं कि पाजी मेरी बेटी की पहली लोहरी के मौके पर पहली बार हमारे घर आए, हम सब बहुत खुश थे, पर पता नहीं था की वहां मुलाकात आखिरी होगी। आप बहुत याद आएंगे पाजी, ईश्वर आपको अपने चरणों में जगह दें। वहीं सगिंर दलेर महंदी ने उनका जाना परिवार और म्यूजकि इंडस्ट्री के लिए एक बड़ा नुकसान बताया है।

### हिसार में अधिकतम तापमान 32 डिग्री पर पहुंचा, 14 साल का टूटा रिकॉर्ड

चंडीगढ़। हिसार जिले में गर्मी ने 14 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। जिले में मंगलवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इससे पहले साल 2006 में 26 फरवरी को हिसार में अधिकतम तापमान 35.3 डिग्री रहा था, जो अब तक का फरवरी का रिकॉर्ड तापमान है। प्रदेश में नारनौल में दिन का तापमान 33.8 डिग्री पहुंच गया, जो सामान्य से 8 डिग्री अधिक है। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश में दिन व रात के तापमान में 26.3 डिग्री तक का अंतर आ चुका है। नारनौल में रात का पारा देश के मैदानी इलाकों में सबसे कम 7.5 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1 डिग्री कम है। मौसम विभाग ने कहा कि 24 से पहाड़ों में बर्फबारी हो सकती है। इससे 28 से मैदानों में तापमान कम होगा। मौसम विभाग ने बताया कि गर्मी बढ़ने के 3 बड़े कारण हैं। पश्चिमी विक्षोभ ऊपर की ओर बढ़ रहे हैं, इससे हवा में बदलाव हो रहे हैं। पहाड़ों से आने वाली हवाएं कम व राजस्थान की ओर से शुष्क पश्चिमी हवा ज्यादा चल रही है।

# निखार ने कोरोना काल में सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों कोडिपरैशन से दूर रखने की कोशिश की

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। निखार और एनए कल्चरल सोसायटी अब किसी पहचान की मोहताज नहीं है। कल्चरल पर काम करते हुए निखार ने कोरोना काल में अपने यू ट्यूब चैनल और सोशल मीडिया के माध्यम से अनेक लोगों को , विशेषकर बच्चों को डिपरैशन से दूर रखने की कोशिश की। निखार ने हर प्रकार के आयु वर्ग के लिए ह्य प्रतिभा ढूढोह्व प्रतियोगिताएं रखी। जिसमें डांस, गाना, आर्ट एंड क्राफ्ट, इंसटूमैंटल, कुंकिग में सभी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। ऐसी ही एक प्रतियोगिता के नतीजे की घोषणा इसी सप्ताह की जाएगी। करोना काल के मुशकिल समय में निखार ने इन सभी प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगों तक अपनी बात पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया का लाभ उठाया। इसके साथ साथ नौजवान कलाकारों को भी ट्रेनिंग दी जिसमे से कुछ यू टयूब चैनल, इनफल्यूएंसिस अड्डा, और एन. ए. कल्चर सोसायटी के इंस्टाग्राम और फेस बुक पेज पर देखे जा सकते है।

# यातायात प्रबंधन पर एमसीएम के शोध की सराहना

» विनोद कुमार



चंडीगढ़। एक प्रमुख शिक्षण संस्थान होने की अपनी प्रतिष्ठा के साथ पाठ्यचर्या तथा सह-पाठयक्रम क्षेत्र में भी शानदार उपलब्धियों की एक विस्तृत सूची की श्रंखला को अग्रसर करते हुए, मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर विमेन ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के क्षेत्र में भी एक मिसाल कायम की है। कॉलेज ने सूक्ष्म स्तर पर यातायात की समस्या की जांच करने और बेहतर यातायात प्रबंधन के समाधान का प्रस्ताव देने के उद्देश्य से चंडीगढ़ में यातायात प्रबंधन पर एक शोध परियोजना शुरू की। इस महत्वपूर्ण और प्रासंगिक अध्ययन के लिए चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में डीआईजी, चंडीगढ़ श्री ओमवीर सिंह, आईपीएस द्वारा कॉलेज को सम्मानित किया गया।

'ट्रैफिक कंजेशन क्रिएटेड एन्ड फेस्ड बाय डेली कंम्यूटर्स : ए केस स्टडी ऑफ मेहर चंद महाजन डीएवी कॉलेज फॉर विमेनत्र शीर्षक पर यह अध्ययन डॉ किरण जिंदल और डॉ ममता रत्ती, सहायक प्रोफेसर, वाणिज्य विभाग के साथ कॉलेज के बी कॉम अंतिम वर्ष की दो छात्राओं सुश्री सान्या और बी सुश्री जैनिया द्वारा किया गया। इस अध्ययन में लगभग 3400 दैनिक यात्रियों (कॉलेज छात्राएं एवं स्टाफ के सदस्यों) का डेटा बेस लिया गया और चंडीगढ़ की सड़कों पर यातायात की समस्या से निपटने के लिए बहुमूल्य सुझाव दिए गए। निष्कर्ष बताते हैं कि यातायात प्रबंधन को और प्रभावी बनाने हेतु दैनिक यात्रियों के बीच जागरूकता उत्पन्न करने की आवश्यकता है और यातायात समस्या से निपटने के लिए वाहन पूलिंग एक प्रभावी तरीका है।

कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ निशा भार्गव ने बताया कि गुणवत्ता अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए, एमसीएम की एक समर्पित अनुसंधान समिति है जो छात्राओं के साथ-साथ स्टाफ के सदस्यों को भी शोध के लिए सुविधा प्रदान करती है। उन्होंने कहा कि यह अध्ययन शहर में यातायात के प्रभावी प्रबंधन के लिए किया गया है एवं हमें आशा है कि इसके सुझावों को अन्य संस्थानों और शहरवासियों द्वारा भी अपनाया जाएगा।

# डिजि-टच कूल 5इन1 टैकनोलजी के साथ सिंगल डोर रेफ्रिजरेटर को सैमसंग ने दी नई परिभाषा

» मदरलैंड संवाददाता




चंडीगढ़। भारत के सबसे भरोसेमंद कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और नंबर 1 रेफ्रिजरेटर ब्रांड सैमसंग ने आज डिजि-टच कूल 5इन1 सिंगल डोर रेफ्रिजरेटर के एक नए रेंज के साथ डायरेक्ट कूल रेफ्रिजरेटर के क्षेत्र में एक नए दौर का आगाज करने की घोषणा की। ये नए रेफ्रिजरेटर आधुनिक डिजिटल टच टैकनोलजी के साथ आ रहे हैं जो उपभोक्ताओं को बिना अपने रेफ्रिजरेटर का दरवाजा खोले सिर्फ छूकर उसकी सेटिंग को नियंत्रित करने में सक्षम बनाएंगे और इस तरह ठंडक बनाए रखते हुए बिजली बचाने में उनकी मदद करेंगे।

नए रेफ्रिजरेटर की रेंज 17,990 रुपये की कीमत से शुरू होती है और चार नए फ्लोरल पैटर्न- डिलाइट, ब्लॉसम, मार्बल व्हाइट और ट्विर्ल - में उपलब्ध है। पेटेंट टेक्नोलॉजी डिजि-टच कूल 5इन1 के साथ ज्यादा जगह और सुविधा मुहैया कराने के लिहाज से डिजाइन किए गये सैमसंग के नए डायरेक्ट कूल सिंगल डोर रेफ्रिजरेटर उपभोक्ताओं को सीजन के मुताबिक तापमान में बदलाव और जब भी जरूरत हो, तब डी-फ्रॉस्ट करने की सुविधा देते हैं झ और वह भी सिर्फ एक सामान्य टच से।

सैमसंग इंडिया के कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स बिजनेस में सीनियर वाइस प्रेसिडेंट राजू पुल्लन ने कहा, सिंगल डोर भारत में रेफ्रिजरेटर का सबसे बड़ा सेगमेंट है और इसे और विस्तृत करने के लिए सैमसंग में हम ऐसे इनोवेशन लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हमारे उपभोक्ताओं की ज़िंदगियां बदल दे। हमारा नवीनतम डिजि-टच कूल 5इन1 सिंगल डोर रेफ्रिजरेटर इस तरह डिजाइन किया गया है कि वह अधिकतम सुविधा, भंडारण की जगह और बिजली की बचत झ ऐसे आवश्यक फीचर जो हर उपभोक्ता अपने रेफ्रिजरेटर में चाहता है, उपलब्ध करा सके। भारतीय उपभोक्ताओं ने हमारे कर्ड मास्ट्रो रेंज पर जिस तरह अपना प्यार लुटाया है, उससे प्रभावित होकर अब यह यूनिक फीचर हम सभी क्षमताओं वाले सेगमेंट में ऑफर कर रहे हैं। हमें पूरा भरोसा है कि 2021 में रेफ्रिजरेटरों का यह नया लाइन-अप इस श्रेणी में हमारी अगुआई को और मजबूत करेगा। सैमसंग का नया डिजि-टच कूलळ 5इन1 रेंज सभी रिटेल चैनलों और सैमसंग के आधिकारिक ऑनलाइन स्टोर सैमसंग शॉप पर 23 फरवरी से उपलब्ध होगा और 17990 रुपये की कीमत के साथ इसकी शुरूआत होगी, जिसमें फीचर और टेक्नोलॉजी दोनों शामिल होंगे। इस साल डायरेक्ट कूल रेंज में चार नए फ्लोरल पैटर्न भी लॉन्च किए गये हैं - डिलाइट, ब्लॉसम, मार्बल व्हाइट और ट्विर्ल।

# ईकोएक्स ने प्लास्टिक क्रेडिट सर्टिफिकेट्स की ट्रेडिंग के लिए लॉन्च किया भारत का पहला डिजिटल प्लेटफॉर्म

» मदरलैंड संवाददाता

ECOEX

चंडीगढ़ । प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन क्षेत्र के स्टार्ट-अप ईकोएक्स ने प्लास्टिक क्रेडिट सर्टिफिकेट्स के लेनदेन की सुविधा उपलब्ध कराने और प्लास्टिक रीसाइक्लिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए भारत के पहले डिजिटल मार्केटप्लेस की शुरूआत की है। पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा विस्तारित उत्पादक जिम्मेदारी के लिए जारी किए गए यूनिफॉर्म फ्रेमवर्क (ईपीआर, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2016 के तहत) के अनुसार, प्लास्टिक उत्पादक, आयातक और ब्रांड मालिक , जो पैकेजिंग के लिए प्लास्टिक का इस्तेमाल करते हैं, अंतिम अपशिष्ट का प्रबंधन करने के लिए जवाबदेह हैं। ईकोएक्स द्वारा लॉन्च किया गया मार्केटप्लेस पारदशीर्रूप से प्लास्टिक क्रेडिट सर्टिफिकेट्स का व्यापार करने के लिए प्लास्टिक वेस्ट ईकोसिस्टम के सभी खिलाड़ियों को एक मंच पर एक साथ लाने का काम करता है। इस मॉडल के तीन लाभ हैंः पहला, यह सुनिश्चित करता है कि ब्रांड्स द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट ईपीआर अनुपालन सबसे प्रभावी तरीके से पूरा किया जाता है, दूसरा यह सुनिश्चित करता है कि प्लास्टिक अपशिष्ट नैतिक तरीके से एकत्रित किया जाए, परिवहन किया जाए एवं इसका निस्तारण किया जाए। तीसरा, यह रीसाइकर्ल्स को रीसाइकल्ड मात्रा के लिए मौद्रिक लाभ प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित करता है और को-प्रोसेसर्स को बेहतर मूल्य प्रदान कर उनकी मदद करता है। ये सभी कारक मिलकर एक प्रभावी ईपीआर अनुपालन के लिए प्लास्टिक क्रेडिट मॉडल को लागू करने के लिए सरकार की मदद करेंगे, और अंततः एक स्वच्छ व साफ वातावरण की संभावना में वृद्धि करेंगे। ईकोएक्स प्लेटफॉर्म को लॉन्च करते हुए, निमित अग्रवाल, संस्थापक, ईकोएक्स ने कहा, एक स्वच्छ भविष्य के लिए डिजिटल विकास को बढ़ावा देने के विचार से जन्मा और स्वच्छ भारत मिशन के अनुरूप, ईकोएक्स का उद्देश्य प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन मूल्य श्रृंखला के सभी हितधारकों के लिए एक स्थायी डिजिटल ईकोसिस्टम की स्थापना करना है, जो कहीं से भी और किसी भी समय सुरक्षित और पारस्परिक रूप से लाभप्रद प्लास्टिक क्रेडिट सर्टिफिकेट्स के लेनदेन को सक्षम करता है। रिसाइकलिंग प्लास्टिक का अतिरिक्त लाभ यह है कि यह नए प्लास्टिक की तुलना में कम कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन करता है।

ईकोएक्स रीसाइक्लिंग समर्थक होने के नाते यह सुनिश्चित करता है कि पर्यावरण से अधिकतम प्लास्टिक को संग्रहित किया जाए। ईकोएक्स रीसाइक्लिंग को लाभदायक बनाने के जरिये यह सुनिश्चित करता है कि अधिकतम प्लास्टिक अपशिष्ट को संग्रहति किया जाए और रीसाइकल किया जाए। इससे समुद्रों में कम प्लास्टिक जाना सुनिश्चित होगा और इससे समुद्री जीवन को बचाने में मदद मिलेगी।

# एसोसिएशन ऑफ इंडियन अमेरिकन एजुकेटर्स,न्यू यार्क द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला कवि सम्मलेन 'नारी शक्ति' का आयोजन

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। एसोसिएशन ऑफ इंडियन अमेरिकन एजुकेटर्स, न्यू यार्क द्वारा महिला दिवस के सन्दर्भ में आयोजित हुये कार्यक्रम में एक अंतराष्ट्रीय महिला कवि सम्मेलन सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारत और संयुक्त राज्य अमरीका से प्रतिष्ठित महिला कवयित्रियों ने भाग लिया ।

एसोसिएशन ऑफ इंडियन अमेरिकन एजुकेटर्स, न्यू यार्क का मुख्य उद्देश्य भारत से आये हुए छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों की सहायता करना है। संस्था त्रैमासिक बैठकें और एक वार्षिक समारोह आयोजित करती है ह्ल कभी कभी न्यू यॉर्क में काव्य गोष्ठी करवाने का भी कार्य करती हैं। यह कवि सम्मेलन लॉकडाउन के दौरान जूम से ऑनलाइन किया गया था ।

इसमें भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका की नामी-गिरामी प्रख्यात जो कवयित्रियां सम्मिलित हुई थीं उन कवयित्रियों के नाम इस प्रकार हैं-

अनुराधा चंद्र जी न्यू यॉर्क से , डॉ. सरिता मेहता जी ह्यूस्टन से, नीलम त्रिखा जी पंचकुला भारत से, डॉ. शशि तिवारी जी आगरा भारत से, शशि पाधा जी वर्जिनिया से, रचना श्रीवास्तव जी कैलिफोर्निया से, प्रेमलता पिंकी वैष्णव जी मिशीगन से, पुष्पा अवस्थी स्वाति जी मुंबई भारत से , प्रियंका अग्निहोत्री जी वाराणसी भारत से, विनीता तिवारी जी वर्जिनिया से, आस्था नवल जी वर्जिनिया से, सुषमा मल्होत्रा जी न्यू यॉर्क से एसोसिएशन ऑफ इंडियन अमेरिकन एजुकेटर्स संस्था के पदाधिकारी डॉ. वेद व्यास ने संस्था की अध्यक्ष चरणजीत तथा उपाध्यक्ष सुषमा अरोडा को आमंत्रित किया कि वे इस संस्था के बारे में कुछ शब्द कहें ह्ल उसके उपरांत उन्होंने कवि सम्मेलन आरंभ करने के लिए इस संस्था की संस्थापक अध्यक्ष सुषमा मल्होत्रा जी को आमंत्रित किया ।

डॉ. शशि तिवारी जी की वीणा वादिनी माँ सरस्वती की स्तुति गान से प्रारंभ हुये इस कार्यक्रम में सभी कवयित्रियों ने एक से एक बेहतरीन रचनाओं से सबका मन लुभाया एवं सराहना पाई और तालियां बटोरीं।

सभी कवियों के काव्य पाठ के पश्चात डॉ. सरिता मेहता जी ने अध्यक्ष सुषमा मल्होत्रा जी को काव्य पाठ के लिए आमंत्रित किया । आखिर में मंच संचालन कर रही सुषमा मल्होत्रा जी ने अपना कविता पाठ किया, उन्होंने 'बसंत ऋतु' और महिला सशक्तीकरण के ऊपर 'कल्पना एक कल्पना' नामक कवितायेँ पेश कीं । उन्होंने अत्यधिक प्रशंसा बटोरी और तालियों के बीच सभी को आभार व्यक्त करते हुये कार्यक्रम का समापन किया।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# सामाजिक न्याय बनाम आरक्षण या सामाजिक न्याय और आरक्षण



डॉ शंकर सुवन सिंह

**विश्व में डिजिटल अर्थव्यवस्था कार्य करने की क्षमता को नया आयाम दे रही है। पिछले एक दशक में, ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी,क्लाउड कंप्यूटिंग और डेटा के विस्तार ने डिजिटल प्लेटफार्मों के प्रसार को बढ़ावा दिया है डिजिटल अर्थव्यवस्था समाज के कई कार्य क्षेत्रों में प्रवेश कर चुका हैं। वर्ष 2020 की शुरूआत से,कोविड-19 महामारी के परिणामों ने विश्व में दूरस्थ कार्य व्यवस्था को जन्म दिया है डिजिटल प्लेटफार्म ने कोविड-19 महामारी के दौरान दुनिया को वेब /इंटरनेट के माध्यम से जोड़े रखो ।**

समाज एक से अधिक लोगों के समुदायों से मिलकर बने एक वृहद समूह को कहते हैं जिसमें सभी व्यक्ति मानवीय क्रियाकलाप करते हैं। मानवीय क्रियाकलाप में आचरण,सामाजिक सुरक्षा और निर्वाह आदि की क्रियाएं सम्मिलित होती हैं।मनुष्य सामाजिक प्राणी है ।मनुष्य सभी प्राणियों में सर्वश्रेष्ठ है। अन्य प्राणियों की मानसिक शक्ति की अपेक्षा मनुष्य की मानसिक शक्ति अत्यधिक विकसित है। समाज रूपी मकान जब न्याय रूपी स्तम्भ पर खड़ा होता है तो ऐसा समाज सौम्यता,समानता और शांति का प्रतीक होता है। सामाजिक न्याय (सोशल जस्टिस) की बुनियाद सभी मनुष्यों को समान मानने के आग्रह पर आधारित है।सामाजिक न्याय अर्थात समानता का अधिकारेन्याय ही समाज में फैली तमाम तरह की बुराईयों और गैर-सामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने, उन्हें सजा देने तथा तमाम नागरिकों के नैतिक और मानवाधिकारों की रक्षा करता हैं ।

यह दिवस खास कर समाज में फैली असमानता और भेदभाव जैसी कुरीतिओं के प्रति तेजी से उठ रहे असमानता और भेदभाव से सामाजिक न्याय की मांग को देखते हुए कई कानून बने लेकिन आज भी यह बुराई हमारे समाज में फैली हुयी हैं ।इसे दूर करने के लिए कई बार विचार विमर्श हुए और इसके निदान के लिए कई अभियान भी चलाये गऐ लेकिन फिर भी अभी तक समाज से यह बुराई नहीं मिट पायीसामाजिक न्याय एक सपना का सपना ही बना रहोसमाज में फैली भेदभाव और असमानता के कारण मानवाधिकारों का हनन लगातार होता रहो संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2007 में 20 फरवरी के दिन को विश्व सामाजिक न्याय दिवस के रुप में मनाने की घोषणा की थीअतएव विश्व में प्रत्येक वर्ष 20 फरवरी के दिन को विश्व सामाजिक न्याय दिवस (वर्ल्ड डे ऑफ सोशल जस्टिस) के रूप में मनाया जाता हैं विश्व सामाजिक न्याय दिवस का आयोजन विभिन्न सामाजिक मुद्दों,जैसे-बहिष्कार, बेरोजगारी तथा गरीबी से निपटने के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है इसी दिवस को सफल बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र एवं अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के लोगो के द्वारा सामाजिक न्याय हेतु अलग अलग तरह के कैम्प लगाये जाते हैं और लोगो को सामाजिक न्याय के प्रति जागरूक किया जाता हैं विश्व सामाजिक न्याय दिवस- 2021 का थीम / प्रसंग है अंकीय अर्थव्यवस्था में सामाजिक न्याय का आह्वान (ए कॉल फॉर सोशल जस्टिस इन द डिजिटल इकोनॉमी)अंकीय अर्थव्यवस्था (डिजिटल इकोनॉमी) का अर्थ उस अर्थव्यवस्था से है जो अंकीय संगणन की प्रौद्योगिकी (जैसे कम्प्यूतर, इन्टरनेट) आदि पर आधारित हो। कभी-कभी इसे इन्टरनेट अर्थव्यवस्था, नयी अर्थव्यवस्था, या वेब अर्थव्यवस्था भी कहते हैं।

विश्व में डिजिटल अर्थव्यवस्था कार्य करने की क्षमता को नया आयाम दे रही है।पिछले एक दशक में, ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी,क्लाउड कंप्यूटिंग और डेटा के विस्तार ने डिजिटल प्लेटफार्मों के प्रसार को बढ़ावा दिया है डिजिटल अर्थव्यवस्था समाज के कई कार्य




क्षेत्रों में प्रवेश कर चुका हैं। वर्ष 2020 की शुरूआत से,कोविड-19 महामारी के परिणामों ने विश्व में दूरस्थ कार्य व्यवस्था को जन्म दिया है डिजिटल प्लेटफार्म ने कोविड-19 महामारी के दौरान दुनिया को वेब /इंटरनेट के माध्यम से जोड़े रखो डिजिटल प्लेटफार्म ने समाज के प्रत्येक कार्य क्षेत्र में जैसे शिक्षा,बैंकिंग,सुरक्षा,एंटरटेनमेंट आदि को काफी मजबूती प्रदान करी डिजिटल प्लेटफार्म ने कई व्यावसायिक गतिविधियों की निरंतरता को बनाए रखा अंतर्राष्ट्रीय या राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले उत्सव और प्रतिस्पर्धा का लोगो ने डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से जमकर लुफ्त उठायोडिजिटल प्लेटफार्म ने न्याय व्यवस्था को समाज से जोड़े रखा है।

कोरोना महामारी के दौरान समाज को सुलभ और सस्ता न्याय दिलाने में डिजिटल प्लेटफार्म ने अहम भूमिका निभाई है डिजिटल प्लेटफार्म पर लोगो ने अर्थव्यवस्था के विकास और प्रभाव को और मजबूती प्रदान की है। डिजिटल लेबर प्लेटफॉर्म मजदूरों को आय-सृजन के अवसर और लचीली कार्य व्यवस्था से लाभ प्रदान करते हैंकई देशों के नियामक प्रतिक्रियाओं ने डिजिटल श्रम प्लेटफार्मों पर काम करने की स्थिति से संबंधित कुछ मुद्दों को संबोधित करना शुरू कर दिया है। हालाँकि, अंतर्राष्ट्रीय नीति संवाद और समन्वय की आवश्यकता है क्योंकि डिजिटल श्रम मंच कई न्यायालयों में काम करते हैं। राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बहु-हितधारक नीति संवाद और समन्वय को बढ़ावा देना भी महत्वपूर्ण है ताकि देशों और मंच कंपनियों द्वारा प्रतिक्रियाओं की विविधता को देखते हुए नियामक निश्चितता और सार्वभौमिक श्रम मानकों की प्रयोज्यता सुनिश्चित की जा सके। भारत में अशिक्षा, गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई और आर्थिक असमानता ज्यादा है। इन्हीं भेदभावों के कारण सामाजिक न्याय बेहद विचारणीय विषय हो गया है।डॉ. मार्टिन लूथर किंग, जूनियर (15 जनवरी 1929-4 अप्रैल 1968) अमेरिका के एक पादरी,आन्दोलनकारी(ऐक्टिविस्ट)एवं अफ्रीकी-अमेरिकी नागरिक अधिकारों के संघर्ष के प्रमुख नेता थे।उन्हें अमेरिका का गांधी भी कहा जाता है।मार्टिन लूथर किंग ने कहा था कि जहां भी अन्याय होता है वहां हमेशा न्याय को खतरा होता है । यह बात केवल वैधानिक न्याय के बारे में ही सही नहीं है क्योंकि एक विवेकपूर्ण समाज से सदैव समावेशी प्रणाली के लिये रंग, नस्ल,वर्ग,जाति जैसी किसी भी प्रकार की सामाजिक बाधा से मुक्त न्याय सुनिश्चित करने की उम्मीद की जाती है ।ताकि समाज का कोई भी व्यक्ति अपने न्याय के अधिकार से वंचित न हो सकेकिसी को भी न्याय से वंचित रखना न केवल सामाजिक न्याय के सिद्धांतों के खिलाफ है ।

*यह लेखक की निजी राय है*

## संपादकीय



# टीके से डर दूर हो

भारत में कोरोना के खिलाफ वैक्सीनेशन उतनी तेजी से नहीं बढ़ रहा, जितनी तेजी से अब एक्टिव केस बढ़े लगे हैं। देश में रोज एवरेज 4 लाख टीके लग रहे हैं।10 दिन पहले यह औसत 3.71 लाख था। यानी सिर्फ 7.20ल की बढ़ोतरी। दूसरी ओर कोरोना के मरीज 10 दिन में ही 1.37 लाख से बढ़कर 1.49 लाख हो गए हैं। यानी, 7.87 फीसदी ज्यादा। देश में कुल 3 करोड़ हेल्थ-फ्रंटलाइन वर्कर्स हैं, जबकि टीके 1.17 करोड़ ही लग पाए हैं। केंद्र सरकार ने फरवरी के आखिर तक सभी वर्कर्स को टीके लगाने का लक्ष्य रखा था। इसे बढ़ाकर मार्च कर दिया गया है। यह लक्ष्य भी अब काफी दूर नजर आ रहा है, क्योंकि अभी पौने 2 करोड़ हेल्थ-फ्रंटलाइन वर्कर्स को वैक्सीन की एक डोज भी नहीं लग पाई है। कोरोना महामारी से निपटने के लिए देश में टीकाकरण अभियान का पहला चरण जोरों पर होने के दावे भले किए जा रहे हों, लेकिन टीका लगवाने को लेकर कोरोना योद्धाओं के भीतर अभी भी डर बना हुआ है। पहले चरण में स्वास्थ्यकर्मियों को टीका देने का लक्ष्य रखा गया है, जिनमें चिकित्सक, नर्सें और अस्पताल कर्मचारी शामिल हैं। पर ज्यादातर जगहों पर स्वास्थ्यकर्मी टीका लगवाने से परहेज कर रहे हैं। सवाल है कि टीके को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों के बीच आखिर इस तरह का अविश्वास और भय क्यों है। पिछले महीने जब टीकाकरण शुरू हुआ था, तब भी पहले ही दिन दिल्ली के एक सरकारी अस्पताल के रेजीडेंट डॉक्टरों ने कोवैक्सीन टीका लगवाने से इनकार कर दिया था। दूसरे राज्यों से भी इस तरह की खबरें आईं कि पहले ही दिन बड़ी संख्या में स्वास्थ्यकर्मी अपनी बारी पर टीका लगवाने नहीं पहुंचे। अब एक महीने बाद भी अगर यही स्थिति है कि स्वास्थ्यकर्मी टीका नहीं लगवा रहे हैं, तो यह चिंता पैदा करने वाली बात है। सच तो यह है कि टीके को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों के बीच डर के कुछ कारण हैं। जैसे शुरूआती दौर में टीका लगवाने के बाद दो-तीन लोगों की जान चली जाने की खबरें आईं। इससे लोगों के बीच यह गलत संदेश चला गया कि टीका पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है। पर बाद में जांच में पता चला कि टीका लगवाने के बाद जो मौतें हुईं, उनका कारण टीका नहीं था। कुछ लोगों में टीका लगवाने के बाद जिस तरह के प्रतिकूल प्रभाव देखने को मिले, उससे भी टीके को लेकर असुरक्षा की भावना पनपी। इन घटनाओं के बाद टीका बनाने वाली कंपनियों ने दिशानिर्देश जारी कर बता भी दिया था कि किन लोगों को टीका नहीं लगवाना है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी स्पष्ट कर दिया था कि कोरोना के दोनों टीके-कोविशील्ड और कोवैक्सीन पूरी तरह से कारगर और सुरक्षित हैं। टीकाकरण के पहले ही दिन नई दिल्ली में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निदेशक डा. रणदीप गुलेरिया और नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डा. वीके पॉल ने भी टीका लगवा कर इसके सुरक्षित होने का प्रमाण दिया था। इसलिए अब भी अगर टीकों को लेकर डर बना हुआ है तो यह हैरानी की बात है और इस भय को दूर करने की जरूरत है। अब समस्या यह खड़ी हो रही है कि अगर स्वास्थ्यकर्मी ही टीका लगवाने से पीछे हटेंगे तो आम लोग टीकाकरण के लिए कैसे प्रेरित होंगे। स्वास्थ्यकर्मियों के लिए टीकाकरण इसलिए भी जरूरी है कि उन्हें ही महामारी की इस चुनौती का सबसे ज्यादा सामना करना है। अभी भी हम कोरोना के प्रकोप से पूरी तरह मुक्त नहीं हो पाए हैं। महाराष्ट्र और केरल जैसे राज्यों में फिर से फैलता संक्रमण बता रहा है कि महामारी फिर से कहर बरपा सकती है जैसा कि ब्रिटेन, जर्मनी और अमेरिका में देखने को मिल रहा है। ऐसे में सबसे ज्यादा बचाव की पहल स्वास्थ्यकर्मियों को ही करनी है, अपने लिए भी और दूसरों के लिए भी। यह भी देखने में आया कि टीके की पहली खुराक के बाद दूसरी खुराक लेने नहीं पहुंचने वालों की संख्या भी कम नहीं है। टीकाकरण को सफल बनाने और इसे लेकर लोगों के मन में बैठा डर निकालने के लिए बेहतर तो यह होता कि इस अभियान की शुरूआत हमारे जनप्रतिनिधियों और नौकरशाहों से होती।

# भारत में बढ़ती जा रही है सड़क हादसों की संख्या, सिर्फ कानून कड़े करने से काम नहीं चलेगा

**“भारत में होने वाले सड़क हादसों में करीब 26 फीसदी खतरनाक या लापरवाह ड्राइविंग या ओवरटेकिंग की वजह से होते हैं। 2019 में इनकी वजह से 42 हजार 500 लोगों की जान चली गई और एक लाख से अधिक लोग घायल हो गए। कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए देशभर में लॉकडाउन लगाया गया था। उससे सड़क हादसों में लगभग बीस हजार लोगों की जान जाने से बचायी गई। अप्रैल से लेकर जून 2020 तक सड़क हादसों में 20 हजार 732 लोगों की मौत हुई। जबकि 2019 में अप्रैल से जून के बीच 41 हजार 32 लोगों की सड़क हादसों में जान चली गई थी। शहरों में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पूरी तरह से नगरीय बस सेवाओं के भरोसे है, जिनमें ज्यादातर बसें पुरानी हो चुकी हैं। कई अध्ययनों में ये बात सामने आई है कि शहरों की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए हमें इस समय सड़कों पर चल रही बसों के मुकाबले कई गुना अधिक बसों की जरूरत है।”**

भारत में आज कोई भी दिन ऐसा नहीं गुजरता है, जिस दिन देश के किसी ना किसी भाग में सड़क हादसा न हुआ हो। इन हादसों में कई लोगों को जान से हाथ धोना पड़ता है। विकास की प्रतीक मानी जाने वाली सड़कें विनाश का पर्याय बनती जा रही हैं। विश्व बैंक की सड़क दुर्घटना रिपोर्ट 2019 के मुताबिक भारत में 2019 में 4 लाख 49 हजार 02 सड़क हादसे हुए, जिनमें 1 लाख 51 हजार 113 लोगों की मौतें हुईं और 4 लाख 51 हजार 361 लोग घायल हुए थे। सड़क हादसों में 70 फीसद। मौतें 18 से 45 वर्ष की आयु वर्ग में होती हैं। भारतीय सड़कों पर हादसों में प्रतिदिन 415 मौतें होती हैं।

दुनिया में वाहनों का सिर्फ एक प्रतिशत भारत में है, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में 10 प्रतिशत मौतें इस देश में होती है। भारत को इस बात पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। दुर्भाग्य से सड़क हादसों की संख्या में कमी नहीं आ रही है। देश में सड़क दुर्घटनाओं का शिकार दरअसल गरीब और सबसे कमजोर तबका होता है। अनौपचारिक क्षेत्र में काम करने वाले लोगों पर इसका कहीं अधिक प्रभाव पड़ता है। दक्षिण एशिया के लिए विश्व बैंक के उपाध्यक्ष हार्टविग साफर ने कहा कि भारत सरकार ने हाल के वर्षों में सड़क सुरक्षा से जुड़े मुद्दों के हल के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। उनके मुताबिक भारत सड़क सुरक्षा के मामले में कुछ अच्छे प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले साल भारत ने अपने मोटर वाहन अधिनियम में संशोधन किया। उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया में विश्व बैंक सड़क सुरक्षा मानकों और संस्थागत पहलुओं में मदद कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमें सुनिश्चित करना होगा कि समुचित मात्रा में ह्यरोडसाइड बैरियरह्ण हों। सड़कें सुरक्षित हों, वाहन भी सुरक्षित हों और वाहनों की जांच की उपयुक्त प्रणाली बनानी होगी।

देश में मोटर व्हीकल एक्ट में किया गया संशोधन 1 सितंबर 2019 से लागू हुआ था। इसका मकसद देश में सड़क पर यातायात को सुरक्षित बनाना और सड़क हादसों में लोगों की मौत की संख्या को कम करना था। लेकिन अब जैसे-जैसे देश में अनलॉक की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है तो देश उसी पुरानी अवस्था की ओर बढ़ रहा है। परिवहन और यातायात दोबारा तेज होने के साथ ही सड़क हादसों की संख्या और उनसे होने वाली मौत के आंकड़े बढ़ते जा रहे हैं।

भारत में होने वाले सड़क हादसों में करीब 26 फीसदी खतरनाक या लापरवाह ड्राइविंग या ओवरटेकिंग की वजह से होते हैं।2019 में इनकी वजह से 42 हजार 500 लोगों की जान चली गई और एक लाख से अधिक लोग घायल हो गए। कोविड-19 महामारी की रोकथाम के लिए देशभर में लॉकडाउन लगाया गया था। उससे सड़क हादसों में लगभग बीस हजार लोगों की जान जाने से बचायी गई। अप्रैल से लेकर जून 2020 तक सड़क हादसों में 20 हजार 732 लोगों की मौत हुई। जबकि 2019 में अप्रैल से जून के बीच 41 हजार 32 लोगों की सड़क हादसों में जान चली गई थी।

शहरों में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पूरी तरह से नगरीय बस सेवाओं के भरोसे है, जिनमें ज्यादातर बसें पुरानी हो चुकी हैं। कई अध्ययनों में ये बात सामने आई है कि शहरों की सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए हमें इस समय सड़कों पर चल रही बसों के मुकाबले कई गुना अधिक बसों की जरूरत है। बसों की कम संख्या व बढ़ती भीड़ के चलते कोविड-19 के दौर में भी सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन नहीं हो पा रहा है। इससे कोरोना वायरस का संक्रमण बढ़ने का खतरा मंडराता रहता है।



सड़क हादसों के कारण अक्सर परिवारों की आमदनी के स्रोत को नुकसान होता है व उनकी रोजी रोजगार छिन जाता है। संबंधित परिवार को आर्थिक दिक्कतें होती हैं। जो लोग सड़क दुर्घटनाओं में बच भी जाते हैं उनके इलाज में भारी रकम खर्च करनी पड़ती है। हालांकि 2019 का मोटर व्हीकल एक्ट सड़क दुर्घटना के शिकार लोगों को बीमा के जरिए आर्थिक मदद उपलब्ध कराता है। लेकिन इस कानून से सड़क हादसों के शिकार लोगों को होने वाली मानसिक क्षति की भरपाई नहीं होती।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का कहना है कि देश में सड़कों के निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है और मार्च 2021 तक प्रतिदिन 40 किलोमीटर सड़क निर्माण का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा। इसके लिए कवायद तेज कर दी गई है। हमने प्रतिदिन 30 किलोमीटर से ज्यादा सड़क निर्माण का लक्ष्य हासिल कर लिया है। गडकरी ने उम्मीद जतायी कि 2025 तक सड़क दुर्घटनाएं और इसके कारण होने वाली मौतें 50 प्रतिशत तक कम हो जाएंगी।

सरकार सड़क दुर्घटनाओं और मौतों को कम करने के लिए तेजी से काम कर रही है। इसके लिए नीतिगत सुधारों और सुरक्षित प्रणालियों को अपनाया जा रहा है। 2030 तक भारतीय सड़कों पर जीरो एक्सीडेंट की दृष्टिगत करने की दिशा में कई कदम उठाए गए हैं। गडकरी ने बताया कि तमिलनाडु में हादसों और मृत्यु संख्या में 53 प्रतिशत की गिरावट आयी है। गडकरी के अनुसार सरकार सड़क पर दुर्घटना संभावित क्षेत्र की पहचान करने और इसके समाधान के लिए 14 हजार करोड़ रुपये खर्च करेगी।


गडकरी का कहना है कि जान लेने वाले सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिये राज्यों को केन्द्रीय सड़क कोष के एक हिस्से का इस्तेमाल करना चाहिये और दुर्घटनावाली जगहों को दुरुस्त करना चाहिये। गडकरी ने कहा कि हम न सिर्फ राष्ट्रीय राजमार्गों पर बल्कि राज्य राजमार्गों पर भी हादसों की संख्या कम करने की कोशिश कर रहे हैं। जिलों में सड़क सुरक्षा समितियां गठित की जानी चाहिये, जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ सांसदों को करनी चाहिये और जिलाधिकारियों को इनका सचिव बनाया जाना चाहिये। यह समिति जिला स्तर पर दुर्घटना के सभी पहलुओं को देखे।

सड़कों पर बने मोड़ों जैसे टी जंक्शन और टी वाई पर सबसे ज्यादा दुर्घटनाएं होती हैं। देश भर में हुए कुल हादसों में से 37 फीसदी हादसे उन्हीं चौराहों और मोड़ों पर होते हैं। उनमें से तकरीबन 60 फीसदी हादसे टी और टी वाई जंक्शन पर रिकॉर्ड किए गए।इन हादसों की सबसे बड़ी वजह ड्राइवरों की गलती रहती है। स्पीड सीमा को पार करना, शराब पीकर गाड़ी चलाना, ओवरटेकिंग और मोबाइल पर बात करते हुए गाड़ी चलाना कुछ ऐसी गलतियां हैं, जिनसे बड़ी संख्या में सड़क हादसे हो रहे हैं। कुल सड़क हादसों में से 84 फीसदी हादसों के पीछे ड्राइवरों की गलती होती है। इंटरनेशनल रोड फेडरेशन के मुताबिक भारत में सड़क हादसों में सालाना करीब 20 अरब डॉलर का नुकसान होता है।

देश की सड़कों पर वाहनों का दबाव बढ़ता जा रहा है, इस पर नियंत्रण के उचित कदम उठाए जाने चाहिए। साथ ही वाहनों की सुरक्षा के मानकों की समय-समय पर जांच होनी चाहिए। स्कूलों में सड़क सुरक्षा से जुड़े जागरूकता अभियान चलाए जाएं। भारी वाहन और पब्लिक ट्रांसपोर्ट को परमिट दिए जाने की प्रक्रिया में कड़ाई बरती जाए। ड्राइविंग लाइसेंस के लिए योग्यता भी तय की जाए। साथ ही छोटे बच्चे और किशोरों के वाहन चलाने पर कड़ाई से रोक लगे। तेज रफ्तार, सुरक्षा बेल्ट का प्रयोग न करने वालों और शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो, तभी देश में सड़कों पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर रोक लग पायेगी।

**-रमेश सर्राफ धमोरा**

# ग्वालियर के स्मारकों की ब्रांडिंग आखिर क्यों नहीं हो पाती है...



नईम कुरेशी

ग्वालियर के विकास की परिकल्पना के मामले में व्यापारियों व उद्योग घराने के तमाम संगठन कैट के भूपेन्द्र जैन व अन्य पूँजीपतियों की तरफ से किये जा रहे परिचर्चा में राज्यसभा सदस्य व पूर्व ग्वालियर रियासत के राजकुमार ज्योतिरादित्य सिंधिया ने तमाम समाज सेवियों व उद्योगपति महिलाओं से सुझाव लिये जिसमें सिंधिया बोले हमारे ग्वालियर अंचल में दिल्ली, आगरा, जयपुर से 100 गुना ज्यादा स्मारक व धरोहर हैं फिर भी यहां विदेशी पर्यटक सिर्फ 3 फीसद तक ही आ पा रहे हैं। एक दौर में 25 साल पहले तक यहां हर रोज बोइ औग विमान भरकर आम पर्यटक आते रहे हैं पर आज क्या हो गया?

सिंधिया खुदमान रहे हैं कि हम अपने स्मारकों की ब्रांडिंग व उनको दुनिया के सामने लान हीं पा रहे हैं। इसके लिए जिला प्रशासन से लेकर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, राज्य पुरातत्व मेहकमा, लोक निर्माण विभाग व नगर पालिका निगम आखिर कौन जिम्मेवार है? इस पर खुलकर चर्चा की जानी चाहिये जो अभी तक नहीं हो पायी है। संभागीय आयुक्त जिला कलेक्टर या कोई स्थानीय विधायक या सूबे की सरकार के वजीरकाइसतरफ ध्यान नहीं जाता। दुनिया भर में मशहूर ग्वालियर किला जिस कारण यहां कुछ विदेशी पर्यटक आ पाते हैं उसके आसपास 1500 से 5000 हजार के करीब चारों तरफ पिछले 30 सालों में अतिक्रमण कर लिये गये हैं। उसे हटाने को या उन्हें रोकने की इच्छा शक्ति न जिलाप्रशासन की है न नगर पालिका निगम की। ग्वालियर फोर्ट पर शिन्दे की छावनी से जाने वाले महज 2 किलोमीटर नगर निगम की सड़क पर 80 से 100 तक छोटे बड़े गढ्ढों को भरने तक की नगर पालिका निगम ने कभी भी कोशिशें नहीं की न यहाँ से आवारा पशु, गाय व सांडों को हटवा पाया। इसी तरह से फोर्ट के पीछे वाले गेट जो उप नगर ग्वालियर का गेट हैं वहाँ भी आवारा पशु पर्यटकों को सींग मारते देखे गये। इसी गेट पर कुछ महिलायें घास बेचकर इन आवारा पशुओं को प्रोत्साहन करती देखी जाती हैं जिन्हें हटाना जरूरी है। 15-20 सालों से पुरातत्व स्मारकों के लिये 3 माह में होने वाली कलेक्टर की अध्यक्षता वाली बैठक में मामला उठाया जा चुका है पर आदेश पर निगम प्रशासन ने कभी अमल ही नहीं किया। 2 सालों से कलेक्टर ने पुरातत्व के लिए बैठक भी नहीं कर पायी है। यहाँ तक कि माननीय मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने जून 2019 में किले के पास के अतिक्रमण हटाने व ग्वालियर फोर्ट पर पुरातत्व सर्वेक्षण को जरूरी जमीन आबंटित करने का आदेश एक जनहित याचिका में दिया था। उस पर भी सियासत के चलते जिला प्रशासन अमल नहीं कर पा रहा है। इस सब मामलों के चलते आखिर कैसे विदेशी व देशी पर्यटक ग्वालियर फोर्ट या यहाँ के अमर गायक तानसेन व गोस साहब के मकबरों व महाराजबाड़े के दीदार करेंगे। प्रशासनिक लापरवाही व सियासी जागरुकता न होना यहाँ की ब्रांडिंग नहीं कर पा रही है।

## 2 साल में अमल हो पाताहै

माधवराव सिंधिया साहब ने हमसे 94-95 में ग्वालियर पर एक डॉक्यूमेंट्री बनवाने का फैसला लिया था। उस पर अमल करने में ही 2 साल तक लगा दिये थे। तत्कालीन पुरातत्व सर्वेक्षण के महानिदेशक अजय शंकर ने जो महाराजा सिंधिया का नाम लेकर ही ग्वालियर में ग्वालियर व चम्बल के 8 सालों तक आयुक्त की कुर्सी पर जमे रहे थे। नौकरशाही भी ग्वालियर की ब्रांडिंग व यहाँ के विकास में रोड़ा बनती आयी है। सिंधिया साहब ईमानदारी से विकास करना चाहते हैं वो उत्तर भारत के पहले शासक थे जो 20 जिलों के शासक रहे थे। 45 हजार वर्ग किलोमीटर तक उनका शासन माना जाता रहा है। कोई एक लाख करोड़ से भीज्यादा की वो सम्पत्तियों के मालिक हैं पर कुछ नौकरशाह उनके बहुत करीब बने हुए हैं व कुछ ऊँची जाति के लोग जिनसे उनकी लोकप्रियता में कई बार कमी आती देखी गई। यहाँ तक कि ज्योतिरादित्य सिंधिया पिछला लोकसभा चुनाव तक हार गये। उन्हें फिर से अपने सलाहकार चुनने होंगे। इस इलाके में भा.ज.पा. व कांग्रेस तो एक ही घर से संचालित होती रही हैं। आधे कांग्रेसियों ने उनका साथ छोड़ देने से उनकी लोकप्रियता अभी भी बरकरार है। अभी भी सिंधिया अपनी मनमर्जी के आय.ए.एस. अफसरों को चुनने की पुरानी परम्परा निभा रहे हैं जो तर्कसंगत नहीं लगती।

*यह लेखक की निजी राय है*

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा हैल्थ ऑफ भारत व दैनिक अमन प्रेस आर. जेड.-138, रविनगर एक्सटेंसन, नियर पार्क हॉस्पिटल, न्यू दिल्ली-110018 से मुद्रित एवं एस-503ए स्कूल ब्लॉक, शक्करपुर दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

## नेपाली सुप्रीम कोर्ट ने पलटा पीएम ओली का फैसला, अब क्या होगा उनका प्लान-बी



**काठमांडू।** नेपाल की सुप्रीम कोर्ट ने आज प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के फैसले को पलटते हुए संसद के निचले सदन को बहाल कर दिया है। अदालत ने इसके साथ ही सरकार को अगले 13 दिनों के भीतर सदन का सत्र बुलाने का आदेश दिया है। इसके अलावा नेपाल की सर्वोच्च अदालत ने 20 दिसंबर, 2020 को संसद भंग होने के बाद पीएम ओली के विभिन्न संवैधानिक निकायों को की गई सभी नियुक्तियों को भी रद्द कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट की संविधानिक पीठ के इस फैसले को पीएम ओली के लिए बड़ा झटका बताया जा रहा है। ओली के धुर विरोधी उनकी ही पार्टी के दूसने नंबर के नेता पुष्प कमल दहल प्रचंड और माधव कुमार नेपाल ने कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। इसके अलावा विपक्षी नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा और डॉ शेखर कोइराला के अलावा जनता समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने भी कोर्ट के फैसले पर खुशी जताई है।

उधर पीएम ओली के सामने कोर्ट के फैसले के बाद बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। विपक्षी नेताओं ने कहा है कि पीएम ओली को अब सत्ता में बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। उल्लेखनीय है कि पीएम ओली इस समय कार्यवाहक प्रधानमंत्री का कार्यभार संभाल रहे हैं। अब जब उन्हें 13 दिनों के अंदर संसद का सत्र बुलाना है, तो उनके खिलाफ सभी विपक्षी पार्टियां एकजुट होकर अविश्वास प्रस्ताव ला सकती हैं। इस बेइज्जती से बचने के लिए ओली पहले ही इस्तीफे का ऐलान कर सकते हैं।

पीएम ओली को पहले से ही पता था कि संसद के सत्र के दौरान विपक्षी पार्टियों के साथ मिलकर उनका प्रतिद्वंदी धड़ा अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है। इसी कारण उन्होंने आनन-फानन में संसद को भंग करने की सिफारिश कर दी थी। हालांकि अब उन्हें इसका सामना करना ही पड़ेगा। अगर विपक्ष एकजुट हो गया तो ओली के लिए कुर्सी बचाना लगभग नामुमकिन हो जाएगा।

ओली के धड़े वाली नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी से जुड़ी महिला संगठन की एक नेता ने बताया है कि इस स्थिति में पीएम ओली विपक्षी पार्टी नेपाली कांग्रेस के साथ गठजोड़ कर सकते हैं। दावा किया गया था कि नेपाली कांग्रेस के चीफ शेर बहादुर देउबा और ओली के बीच राजनीतिक गठबंधन हो सकता है। महिला नेता ने दावा किया था कि संसद के बहाल किए जाने की स्थिति में पीएम ओली ने कहा था कि देउबा के नेतृत्व में गठबंधन सरकार बनेगी। उन्होंने कहा था कि हम चुनाव होने तक नेपाली कांग्रेस के साथ मिलकर बारी-बारी से मिलकर सरकार बनाएंगे।

## पलटा ट्रंप का फैसला, अमेरिका में एक मार्च को बहाल होगी 2008 की आब्रजन नीति



**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन ने अमेरिकी नागरिकता पाने के योग्य लोगों के लिए पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की नीति को पलटते हुए 2008 की नीति को बहाल करने का निर्णय लिया है। इस फैसले से सभी योग्य लोगों के लिए नागरिकता पाने का मार्ग और आसान हो जाएगा। अमेरिकी नागरिकता और आव्रजन सेवा (यूएससीआईसी) ने कहा कि यह नई नीति एक मार्च से लागू होगी।

यूएससीआईसी ने पिछले साल एक दिसम्बर को नागरिकता परीक्षा में बदलाव किया था, जिसे 2020 नागरिकता परीक्षा कहा जाता है। पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने स्वाभाविक तौर पर अमेरिकी नागरिकता पाने के योग्य लोगों के लिए नागरिकता परीक्षा में बदलाव करने का फैसला किया था। इसके तहत प्रश्न की संख्या 100 से बढ़ाकर 128 कर दी गई थी और बहुवैकल्पिक सवालों में राजनीतिक और वैचारिक रुझानों की परख करने का फैसला किया गया।

नीति को बदलने की घोषणा करते हुए यूएससीआईएस ने कहा कि एजेंसी का मानना है कि एक दिसंबर, 2020 को या उससे पहले आवेदन करने वालों के लिए संशोधित नागरिकता परीक्षा अनजाने में संभावित अवरोधक हो सकती है। बयान में कहा गया यह फैसला हमारे कानूनी आव्रजन तंत्र में फिर से भरोसा बहाल करने के लिए शासकीय आदेश के ढांचे के अनुरूप है। इसके तहत सभी योग्य लोगों के लिए प्रक्रिया को आसान बनाने का प्रावधान है। इसके साथ ही स्वाभाविक तौर पर नागरिकता पाने के योग्य लोगों के लिए अवरोधक भी खत्म करने की प्रतिबद्धता जतायी गयी है। स्वाभाविक तौर पर अमेरिकी नागरिकता पाने के योग्य लोगों को इसके लिए परीक्षा देनी पड़ती है। परीक्षा में पास करने के लिए अमेरिका के इतिहास, सिद्धांतों और सरकार के गठन सबंधी जानकारी होनी जरूरी है।

## कनाडा की संसद में सुपर-30 के संस्थापक आनंद कुमार की हुई तारीफ

**ओटावा।** कनाडा के एक सांसद ने वंचित बच्चों के लिए सुपर-30 के संस्थापक एवं शिक्षक आनंद कुमार के प्रेरक कार्य की शिक्षा के एक सफल मॉडल के तौर पर प्रशंसा की है। ब्रिटिश कोलंबिया में मैपल रिज और पिट मीडोज के सांसद मार्क डाल्टन ने संघीय जिले में शिक्षा परियोजनाओं का ब्योरा देते हुए कहा कि सुपर-30 के प्रेरक कार्य समाज के वंचित वर्ग के छात्रों की भारत के प्रमुख संस्थानों तक पहुंचने में सभी बाधाओं को दूर करने में मदद कर रहे हैं।

डाल्टन ने कहा कि मैपल रिज के निवासी बीजू मैथ्यू ने कुमार पर एक किताब लिखी है, जो बिहार में जन्मे गणितज्ञ हैं और यह शिक्षाविदों के लिए बहुत प्रेरणादायक है। सुपर-30, एक अत्यधिक प्रशंसित शैक्षिक कार्यक्रम है जिसकी स्थापना कुमार ने की है। सुपर30 बिना किसी शुल्क के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान प्रवेश परीक्षा के लिए हर साल 30 वंचित छात्रों को प्रशिक्षित करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### अफगानिस्तान में टीकाकरण अभियान शुरू, भारत ने 500,000 खुराक भेजी

काबुल। अफगानिस्तान ने राष्ट्रपति भवन में कार्यक्रम के साथ ही देश में टीकाकरण अभियान की शुरूआत की। इस महीने की शुरूआत में अफगानिस्तान को भारत से ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका कोविड-19 रोधी टीके की 500,000 खुराक मिली थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा इस टीके को मंजूरी मिलने के बाद स्वास्थ्य कर्मियों, संवाददाताओं, सुरक्षा बलों को टीके लगाने की शुरूआत हो गई। अफगानिस्तान में कोविड-19 के 55,646मामले सामने आए हैं और 2,435 लोगों की मौत हो गई।

### टेक्सास में बिजली ग्रिड संचालन बोर्ड के शीर्ष अधिकारी देंगे इस्तीफा

ऑस्टिन। टेक्सास के संकटग्रस्त बिजली ग्रिड संचालन बोर्ड के शीर्ष अधिकारियों ने कहा कि वह अपने पदों से इस्तीफा देंगे। पिछले सप्ताह खतरनाक बर्फीले तूफान के दौरान करीब 40 लाख मकानों में बिजली की आपूर्ति ठप हो गई थी और कुछ मकानों में तो कई दिनों तक कड़ाके की सर्दी से राहत पाने के लिए बिजली का उपकरण काम नहीं कर पाया। टेक्सास में इस संकट की शुरूआत के बाद से पहली बार ये इस्तीफे हो रहे हैं। वहीं मामले में अभी और कर्मियों को हटाए जाने की मांग उठ रही है। पद छोड़ रहे पांच निदेशकों में अध्यक्ष सैली तालबर्ग भी शामिल हैं। ये सभी टेक्सास के बाहर के रहने वाले हैं। इन सभी का इस्तीफा बुधवार से प्रभावी होने वाला है। इस्तीफे के एक दिन पहले टेक्सास के सांसदों द्वारा राज्य की संसद में बिजली आपूर्ति ठप होने के संबंध में प्रबंधकों से तीखे सवाल पूछे जाने की संभावना है। निदेशक पद के एक और उम्मीदवार ने भी कहा कि वह अपना नाम वापस ले रहे हैं।

### हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ड्रैगन को रोकने की अमेरिकी रणनीति में भारत का स्थान अहम : विशेषज्ञ

वाशिंगटन। अमेरिका में जो बाइडन प्रशासन अपनी विदेश एवं राष्ट्रीय सुरक्षा की नीति की समीक्षा कर रहा है। विशेषज्ञों और पूर्व राजनयिकों का कहना है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका की रणनीति के लिहाज से भारत महत्वपूर्ण भूमिका में है। भारत के पूर्व विदेश सचिव शिवशंकर मेनन और ह्यसेंटर फॉर चाइना एनालिसिस एंड स्ट्रैटजीह्व के अध्यक्ष जयदेव राणाडे समेत विशेषज्ञों ने यहां थिंक टैंक ह्यद हडसन इंस्टीट्यूटह्व द्वारा आयोजित डिजिटल चर्चा में यह बात कही। मेनन और राणाडे ने अमेरिका के साथ भारत के संबंधों को महत्वपूर्ण बताया। मेनन ने कहा कि दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत होते रहेंगे, क्योंकि जलवायु परिवर्तन, चीन, हिंद प्रशांत और समुद्री सुरक्षा पर रणनीतिक तालमेल बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत न केवल अपने देश में हो रहे बदलाव के लिहाज से अमेरिका को एक महत्वपूर्ण साझेदार मानता है बल्कि वह उसे दुनिया की एकमात्र महाशक्ति भी समझता है। इसके अलावा मुक्त हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर दोनों देशों के साझा रणनीतिक दृष्टिकोण हैं। मेनन ने कहा अमेरिका, कारोबार के लिहाज से हमारा सबसे बड़ा सहयोगी देश है और हम जानते हैं कि मतभेद होने पर उन्हें कैसे सुलझाया जाए। चीन में भारत के पूर्व राजदूत मेनन ने कहा 2012 से दक्षिण एशिया में चीन की सक्रिय मौजूदगी रही है और वह पाकिस्तान के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता रखता है। नेपाल, श्रीलंका जैसे देशों की आंतरिक राजनीति में भी वह भूमिका निभा रहा है और हिंद महासागर में उसने सैन्य दखल बढ़ाया है, जो भारत के लिए चिंता पैदा करने वाला है।

### मॉरीशस में भारतीय प्रवासियों से बोले जयशंकर, ऐसा लगता है कि घर आ गया हूं

पोर्ट लुईस। विदेश मंत्री जयशंकर ने मॉरीशस में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह समुदाय शांति, बहुलवाद, साझा प्रगति और सार्वभौमिक भाईचारे जैसे भारत के मूल्यों का एक बेहतरीन उदाहरण है। जयशंकर ने एक कार्यक्रम के दौरान भारतीय समुदाय के सदस्यों से मुलाकात की और मॉरीशस में विश्वास और उत्साह को जीवित रखने के लिए उनका आभार जताया। जयशंकर दो देशों की यात्रा के अंतिम चरण में रविवार रात मालदीव से यहां पहुंचे थे। उन्होंने ट्विटर पर कहा कि ऐसा लग रहा है कि घर आ गया हूं। मॉरीशस में हमारे विश्वास और उत्साह को जीवित रखने के लिए जीवंत भारतीय समुदाय का धन्यवाद। शांति, बहुलवाद, साझा प्रगति और सार्वभौमिक भाईचारे जैसे भारत के मूल्यों का एक बेहतरीन उदाहरण है। जयशंकर ने कहा, मैंने एक राजनयिक के रूप में अपने लंबे करियर में और अब विदेश मंत्री के रूप में कई देशों की यात्रा की है, लेकिन मुझे आपसे कहना होगा कि मॉरीशस का दौरा हमेशा अलग होता है, यह वास्तव में ऐसा लगता है कि मानो घर आ गया हूं।

## इंडोनेशिया में मछुआरे को मिली इंसानी चेहरे वाली शिशु शार्क, देखने वालों की लगी भीड़

**जकाता।** इंडोनेशिया के एक मछुआरे ने इंसानी चेहरे वाले एक म्यूटेंट शार्क को पकड़ा है। इंसानों जैसे चेहरे वाली इस शार्क को एक बड़ी शार्क के पेट से निकाला गया है। इस शार्क को मछुआरे ने बेचने से इनकार करते हुए घर में ही पालना शुरू किया है। जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग इसे देखने आ रहे हैं। इस म्यूटेंट बेबी शार्क को 48 साल के मछुआरे अब्दुल्ला नूरन ने ईस्ट नुसा तेंगारा प्रांत में रोटे नादो के पास से पकड़ा था। इस मछुआरे ने गलती से अपनी जाल में एक गर्भवती शार्क को पकड़ लिया था। जिसके बाद उसने जब शार्क को काटा तो उसके पेट से 3 छोटे-छोटे बच्चे निकले। इनमें से एक का चेहरा इंसानों की तरह मिलता था।

अब्दुल्ला नूरन ने कहा कि मैंने शुरू में एक बड़ी शार्क को अपने ट्रालर के नीचे जाल में फंसा हुआ देखा। अगले दिन जब मैंने शार्क को काटा तो उसके अंदर तीन बच्चे निकले। उनमें से दो बच्चे तो अपनी मां की तरह दिखते थे, लेकिन एक का चेहरा एकदम इंसानों जैसा था।



इक्वेडोर की एक जेल में हुई हिंसा के बाद वहां उनके परिजन एक दूसरे को सांत्वना देते हुए।

## बजट विभाग का नेतृत्व करने के लिए नीरा टंडन उम्मीदवार: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** अमेरिका में प्रबंधन एवं बजट विभाग में निदेशक के तौर पर नीरा टंडन को नामित किए जाने का व्हाइट हाउस और भारतीय-अमेरिकी समुदाय ने समर्थन करते हुए उन्हें इस पद के लिए सबसे अधिक उचित उम्मीदवार बताया है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जेन साकी ने कहा कि बजट विभाग का नेतृत्व करने के लिए सिर्फ एक उम्मीदवार है और उनका नाम है नीरा टंडन। कई रिपब्लिकन सांसद पूर्व में सोशल मीडिया पर टंडन के बर्ताव को लेकर उनके नाम पर आपत्ति जता रहे हैं।

अगर सीनेट में टंडन (50) के नाम की पुष्टि हो जाती है तो वह ऐसी पहली भारतवंशी महिला होंगी जो अमेरिकी सरकार के वार्षिक बजट का निर्माण करने वाली संघीय एजेंसी का नेतृत्व करेंगी।

ओहायो से रिपब्लिकन सांसद रॉब पोर्टमैन ने कहा कि वह नाम की पुष्टि के दौरान टंडन के विरोध में मतदान करेंगे। इसके अलावा रिपब्लिकन सांसद सुसन कोलिंस और मिट रोमनी भी टंडन के नाम पर विरोध जता चुके हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी टंडन के नाम का समर्थन किया है। सीनेट की बजट समिति में टंडन के नाम पर बुधवार को मतदान होना है जबकि सीनेट के गृह सुरक्षा एवं सरकारी मामलों की समिति में एक दिन बाद गुरुवार को मतदान होगा।

## इक्वाडोर की तीन जेलों में भीषण गैंगवार, 67 कैदियों की मौत, कई घायल

**क्विटो।** लैटिन अमेरिकी देश इक्वाडोर में मंगलवार को तीन जेलों में विरोधी अपराधी गुटों में भीषण गैंगवार हुआ जिसमें अब तक 67 कैदियों की मौत हो गई है। इक्वाडोर के एक अधिकारी इडमुंडो मोनकयो ने इस भीषण गैंगवार की जानकारी दी है। राष्ट्रीय पुलिस ने बताया कि यह संघर्ष गुआयस, अजूआय और कोटोपाक्सी की जेलों में हुआ है। वहीं बंदरगाह शहर गुआयाकिल में एक हिरासत केंद्र में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई है।

गुआयाकिल शहर के पुलिस प्रमुख पैट्रिसियो कारिल्लो ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी इस हिंसा को खत्म कराने के लिए प्रयास कर रहे हैं। हिंसा के बाद पुलिस ने एक बयान जारी करके कहा कि सामाजिक सुधार केंद्रों पर आज हुई घटनाओं को पुलिस ने अब अपने नियंत्रण में कर लिया है। अब तक 50 कैदियों के मारे जाने की पुष्टि हो गई है।

जेल के एक वार्ड में बंद कैदियों पर दूसरे वार्ड में बंद कैदियों ने हमला कर दिया। इस जेल में कम से कम 50



कैदी बंद थे। ट्विटर पर जारी एक बयान में देश के राष्ट्रपति लेनिन मोरेनो ने कहा कि इस हिंसा को आपराधिक संगठनों ने अंजाम दिया है। उन्होंने कहा कि आपराधिक संगठनों ने देश की कई जेलों में एक साथ हमला किया। मंत्री और पुलिस सभी जेलों पर फिर से कब्जा करने के लिए कार्रवाई कर रहे हैं।

बता दें कि इक्वाडोर में गैंगवार अक्सर होता रहता है। इससे पहले दिसंबर महीने में जेलों के अंदर हुई हिंसा में 11 लोगों की मौत हो गई थी और 7 अन्य लोग बुरी तरह से घायल हो गए थे। इक्वाडोर ही नहीं अन्य लैटिन अमेरिकी देशों में भी अक्सर जेलों के अंदर हिंसा होती रहती है। इस हिंसा का वीडियो अब सोशल मीडिया पर काफी शेयर किया जा रहा है।

## वैज्ञानिकों ने खोजा फंगस जो मंगल पर भी रह सकता है जिंदा, मिशनों को कितना खतरा

**लंदन ।** धरती पर पाए जाने वाले कुछ सूक्ष्मजीवी मंगल की सतह पर भी जीवित रह सकते हैं। एक स्टडी के मुताबिक आने वाले वक्त में मंगल पर भेजे जाने वाले मिशन्स के लिए यह खोज अहम हो सकती है। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा और जर्मनी के एयरोस्पेस सेंटर ने धरती के वायुमंडल की परत पर ले जाकर मंगल जैसी कंडीशन्स में सूक्ष्मजीवियों को टेस्ट किया है। यहां पाया गया है कि ये कुछ देर के लिए मंगल पर जरूर जीवित रह सकते हैं। फ्रंटियर्स इन माइक्रोबायॉलजी जर्नल में छपी स्टडी से स्पेस मिशन्स के दौरान सूक्ष्मजीवियों से होने वाले खतरे को जानने में मदद मिलेगी। जीएसी से स्टडी की लीड रिसर्चर मार्टा फिलीपा कॉर्टेसाओ ने बताया है कि बैक्टीरिया और फंगस को मंगल जैसी कंडीशन्स में सफलतापूर्वक टेस्ट किया गया है। इसके लिए जरूरी एक्सपेरिमेंटल उपकरणों को साइंटिफिक बलून के सहारे धरती के वायुमंडल की स्टार्टोस्फेयर परत तक ले जाया गया। उन्होंने बताया कि कुछ सूक्ष्मजीवी, खासकर ब्लैक मोल्ड फंगस के स्पोर इस ट्रिप के दौरान जिंदा रहे। तेज अल्ट्रावॉइलेट रेडिएशन के असर के बावजूद यह नतीजे मिले।


संयुक्त लीड रिसर्चर कैथरीना सीम्स ने बताया है कि दूसरे ग्रहों पर जीवन की खोज में वैज्ञानिकों के लिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि वहां जो उन्हें मिला है वह कहीं धरती से ही तो नहीं पहुंचा। भविष्य में लंबे वक्त के लिए ऐस्ट्रनॉट्स को मंगल पर भेजे जाने का प्लान है। इसलिए भी यह जानना जरूरी है कि कहीं किसी ऐसे सूक्ष्मजीव से उनकी सेहत को खतरा न हो जो मंगल पर भी जीवित रह सकता हो। उनका कहना है कि सूक्ष्मजीवियों की मदद खाना पैदा करने जैसे काम में भी आ सकती है जो धरती से दूर अहम होगा। मंगल की सतह के कई तत्व धरती पर मिलना मुश्किल है लेकिन धरती की सतह से 12 किमी ऊपर से शुरू होकर 50 किमी तक जाने वाली स्टार्टोस्फेयर की परत मंगल से काफी समान होती है।

एक्सपेरिमेंट के दौरान यहां मंगल की तरह प्रेशर था। इस बॉक्स में दो सैंपल लेयर्स थीं जिसमें से नीचे की परत रेडिएशन से बची रही। इससे रेडिशन के असर को बाकी कंटीशन्स से अलग समझा जा सकता है।

## श्रीलंका भारत खरीदेगा ऑक्सफोर्ड एस्ट्राजेनेका वैक्सीन की 1.35 करोड़ खुराक

**कोलंबो।** श्रीलंका ने चीन की कोरोना वैक्सीन से परहेज करते हुए भारत द्वारा भेंट किए गए 500,000 ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका टीके की खुराक के अतिरिक्त 1.35 करोड़ खुराक खरीदने की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद संभव है कि श्रीलंका टीकाकरण के दूसरे चरण में चीन के टीके का इस्तेमाल नहीं करे। वृक्षारोपण मंत्री रमेश पाथीराना ने कहा कि चीन और रूस के टीकों के अभी तैयार नहीं हो पाने की वजह से ऐसा संभव है कि टीकाकरण के दूसरे चरण में श्रीलंका सिर्फ एस्ट्राजेनेका टीकों की खुराक का ही इस्तेमाल करे।

पाथीराना ने कहा चीनी टीके ने तीसरे चरण के परीक्षण से संबंधित दस्तावेज जमा नहीं किए हैं ह्लह्ल पहले चरण के टीकाकरण के लिए सरकार ने सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से




5 l25 करोड़ डॉलर की कीमत पर एक करोड़ टीके की खुराक की खरीद के ऑर्डर दिए हैं। वहीं कोवाक्स कार्यक्रम के तहत 35 लाख खुराक की खरीद सीधे तौर पर ब्रिटेन की एस्ट्राजेनेका इंस्टीट्यूट से होने घोषणा की गई है। भारत ने जनवरी के अंत में श्रीलंका को इसी टीके की 500,000 खुराक भेंट की थी, जिसके बाद श्रीलंका में टीकाकरण अभियान शुरू हुआ।

## स्कूल में दोस्त ने की थी नस्ली टिप्पणी तो तोड़ दी थी नाक, बराक ओबामा ने किया खुलासा



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने खुलासा किया है कि स्कूल में पढ़ाई के दौरान लॉकर रूम को लेकर हुई लड़ाई में उस समय के मेरे दोस्त ने जब नस्ली टिप्पणी की तो मैंने उसकी नाक तोड़ दी थी। अमेरिका के पहले अश्वेत राष्ट्रपति ओबामा ने बताया कि इस लड़ाई से पहले हम दोनों दोस्त थे और मिलकर बास्केट बॉल खेलते थे। ओबामा ने सोमवार को एक पोडकास्ट में यह खुलासा किया।

उन्होंने कहा स्कूल में मेरा एक मित्र था। हम साथ-साथ बास्केटबॉल खेला करते थे। एक बार हमारे बीच लड़ाई हो गई तो उसने नस्ली टिप्पणी की। उस समय मेरे मित्र को इसका मतलब भी कायदे से पता नहीं था, लेकिन वह बस इतना जानता था कि इस शब्द के जरिए वह मुझे आहत कर सकता है।

ओबामा ने बताया कि इस टिप्पणी के बाद मैंने उसके चेहरे पर जोरदार घूसा मारा और उसकी नाक तोड़ दी थी। उस समय हम लोग लॉकर रूम में थे। मैंने अपने दोस्त से कहा कि दोबारा मुझे इस तरह के शब्द नहीं कहना। बराक ओबामा ने संभवतः पहली बार इस घटना के बारे में सार्वजनिक रूप से बताया है। ओबामा ने पूरे इंटरव्यू के दौरान नस्ली टिप्पणी करने वालों पर जोरदार हमला बोला। इससे पहले वर्ष 2015 में ओबामा ने एक इंटरव्यू में कहा था कि उनका देश नस्लभेदी इतिहास से पूरी तरह उबर नहीं पाया है।

यहां अब भी उनके लिए एन (नीग्रो) शब्द का उपयोग किया जाता है। ओबामा ने कहा नस्लभेद हमारे बीच से पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। यह बगैर किसी शालीनता के किसी को पब्लिक में निगर (नीग्रो) कहने का एक मामला भर नहीं है। 200-300 साल पहले जिस बुराई की गिरफ्त में समाज था, उसे वह एक रात में पूरी तरह से नहीं मिटा सकता।

## नासा ने जारी किया मंगल पर उतरने का वीडियो, पहली बार सुनाई दी लाल ग्रह की आवाज

**वाशिंगटन ।** लाल ग्रह की अबूझ पहेलियों को सुलझाने गए नासा के मार्स पर्सेवरेंस रोवर ने मंगल ग्रह का पहला वीडियो और ऑडियो भेजा है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने रोवर के वीडियो शेयर किया है और इसे मंगल ग्रह पर कैसे लैंड करें, नाम दिया है। नासा के इस ऑडियो और वीडियो से लाल ग्रह के बारे में इंसान की और ज्यादा समझ बढ़ी है। नासा के रोवर में लगे कैमरों ने पहली बार दुनिया को दिखाया है कि मंगल ग्रह पर किस तरह से लैंडिंग होती है। यही नहीं रोवर पर लगाए गए माइक्रोफोन ने कुछ सेकंड का ऑडियो भेजा है जिसमें मंगल ग्रह की हवाएं और वहां रोवर के काम करने पर पैदा होने वाली आवाज रेकॉर्ड हुई है। नासा की ओर से जारी वीडियो में मंगल ग्रह पर यान के उतरने की पूरी प्रक्रिया नजर आ रही है। इस वीडियो की शुरूआत रोवर के मंगल ग्रह के वातावरण में पहुंचने के ठीक 230 सेकंड बाद होती है। मंगल ग्रह के 7 मील ऊपर नासा के रोवर का पैराशूट खुल जाता है। वीडियो का अंत रोवर के मंगल ग्रह की सतह को छूने के साथ होता है। नासा से जुड़े थॉमस जुरबूचेन ने कहा, ह्यरोवर के लैंडिंग का यह वीडियो बहुत शानदार है और सूट पर ज्यादा दबाव डाले बिना आप इसे कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह हर युवा महिला और पुरुष वैज्ञानिक के लिए जरूरी होना चाहिए जो दूसरी दुनिया की खोज करना चाहते हैं और ऐसे यान बनाना चाहते हैं जो उन्हें दूसरी दुनिया में ले जाए। नासा



के इस अत्याधुनिक रोवर में कुल 23 कैमरे लगे हुए हैं। इसमें जूम करने और रंगीन वीडियो बनाने की क्षमता है। रोवर में एक हेलीकॉप्टर लगा है जिसे इंजेन्यूटी नाम दिया गया है। यह रोवर मंगल ग्रह पर उतरने के बाद नासा के वर्ष 2006 में भेजे गए ऑर्बिटर की मदद से अपना डेटा और तस्वीरें भेज रहा है।

नासा के रोवर ने अपने माइक्रोफोन की मदद से लाल ग्रह की हवाओं की कुछ सेकंड की आवाज को भेजा है। हालांकि माइक्रोफोन ने बहुत इस्तेमाल किए जाने वाला डेटा नहीं भेजा है। मार्स पर्सेवरेंस रोवर ने अपने ट्विटर अकाउंट से मंगल ग्रह की आवाज को शेयर किया है। नासा के रोवर ने मंगल ग्रह पर उतरने की कुल 23000 तस्वीरें भेजी हैं। यही नहीं अभी तक किसी भी अंतरिक्ष यान ने उतरने का वीडियो कैमरे में कैद नहीं किया है। नासा से जुड़े अल चेन ने कहा कि ये वीडियो और तस्वीरें हमारा सपना था। इसका सपना हम कई वर्षों से देख रहे थे। नासा के 5 कैमरों ने एक साथ रोवर के मंगल ग्रह पर उतरने को रेकॉर्ड किया। इस दौरान यह क्राफ्ट 7 मिनट में 12 हजार मील प्रतिघंटे की रफ्तार से 0 मील प्रति घंटे की रफ्तार पर आ गया और सतह पर लैंड कर गया। नासा का रोवर जेजेरो क्रेटर में उतरा है जिसे मंगल की प्राचीन झील का तल माना जाता है। वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि अगर मंगल पर कभी जीवन था, तो उसके संकेत यहां जीवाश्मों में मिल सकेंगे। नासा का पर्सेवरेंस रोवर मंगल पर ऐस्ट्रोबायॉलजी से जुड़े कई अहम सवालों के जवाब खोजेगा। इनमें से सबसे बड़ा सवाल है- क्या मंगल पर जीवन संभव है? यह मिशन न सिर्फ मंगल पर ऐसी जगहों की तलाश करेगा जहां पहले कभी जीवन रहा हो बल्कि अभी वहां मौजूद माइक्रोबियल लाइव के संकेत भी खोजेगा।

पर्सेवरेंस रोवर कोर वहां चट्टानों और मिट्टी से सैंपल लेगा और भविष्य में वहां जाने वाले मिशन इन सैंपल्स को धरती पर वापस लेकर आएंगे। दरअसल, इन सैंपल्स को स्टडी करने के लिए वैज्ञानिकों को बड़े लैब की जरूरत होगी जिसे मंगल पर ले जाना संभव नहीं है। इसके अलावा मिशन ऐसी जानकारियां इकट्ठा करेगा और टेक्नॉलजी को टेस्ट करेगा जिनसे आने वाले समय में मंगल पर इंसानों को भेजने का तरीका खोजा जा सके।

# प्रदेश के विकास में नए सोपान प्रदान करने वाला है बजट: डॉ. रघु शर्मा

» मदरलैंड, देशबंधु जोशी

जयपुर। चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं सूचना व जनसंपर्क मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत द्वारा बुधवार राजस्थान विधानसभा में आज प्रस्तुत बजट को अत्यंत जन कल्याणकारी और प्रदेश के विकास को नया सौपान प्रदान करने वाला बजट बताया है। उन्होंने कहा कि इस बजट से न केवल रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे बल्कि प्रदेश का आधारभूत ढांचा सुद्धढ़ होगा और राजस्थान एक विकसित प्रदेश की श्रेणी में खड़ा हो सकेगा।

डॉ. शर्मा ने कहा कि बजट में चिकित्सा, रोजगार, कृषि, रोजगार, युवाओं, महिलाओं, मजदूरों, वंचित वर्गों समेत सभी तबकों का खास ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने राज्य की जनता पर कोई नया टैक्स नहीं लगाया। बल्कि टैक्स के अलग-अलग मद में 910 करोड़ रुपए की छूट दी। यानी टैक्स से सरकार को होने वाली आय में 910 करोड़ इस साल कम मिलेंगे। सरकार ने कृषि क्षेत्र पर खास फोकस रखते हुए अगले साल से कृषि का बजट अलग से पेश करने की घोषणा की। बजट में खेती की बिजली के लिए अलग से बिजली कंपनी बनाने और सीधे फायदे के लिए मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना की घोषणा भी की। उन्होंने बताया कि सोलर पम्प हेतु अनुसूचित क्षेत्र के जनजाति किसानों को 45 हजार रुपये प्रत्येक कृषक अनुदान, चरणबद्ध रूप से 5000 किसानों को सोलर पम्प के लिए 22 करोड़ 50 लाख रुपये का व्यय होगा।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगी परीक्षा देने वाले युवाओं को रोडवेज में फ्री यात्रा की घोषणा एक प्रशंसनीय कदम है। बजट में मुख्यतया रोजगार के नए अवसर सृजित करने पर विशेष बल दिया गया है। उन्होंने बताया कि आगामी वर्षों में कुल 53 हजार पदों पर नई भर्ती करने की घोषणा की गई है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को समर्पित इस बजट में स्वास्थ्य सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। स्वास्थ्य के लिए बजट में पर्याप्त बढ़ोतरी की गई है और वर्ष 2021-22 के लिए 14 हजार 535 करोड़ की राशि का प्रावधान किया गया है।

चिकित्सा मंत्री ने कहा कि ह्यनिरोगी राजस्थानह्य प्रबंधन कोष के गठन की घोषणा भी स्वागत योग्य है। उन्होंने बताया कि गुणवत्तायुक्त विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश में 15 नए मेडिकल कॉलेजों के आगामी 4 वर्षों में निर्माण पूरा करवाने की कार्ययोजना बनाई गई है, इन कॉलेजों में करीब 5 हजार करोड़ रुपए की राशि व्यय होगी, जिसमें से 2 हजार करोड़ की राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जाएगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने उदयपुर, कोटा, बीकानेर के चिकित्सा महाविद्यालय और सम्बद्ध चिकित्सा संस्थानों को ऑर्गन रिट्रायल संस्थानों के रूप में विकसित करने का भी स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि बजट में कृषि को भी प्राथमिकता दी गई है। कृषि विभाग में बजट में बढ़ोतरी के साथ ही किसानों के हित में अनेक अभिनव योजनाओं घोषणाएं की गई हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री कृषक साथी योजना की घोषणा में 1 लाख 20 हजार किसानों को ऋृस्प्रकलर देने पर भी खुशी जताई। उन्होंने कृषि बिजली के लिए नई कंपनी बनाने और किसानों के लिए एक की जगह दो महीनों में बिल भेजने और 50 हजार किसानों को नए कनेक्शन देने के निर्णय को भी सराहा है।

उन्होंने कहा कि कोरोना काल में रोका गया सरकारी कर्मचारियों का वेतन रिलीज करने 1600 करोड़ रुपए जारी होने की घोषणा राहत भरी है। पात्र बेरोजगार युवाओं को चार माह का प्रशिक्षण देकर विभिन्न विभागों को राजीव गांधी युवा वालंटियर बनाए जाना स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने कहा कि 50 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की घोषणा से युवाओं में नई उर्जा का संचार होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं व बच्चों के लिए शारीरिक विकास के लिए मेजर ध्यानचंद स्टेडियम की घोषणा, प्रत्येक ब्लॉक में खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा से प्रदेश में खेल के लिए पर्याप्त अवसर मिल सकेंगे।

डॉ. शर्मा ने फिल्म प्रोत्साहन नीति लाने और राजस्थानी फिल्म को 25 लाख रुपए की सहयोग राशि और जीएसटी पर 100 प्रतिशत छूट देने की घोषणा पर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि मेडिकल टूरिज्म सेंटर की स्थापना पीपीपी मोड पर। प्रदेशवासियों को शुद्ध खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए शुद्ध के लिए युद्ध अभियान निरंतर चलाने के लिए डायरेक्टरेट ऑफ फूड सेफ्टी बनाया जाना मिलावटखोरी रोकने की दिशा में मजबूत कदम साबित होगा। उन्होंने डीएलसी की दरों में 10 फीसदी की कमी की घोषणा और 50 लाख तक फ्लैट पर स्टांप ड्यूटी 6 से घटाकर 4 फीसदी करने का भी स्वागत करते हुए कहा कि अब घर के आशियाने के लिए लोगों को कम राशि खर्च करनी पड़ेगी। जनसंपर्क मंत्री ने कहा कि सरकार लड़कियों की तर्ज पर अब सभी महिलाओं को भी मुफ्त सैनेट्री नेपकिन देगी। इस पर कुल 200 करोड़ खर्च होंगे। उन्होंने इसे अभिनव प्रयोग बताया। उन्होंने बताया कि सरकार ने आमजन की परिवहन सुविधा को ध्यान में रखते हुए नए वाहनों के साथ फिर से ग्रामीण बस सेवा शुरू करने की घोषणा की है, जोकि दूरदराज के लोगों के लिए खास लाभदायक होगी।

चिकित्सा मंत्री ने सड़क दुर्घटनाओं को बचाने के लिए जीवन रक्षक योजना के तहत जीवन बचाने वाले भले व्यक्ति को 5000 रुपए व प्रशस्ति पत्र देने की घोषणा अनोखी व प्रेरणीय घोषणा बताया। उन्होंने राज्य के राजमार्ग व मुख्य सड़कों पर ओवरस्पीड व ओवरलोड वाहनों पर अंकुश लगाने के लिए योजना को भी सराहा। उन्होंने 37400 आंगनवाड़ी केंद्रों और अंग्रेजी स्कूलों में फर्नीचर उपलब्ध कराए जाने के निर्णय को भी प्रगतिशील फैसला बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 50 सरकारी स्कूल नए खुलने और 100 स्कूलों के क्रमोन्नत होने से शिक्षा को नया आसमान मिलेगा।

डॉ. शर्मा ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी तथा एएनएम के मध्य बेहतर समन्वय के लिए ए-3 एप की घोषणा से कार्यप्रणाली को गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि कुलमिलाकर बजट 2021-22 गरीब को गणेश मानकर तैयार की हुई योजना है, जिससे समाज का हर तबका लाभान्वित होगा।

## कोटड़ी प्रांतीय पत्रकार अधिवेशन का उद्घाटन मंत्री. डॉ. रघु शर्मा करेगें तैयारियां प्रारंभ

### 6 मार्च को चारभुजा मंदिर में होगा कवि सम्मेलन

» मदरलैंड संवाददाता



जयपुर। भीलवाड़ा जिले के कोटड़ी पत्रकार संघ के तत्वावधान में 07 मार्च रविवार को चारभुजानाथ मंदिर परिसर में होने वाले जर्नलिस्ट्स एसोसियेशन आफ राजस्थान के प्रांतीय पत्रकार अधिवेशन का उद्घाटन प्रदेश के सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री डा. रघु शर्मा करेगें। इस मौके पर भीलवाड़ा जिले के सांसद व विधायक गण भी मौजूद रहेगें। इसके अलावा विधानसभा अध्यक्ष डा. सीपी जोशी सहित दो अन्य मंत्रियों के भी इस मौके पर उपस्थित रहने की संभावना है। अधिवेशन की पूर्व संध्या पर 6 फरवरी को वहां पर कवि सम्मेलन का आयोजन भी होगा।

जर्नलिस्ट्स एसोसियेशन आफ राजस्थान के जिला अध्यक्ष मनीष शर्मा व भीलवाड़ा प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुखपाल जाट ने बताया कि भीलवाड़ा के प्रभारी मंत्री व सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री डा. रघु शर्मा ने कोटड़ी पत्रकार संघ का निमंत्रण स्वीकार कर अधिवेशन में उपस्थित होने की स्वीकृति दी है। इस मौके पर भीलवाड़ा के सांसद सुभाष बहेड़िया, शाहपुरा विधायक कैलाश मेघवाल, मांडल विधायक रामलाल जाट, जहाजपुर विधायक गोपीचंद मीणा, मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, आसींद विधायक जब्बरसिंह सांखला, भीलवाड़ा विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी के अलावा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष रामपाल शर्मा व भाजपा जिला अध्यक्ष लादूलाल तेली मोजूद रहेगें।

कोटड़ी पत्रकार संघ के अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा ने बताया कि भीलवाड़ा प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुखपाल जाट की अगुवाई में कोटड़ी के पत्रकारों ने विधानसभा अध्यक्ष डा. सीपी जोशी से मुलाकात कर कोटड़ी पत्रकार अधिवेशन में आने का न्यौता दिया है।

अधिवेशन के संयोजक व जार के प्रदेश सचिव मूलचन्द पेसवानी ने बताया कि जार के इस प्रांतीय अधिवेशन में नेशनल यूनियन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज मिश्र, राष्ट्रीय महासचिव सुरेश शर्मा व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष तथा जनसत्ता के नेशनल हेड रहे आत्मदीप, राष्ट्रीय सचिव भवानीशंकर जोशी, जार के प्रदेश अध्यक्ष हरिवल्लभ मेघवाल, महासचिव दीपक शर्मा, जार के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ताराशंकर जोशी, नीरज गुप्ता, पिंकसिटी प्रेस क्लब जयपुर के अध्यक्ष मुकेश मीणा, पूर्व अध्यक्ष एलएल शर्मा, कोषाध्यक्ष डीसी जैन, पूर्व महासचिव रोशनलाल शर्मा सहित कई वरिष्ठ पत्रकार शिरकत करेगें।

जर्नलिस्ट्स एसोसियेशन आफ राजस्थान के प्रदेश सचिव मूलचन्द पेसवानी, प्रेस क्लब भीलवाड़ा के अध्यक्ष सुखवाल जाट, जार के जिला अध्यक्ष मनीष शर्मा, कोटड़ी पत्रकार संघ के अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष भवानीशंकर चोधरी, सचिव दिनेश पारीक, कोषाध्यक्ष अनिता बबलू पोखरना, उपाध्यक्ष जसंवत पारीक की अगुवाई में कोटड़ी क्षेत्र के सभी पत्रकार निष्ठा के साथ अधिवेशन को भव्यता देने के साथ उसको सफल बनाने के लिए तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे है।

## संक्षिप्त समाचार

### संत निरंकारी मंडल खैरथल का पत्रकार मिलन आज



मदरलैंड हीरालाल भूरानी, खैरथल। संत निरंकारी मंडल खैरथल की मीडिया सहायक सोनम प्रेमी ने बताया कि सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से संत निरंकारी मंडल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति को अपने सम्मानित समाचार पत्रों में यथोचित स्थान देकर कोरोना काल में जो समाचार जन जन तक पहुंचाने में अपना पूर्ण योगदान दिया है। इसके लिए निरंकारी मंडल हृदय से आभारी हैं अतः नव वर्ष 2021 के शुभ अवसर पर संत निरंकारी मंडल जोन 20अ के द्वारा एक पत्रकार मिलन का आयोजन गुरुवार 25 फरवरी गुरुवार को किया जा रहा है। जिसकी अध्यक्षता जोन 20अ ( प्रेस एण्ड पब्लिसिटी डिपार्टमेंट ) के इंचार्ज अमृत खत्री जी करेंगे। मीडिया सहायक ने बताया कि यह पत्रकार मिलन समारोह कस्बे के इन्द्रा हैप्पी स्कूल के पास पूजा टेलर वाली गली में सांय 6 बजे आयोजित किया गया है ,जिसमें सभी मीडिया जन प्रशासन द्वारा जारी कोविड -19 की गाइडलाइंस की पालना करते हुए दो गज दूरी, मास्क है जरुरी को ध्यान में रखते हुए पधारने की कृपा करें।

### राजस्थान सरकार का बजट युवाओ के लिये सुखद बजट



मदरलैंड संवाददाता, अलवर। भर्ती प्रक्रिया का सरलीकरण एवं समयबध्द समान प्रतियोगिता परीक्षा के साथरोडवेज में निःशुल्क यात्रा सरकार का अच्छा कदम है। आकाश मिश्रा अध्यक्ष युवा ब्राह्मण सभा तथा अध्यक्ष टेनिस बॉल क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा बजट में 50 हजार से अधिक पदों पर शीघ्र भर्ती की घोषणा के साथ मेडिकल कॉलेज की घोषणा से सरकारी छेत्रो में रोजगार के अवसर बड़ेगे। उन्होंने सराहना करते हुए कहा कि अच्छी चिकित्सा एवं स्कूलों में ड्रेस एवं किताब निःशुल्क की घोषणा से युवाओ का पढ़ाई और रोजगार के प्रति ध्यान बढेगा।

### दुष्कर्म के मामले का आरोपी गिरफ्तार

मदरलैंड, रेखचन्द्र भारद्वाज, भरतपुर जुरहरा। स्थानीय थाना पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गांव सहसन थाना जुरहरा निवासी एक जने ने जोगासिंह पुत्र अवतारसिंह जाति रायसिक्ख निवासी सहसन के खिलाफ उसकी नाबालिग पुत्री का अपहरण कर ले जाने व दुष्कर्म करने का मामला दिनांक 07 जुलाई 2020 को थाना जुरहरा दर्ज कराया था जिसमें कार्यवाही करते हुए जुरहरा थानाधिकारी राजवीरसिंह द्वारा मामले की जांच के बाद उक्त मामले के नामजद आरोपी जोगासिंह पुत्र अवतारसिंह जाति रायसिक्ख निवासी ग्राम सहसन थाना जुरहरा को गिरफ्तार किया गया है।

## मदरलैंड वॉइस की खबर का असर, ग्रामीण हुए लामबंद

# व्यापार यूनियन संगठनों के द्वारा 26 फरवरी को बाजार बंद की घोषणा

### उपखंड अधिकारी के द्वारा मुख्यमंत्री गृहमंत्री को दिया ज्ञापन

» मदरलैंड, गिर्राज प्रसाद सोलंकी

लक्ष्मणगढ़ कस्बे में आए दिन हो रही चोरी की वारदातों को लेकर व पूर्व में हुई चोरियों का खुलासा ने होने की बात परस्थानीय पत्रकार गिर्राज प्रसाद सोलंकी के द्वारा खबर प्रकाशित की गई वॉइस मदरलैंड में जिसमें खबर का टाइटल था चोरों का गढ़ बना लक्ष्मणगढ़ खबर प्रकाशन पर स्थानीय पत्रकार व दैनिक न्यूजपेपर वॉइस मदरलैंड की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कस्बे वासियों ने सराहना की वही कस्बे वासियों ने एक जाजम पर बैठकर निर्णय लेने की बात कही कस्बे वासियों ने व्यापार समिति के सभी पदाधिकारियों को बुलवाकर मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बा लक्ष्मणगढ़ में आए दिन दुकानों के ताले टूट रहे हैं, कट्टे की नोक पर गौ तस्करी रात्रि 10:00 बजे ही पुलिस चौकी के सामने से हो रही है। पूर्व की हुई चोरियों का खुलासा अभी तक हुआ नहीं, कभी भैंस चोरी ,कभी मोटरसाइकिल चोरी, अभी गाय चोरी ,कभी दुकानों के ताले तोड़कर चोरी, कभी एटीएम पर वारदात जैसी घटनाओं को लेकर गम की घूट पी रहे थे। पर सहनशक्ति भी आखिर कहां तक व्यापारी जिस पर आज सभी व्यापारी संगठन एक होकर 26 फरवरी को बाजार बंद करने की घोषणा। व विरोध प्रदर्शन की आगामी रूपरेखा तय की जाएगी। आज लक्ष्मणगढ़ उपखंड अधिकारी लखन सिंह गुर्जर के समक्ष उनके कार्यालय में व्यापार संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा मुख्यमंत्री ,गृहमंत्री राजस्थान सरकार ,जिला कलेक्टर व जिला पुलिस अधीक्षक व डीएसपी लक्ष्मणगढ़ के नाम ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि कस्बे में आए दिन हो रही चोरी को रोकने की बात कहते हुए बतलाया कि लक्ष्मणगढ़ का कस्बे में पूर्व में हुई चोरियों का खुलासा हुआ नहीं और लगातार चोर चोरियों को अंजाम देते हुए चले जा रहे हैं और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है ऐसे में व्यापारी संघ क्यों नहीं का आपात बैठक बुलाकर पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर रोष व्यक्त किया सभी व्यापारी यूनियन के सदस्य ने निर्णय लिया कि अगर 25 फरवरी तक कस्बे में हुई चोरियों का खुलासा कर माल बरामद नहीं हुआ तो मजबूरन व्यापारी संगठनों को बाजार बंद कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा जिसकी सारी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी 26 फरवरी को बाजार बंद कर यूनियन की रूपरेखा तैयार करेगी इस उन्होंने अपने ज्ञापन में लिखते हुए मुख्यमंत्री गृहमंत्री जिलाधीश पुलिस अधीक्षक उप जिला कलेक्टर एसडीएम के नाम उपखंड अधिकारी के द्वारा ज्ञापन सौंपा इस ज्ञापन के दौरान कस्बे के भानु गुप्ता अमर चावला राकेश कैलाश कैलाश, तेज सिंह राठौड़ मनीष साहू योगेश कुमावत सहित अनेक व्यापार समिति के पदाधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## विधायक निधि कोष से डिजिटल एक्सरे हेतु सी.आर. सिस्टम के लिए दस लाख रुपए की राशि स्वीकृत

» मदरलैंड संवाददाता



अलवर। शहर विधायक संजय शर्मा ने राजकीय महिला चिकित्सालय में डिजिटल एक्सरे हेतु सी.आर. सिस्टम के लिए 10 लाख रुपए की राशि की स्वीकृत

अलवर शहर विधायक संजय शर्मा ने राजकीय महिला चिकित्सालय में कोरोना वायरस संक्रमण या अन्य रोगो से संबंन्धित उपचार लेने आई महिला रोगीयों जिन्हें चिकित्सको द्वारा उनकी बीमारी के अनुसार आवश्यक डिजिटल एक्सरे कराने हेतु सलाह दी जाती है। जिसके पश्चात उक्त महिला मरीजो को डिजिटल एक्सरे कराने हेतु सामान्य चिकित्सालय जाना पड़ता है या बाहर प्राईवेट लेब से कराना पड़ता है। उन महिला मरीजो की सुविधा हेतु विधायक निधि कोष से डिजिटल एक्सरे हेतु सी.आर. सिस्टम के लिए तकमीना अनुसार 10.00 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की, जिसकी जिला परिषद, अलवर द्वारा 23 फरवरी को राषि की प्रशासनिक व वित्तिय स्वीकृति जारी कर दी गई है। शीघ्र ही कार्यकारी एजेन्सी कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, राजकीय सामान्य चिकित्सालय, अलवर द्वारा विभागीय प्रक्रिया पूर्ण कर उक्त सी.आर. सिस्टम की खरीद की जावेगी।

## राजस्थान सरपंच संघ तिजारा ने अपनी मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन

» मदरलैंड, महावीर प्रसाद




तिजारा। पंचायत समिति तिजारा परिसर मे बुधवार को राजस्थान सरपंच संघ तिजारा के बेनर तले संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया तथा राज्य पाल के नाम इंद्राज मीणा को विकास अधिकारी तिजारा को सौंपा। दिनेश खाम्बरा ने बताया है। कि राज्य सरकार की संवैधानिक विफलता के संबंध में राज्य सरकार के द्वारा 73 वां संविधान संशोधन की स्पष्ट अवहेलना कर प्रदेश की पंचायतीराज संस्थाओं को प्रशासनिक एवं आर्थिक रूप से विकलांग बनाया जा रहा है। ज्ञापन मे माग की गई है कि . संविधान के अनुच्छेद 243इं. ( 3 ) ( क ) के अनुसार ग्राम पंचायतों के पांच वर्ष के कार्यकाल के पूर्व निर्वाचन प्रक्रिया को सम्पादन किया जाये ।राज्य सरकार द्वारा स्पष्ट उल्लंघन कर पंचायतीराज संस्थाओं पर प्रशासकों की नियुक्ति कर संविधान का अतिक्रमण किया गया है। तथा भारतीय संविधान के 73 वें संविधान संशोधन के भाग 9 के अनुच्छेद 243- में ग्राम पंचायतों को वित्तीय स्वायत्ता प्रदान करने एवं वित्तीय सुदृढीकरण करने के लिए प्रावधान किया गया जाये ।तथा माग की है। कि . वित्तीय स्थिति के पुनर्विलोकन के लिए वित्त आयोग का गठन कर राज्य का राज्यपाल , संविधान ( तिहत्तरवां संशोधन ) अधिनियम , 1992 के प्रारंभ से एक वर्ष के भीतर यथाशीघ्र और तत्पश्चात , प्रत्येक पांचवे वर्ष की समाप्ति पर, वित्त आयोग का गठन करे ।जो पंचायतों की वित्तीय स्थिति का पुनर्विलोकन करेगा। तथा .पांचवे वित्त आयोग का कार्यकाल मार्च -2020 को समाप्त हो जाने के बाद भी आज तक छठे राज्य वित्त आयोग के गठन नहीं किया गया है। जो राज्य सरकार की संवैधानिक विफलता को दशार्ता है। अन्य मांगो को लेकर ज्ञापन मे माग की गई है। इस अवसर पर सरपंच दिनेश खामरा सरपंच संघ प्रतिनिधि फतेह मौहम्मद , सरपंच रतीराम, सरपंच साहिला ,सरपंच अकरम, सरपंच कैलाश, शबनम, ताहिरा, सरपंच रामनिवास आदि मौजूद थे।

## अलवर सहित प्रदेश की जनता के लिए समर्पित है बजट: पूर्व केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह

» मदरलैंड संवाददाता



अलवर। पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं एआईसीसी महासचिव जितेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी के बुधवार को पेश किए गए बजट को जनता के लिए समर्पित व आमजन के कल्याण वाला बताया। सिंह ने कहा कि कोरोना काल के मुश्किल दौर में भी आम जनता की मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नीतिगत बजट बनाया गया है। जिसका सीधा फायदा अलवर सहित प्रदेश की जनता को मिलेगा। उन्होंने कहा कि बजट में किसान, मजदूर, व्यापारी, उद्यमी, महिलाओं, युवाओं तथा बेरोजगारों सहित तमाम वर्गों का विशेष ध्यान रखा गया है।

प्रदेश में पहली बार पेपरलेस बजट पेश करते हुए बजट में प्रदेश वासियों के लिए नवीन राज्य सडक नीति के तहत सडक निर्माण, अलवर जिले के सीलिसेढ सहित प्रदेश के 18 बांधों के जीर्णोद्धार, पेयजल समस्या से ग्रस्त इलाकों में ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 1394 गांवों में बांध परियोजना के माध्यम से पेयजल आपूर्ति, ग्रेटर नोएडा की तर्ज पर भिवाडी एवं अलवर ग्रामीण के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मालाखेडा व भिवाडी क्षेत्र में नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित, बजट में किसानों के लिए अलग से कृषि बजट की घोषणा, मनरेगा में जनजाति व विशेष योग्यजन लोगों को आर्थिक सम्बल प्रदान करने के लिए 100 दिवस के स्थान पर 200 दिवस रोजगार, किसानों के लिए किसान सेवा केन्द्रों का निर्माण तथा खेती के लिए कृषि विद्युत वितरण कम्पनी बनाने की घोषणा, 64 उपखण्डों में अलवर के बानसूर, रामगढ़, मालाखेडा, रैणी में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना , अलवर शहर में सीवर लाईन व अन्य विकास कार्य, बहरोड़ में आरटीडीसी द्वारा संचालित बहरोड-अलवर के मिडवे का पुनः संचालन, साथ ही हिन्दू तीर्थ स्थलों पर धार्मिक पर्यटन सर्किट के तहत तिजारा जैन मंदिर को शामिल करना, नारायणपुर व गोविन्दगढ़ में उपखण्ड कार्यालय को क्रमोन्नत, बहरोड अलवर में नई उपतहसील खोलना, तथा कोटकासिम को नगर पालिका बनाया जाने जैसे अनेकों विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से सुसज्जित ऐतिहासिक बजट है। निश्चित ही इस बजट से अलवर एवं प्रदेश के सभी वर्गों में विकास की नई लहर बहेगी।

## राजस्थान सरकार के बजट में अलवर ग्रामीण को मिली सौगात: मंत्री जुली

» मदरलैंड संवाददाता

अलवर। श्रम राज्यमंत्री टीकाराम जूली ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अलवर जिले प्रदेश सहित अलवर ग्रामीण विधानसभा को बजट में विशेष तरजीह दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री गहलोत का आभार जताते हुए बताया कि नवीन राज्य सडक नीति के तहत अलवर-जयपुर सडक मार्ग पर स्थित पर्यटक स्थल सीलिसेढ से गरबाजी तक तथा किशनगढ़ बोलनी राज्यसीमा तक सडक निर्माण कराया जायेगा तथा 27 राज्य राज्यमार्गों के विकास कार्य कराये जायेगे जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में 100 करोड 18 लाख रुपये के विकास कार्य नटनी का बारा से मालाखेडा तथा मौजपुर शामिल है।

अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र मालाखेडा में थाने को सीआई स्तर थाने में क्रमोन्नत किया जायेगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार बांधों के समग्र जीर्णोद्धार व आधुनिकरण के लिए कटिबद्ध है। प्रदेश के 18 बांधों के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 70 करोड 54 लाख रुपये की लागत से बांध पुनर्वास एवं सुधार परियोजना कार्य किए जाएगे जिसमें





अलवर का सीलिसेढ बांध भी शामिल है। साथ ही ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 12 करोड रुपए की लागत से 1394 गांवों में इशरदा बांध परियोजना के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जायेगी जिसमें अलवर ग्रामीण विधानसभा उमरैण सहित रैणी, बानसूर, थानागाजी, राजगढ़, कठूमर एवं लक्ष्मणगढ़ शामिल है तथा ग्रेटर नोएडा की तर्ज पर भिवाडी एवं अलवर ग्रामीण के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मालाखेडा व भिवाडी क्षेत्र में नए औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाऐगे।

## मोदी सरकार ने गैस सिलेंडर के दामों में बेतहाशा वृद्धि कर आम जन की तोड़ी कमर: हिमांशु शर्मा

» मदरलैंड संवाददाता

अलवर। केंद्र सरकार के बढ़ते दामों को लेकर आज संकेतिक रुप से विरोध जताया पिछले सात साल से जब से केंद्र में मोदी सरकार आई है उसी वक्त से लगातार पेट्रोल, डीजल एवं गैस सिलेंडरों के दाम बढ़ते जा रहे हैं ।कोरोना काल करोड़ों लोग बेरोजगार हो चुके हैं ! करोड़ों लोगों के धंधा व्यापार चौपट हो चुके हैं ! एवं



आम जनता की कमर टूट चुकी है। उसके बावजूद भी राहत देने की बजाय केंद्र सरकार ने गैस के दाम दामों में बेतहाशा वृद्धि कर आम आदमी का जीना दुश्वार कर दिया है। आज आम आदमी चूल्हे पर खाना बनाने पर मजबूर हो चुका है। इसका जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री हिमांशु शर्मा ने आज बढ़ती महंगाई के विरोध स्वरूप लकड़ियों पर मोदी चाय बनाकर केंद्र सरकार को नैतिकता के आधार पर गैस के दाम कम करने की मांग की गई। इस अवसर पर ओम प्रकाश सोनी, हुबली भाई, राजेश कुमार गुप्ता, ओमप्रकाश अरोड़ा, केजी गुप्ता, बबली, बप्पा भाई, कैलाश शर्मा, दिलीप सोनी, भूपेश पवार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# रुड़की, मंगलौर, नारसन में बैठ कर पुलिस ने मांगा कुम्भ को सहयोग

» राजकुमार

रुड़की/मंगलौर। मंगलौर कोतवाली परिसर में पुलिस ने बैठक कर लोगों से कुंभ मेले को सकुशल संपन्न कराने को सहयोग मांगा। विभिन्न गांव व क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने पुलिस के सामने अपनी-अपनी समस्याएं भी रखी। जिनका निराकरण का पुलिस ने आश्वासन दिया। पुलिस ने कहा है कि सुरक्षा सर्वोपरि है। पुलिस यदि चेकिंग करती है तो उसके कार्य में बाधा उत्पन्न ना की जाए। बल्कि इसमें सहयोग दिया जाए। स्थानीय नागरिक जो भी है वह यातायात के नियमों का पालन करें। किसी भी प्रकार का कोई ऐसा कार्य न करें जिससे नियमों का उल्लंघन हो। कोतवाल मंगलौर यशपाल सिंह बिष्ट ने कहा कि पुलिस जनता की सेवा के लिए है। 24 घंटे पुलिस के द्वार जनता के लिए खुले हैं। नागरिकों में भी पुलिस मौजूद रहती है केवल अपने अधिकार को समझने का फर्क है। कहा कि हर एक नागरिक अपने आप में एक पुलिस है। क्योंकि यदि कोई भी असामाजिक तत्व क्षेत्र की शांति को भंग करने का प्रयास करता है तो वहां पर वदीर्धारी पुलिस शायद मौजूद न हो लेकिन आम आदमी जरूर मौजूद रहता है। उसका कर्तव्य है कि वह तत्काल प्रभाव से अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए पुलिस को सूचना दें। ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके। कहा कि कुंभ में देश-विदेश से लोगों के आने की संभावना है। इसमें कई बार असामाजिक तत्व भी आ जाते हैं जो कि शांति भंग करने का प्रयास करते हैं ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। अगर आसपास कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे या संदिग्ध गतिविधि दिखे तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। कोई किराएदार, घरेलू नौकर या खेतिहर मजदूर हो तो उसका सत्यापन करा लिया जाए। आपराधिक वारदात में शामिल पाए जाने पर मकान मालिक भी दोषी माना जाएगा। इस अवसर पर एसएसआई देवेंद्र सिंह रावत, शहर चैकी प्रभारी शहजाद अली, लंढौरा चैकी प्रभारी नरेश गंगवार, उप निरीक्षक नंदकिशोर बचकोटी, कर्मवीर सिंह, महिला उप निरीक्षक रोशनी रावत, ममता रानी, ललिता खंडेलवाल, पूर्व दजार्धारी हाजी तहसीन अंसारी, पूर्व अध्यक्ष लंढौरा खलील अहमद, परवेज अहमद, नीरज, राकेश लोहान, रमेश प्रधान, ईश्वर चंद, अमरपाल, राजीव, जावेद अली, मंसूर अहमद मौजूद रहे। नारसन में भी चैकी पर पुलिस ने क्षेत्रवासियों के साथ बैठक कर उन्हे आपसी भाईचारे का पाठ पढ़ाया और कुम्भ मेले को लेकर सहयोग मांगा। बैठक में नारसन चैकी से जुड़े 11 गांव के लोग शामिल हुए। मीटिंग का संचालन चैकी प्रभारी लक्ष्मण सिंह कुंवर ने किया। मंगलौर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह बिष्ट ने लोगों से अपील की कि आम जनता और पुलिस के बीच तालमेल बनाएं रखने के लिए एक (सीएलजी) ग्रुप का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक गांव से कुछ लोगों को ग्रुप का सदस्य बनाया जाएगा जो गांव में चल रही परेशानियां या नशा सम्बंधित अन्य कोई समस्या जैसे उत्पीड़न, झगड़े आदि को उचित माध्यम द्वारा पुलिस को बतायेगें। जिसके बाद पुलिस तत्काल में उस पर कार्यवाही करेगी। इस दौरान शुशील कुमार, योगेश चैधरी, प्रेमपाल, रईस, कुलदीप भारद्वाज, नीटू प्रधान, राजन, दुष्यंत, ओमवीर, मेहरबान, मनोज, जय भगवान, विपिन, सुरेंद, ओमप्रकाश बंशी धारीवाल, सुक्रमपाल महेंद्र सिंह मौजूद रहे। रुड़की कोतवाली में इंस्पेक्टर राजेश शाह ने क्षेत्रवासियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनी और कुम्भ व रविदास जयंती को लेकर सहयोग मांगा। कहा कि एक अच्छे नागरिक की तरह सभी अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी से पालन करें। सबके सहयोग से ही अपराधों पर पूर्णतय अंकुश सम्भव है। उन्होने एससी समाज के लोगों से भी आपसी भाईचारे के बीच रविदास जयंती का पर्व मनाए जाने की अपील की। कहा कि बिना अनुमति के शोभायात्रा न निकालें और इसमें भी दिए गए रूट का ही प्रयोग करें। इस अवसर पर सतेंद्र प्रकाश, पप्पू ठेकेदार, यशपाल प्रधान आदि मौजुद रहे।



## राजकीय प्राथमिक शिक्षक एसोसिएशन गठित

» मदरलैंड संवाददाता

मंगलौर। नासन विकासखंड प्राथमिक शिक्षक एसोसिएशन का गठन हो गया है। इसे प्राथमिक शिक्षक एसोसिएशन का नाम दिया गया है। बुधवार को नारसन ब्लॉक परिसर में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्राथमिक शिक्षकों की बैठक हुई। बैठक का शुभारंभ राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। उत्तराखंड में दैवीय आपदा में मारे गए लोगों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इसके लिए सभी शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति की कामना की। बैठक में सर्वसम्मति से मेनपाल सिंह को एसोसिएशन का संरक्षक, हरवीर सिंह को अध्यक्ष व अनिल बर्थवाल को महामंत्री चुना गया। कोषाध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव आदि पदों पर भी सर्वसम्मति से मनोयन हुआ। इस अवसर पर शिक्षकों की समस्याओं को लेकर भी विमर्श किया। बैठक में यह साफ किया गया कि शिक्षा विभाग में जितने भी संगठन है उनसे राजकीय प्राथमिक शिक्षक एसोसिएशन का कोई मतभेद नहीं है। एसोसिएशन किसी भी शिक्षक संगठन के खिलाफ कोई कार्य नहीं करेगी। बैठक में कोविड-19 को लेकर भी चर्चा हुई। शिक्षकों ने कहा कि इस अवधि में छात्रों का काफी नुकसान हुआ है ऑनलाइन पढ़ाई भी सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र ठीक से नहीं कर पाए हैं। सभी शिक्षक पूरी निष्ठा व लगन के साथ विद्यालय आने वाले बच्चों को शिक्षा ग्रहण कराए। यह भी कहा गया कि प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाया जाए। ताकि निजी विद्यालयों की ओर अभिभावक रोक न करें बल्कि वह अपने बच्चों को राजकीय विद्यालयों में प्रवेश दिलाए। इससे जहां आम जन तक शिक्षा की जोत पहुंचेगी वहीं लोगों का सरकारी विद्यालयों के प्रति विश्वास भी बढ़ेगा। इस अवसर पर सुशील कुमार, प्रमोद, गोरख पाल, संजय चैधरी, सोमपाल, विपिन, जितेंद्र सिंह, गोपाल कृष्ण, पूनम भूषण, एकता, भारत चैहान मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

## डीसीबी मुख्यालय पहुंचा पंजाब राज्य सहकारी बैंक प्रतिनिधिमंडल

मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। पंजाब राज्य सहकारी बैंक लि. चण्डीगढ़ तथा एग्रीक्लचर को-ऑपरेटिव स्टाफ ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट, जालन्धर, पंजाब के प्रतिनिधि मण्डल ने उत्तराखण्ड राज्य भ्रमण के दौरान बुधवार को जिला सहकारी बैंक लि. हरिद्वार, मुख्यालय बीटी गंज, रुड़की पहुंचकर बैंक के व्यवसाय व कार्यप्रणाली के सम्बन्ध में जानकारी हांसिल की और बैंक के व्यवसाय व कार्यप्रणाली की सराहना की। प्रतिनिधि मण्डल में पंजाब राज्य सहकारी बैंक लि. चण्डीगढ़ की प्रबन्ध निदेशक आईएएस हरगुनजीत कौर समितियां, पंजाब के अपर निबन्धक अमरजीत, पंजाब राज्य सहकारी बैंक लि. चण्डीगढ के उपाध्यक्ष जसरत सिंह संधू एवं संचालक परमिन्दर सिंह पन्नू व रणजीत सिंह, अपर प्रबन्ध निदेशक जेएस सिद्धू, महाप्रबन्धक रणजीत सिंह, उप महाप्रबन्धक भास्कर कटारिया एवं एग्रीकल्चर को-ऑपरेटिव स्टाफ ट्रेनिंग इन्स्टीट्यूट, जालन्धर, पंजाब के प्रधानाध्यापक डॉ. एसएस बरार शामिल रहे। जिला सहकारी बैंक लि. हरिद्वार की प्रबन्ध समिति के सदस्य संचालक सुशील राठी, सचिव महाप्रबन्धक सीके कमल ने बैंक आगमन पर प्रतिनिधिमण्डल का स्वागत किया। इस अवसर पर पंजाब राज्य सहकारी बैंक की प्रबन्ध निदेशक आईएएस हरगुनजीत कौर ने बैंक की ओर से किये गये स्वागत के लिए आभार प्रकट किया। कहा कि उत्तराखण्ड की सहकारी संस्थाओं के भ्रमण के दौरान काफी कुछ सीखने को मिला। बैंक के संचालक सुशील राठी ने प्रतिनिधि मण्डल के बैंक में आगमन पर धन्यवाद प्रकट किया। कहा कि यह अत्यन्त हर्ष का विषय है कि दूसरे राज्यों से सहकारिता के क्षेत्र में कार्य करने वाले लोग बैंक में आकर बैंक की प्रगति के विषय में जानकारी ले रहे हैं। यह बैंक की प्रतिष्ठा को दशार्ता है। सचिव महाप्रबन्धक सीके कमल ने प्रतिनिधि मण्डल को बैंक के व्यवसाय व कार्यप्रणाली की जानकारी दी। प्रतिनिधि मण्डल ने बैंक के व्यवसाय व कार्यप्रणाली की सराहना की। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक चरण सिंह, चन्द्रमोहन सिंह, अनुभाग अधिकारी अनिल कुमार पाण्डे, परमवीर सिंह रावत, रुड़की शाखा प्रबन्धक ओमवीर सिंह, रवि पाण्डे, अम्बादत्त जोशी, वन्दना सैनी, ज्योति मार्तोलिया, आरती, अरविन्द कुमार, हेमन्त कुमार संजय, अर्जुन कश्यप व मुख्य शाखा रुड़की में कार्यरत समस्त कर्मचारी, अधिकारी उपस्थित रहे।

## मोदी के हाथों में देश विश्व पटल पर शक्तिशाली बनकर उभरा: हुसैन



मदरलैंड संवाददाता, रुड़की। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन का महमूदपुर में स्वागत किया गया। पिरान कलियर अल्पसंख्यक मोर्चा मंडलाध्यक्ष अजहर सिद्दीकी के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में इंतजार हुसैन ने कहा कि मोर्चे को मजबूत करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता जी जान से कार्य करें। 2022 में प्रदेश में पुनः भाजपा सत्ता में आएगी। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार प्रदेश के विकास के लिए बेहतर तरीके से कार्य कर रही है। कहा कि अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ता पार्टी को मजबूत करने के लिए लोगों को भाजपा से जोंड़े। उन्होंने मोर्चा पदाधिकारियों को संगठन की रीति-नीतियों से अवगत कराया। कहा कि भाजपा ही एक ऐसा संगठन है जो राष्ट्रवादी विचारधारा का पोशक है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में देश विश्व पटल पर एक शक्तिशाली देश के रूप में उभरा है। कहा कि राज्य भाजपा सरकार अल्पसंख्यक कल्याण के लिए बेहतर ढंग से कार्य कर रही है। मोर्चा कार्यकर्ता सरकार की योजनाओं को अल्पसंख्यकों तक पहुंचाने के लिए कार्य करें। पार्टी में हमेशा समर्पित कार्यकताओं को सम्मान दिया जाता है जो मेहनत और लगन से कार्य करता है, उसका पार्टी में महत्वपूर्ण स्थान होता है। प्रदेश उपाध्यक्ष अनीश गौड के संचालन में हुए कार्यक्रम में कुंमराडी के प्रधान शराफत अली ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा ज्वाईन की। प्रदेश अध्यक्ष ने उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया। मोर्चा जिला महामंत्री राहुल अहमद, सह संयोजक गढ़वाल मंडल राव जमीर अहमद, जिलामंत्री शमशाद आलम, रुड़की पश्चिमी मंडल अध्यक्ष अंजुम गौर, शाकिर अली, शमा साबरी, जुलेखा, शहीद ठेकेदार, सलीम ठेकेदार, इनाम साबिर, गुलशेर अहमद, पूर्व जिलाध्यक्ष अनीस अहमद, आसमा खान आदि ने प्रदेशाध्यक्ष का फूल माला पहनाकर स्वागत किया।

# रविदास जयंती को लेकर गांव-गांव तैयारियां, मंदिर सजे

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। संत शिरोमणी गुरू रविदास जयंती को लेकर एससी समाज में जश्न और उत्साह का माहौल है। गांव-गांव जयंती को लेकर तैयारियां जारी हैं। मंदिरो को सजाने के साथ ही शोभायात्रा, भण्डारो की तैयारियों को भी अंतिम रूप दिया जा रहा हैं। मंदिर समितियो के साथ ही आम ग्रामीण भी संत रविदास जयंती कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने में लगे हैं। सुनेहरा के पूर्व प्रधान एवं कांग्रेस एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री अरविंद नागयान, मंदिर समिति अध्यक्ष सोमपाल सिंह कहते हैं कि उनके यहां प्रति वर्ष बड़े स्तर पर संत रविदास जयंती मनाई जाती है। इस बार भी जयंती को लेकर पूरे गांव में जश्न और उत्साह का माहौल बना है। अरविंद प्रधान के मुताबिक रविदास जयंती को लेकर मंदिर को पूरी तरह से सजा दिया गया है। जयंती पर सुबह से ही मंदिर में पूजा अर्चना शुरू हो जाएगी। इसके बाद भण्डारा और फिर शोभायात्रा का आयोजन होगा। इसके लिए तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जयंती के जरिए उनका व समाज का मकसद प्रेम व आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने का रहेगा। संत रविदास ने सभी को एक सूत्र में बांधने और दुनिया को मानवता का संदेश दिया है। उन्ही के बताए रास्ते पर चलकर आज समाज और पूरी मानव जाति का कल्याण सम्भव है। ढंडेरा निवासी समाजसेवी पप्पू ठेकेदार बताते हैं कि उनके यहां हर वर्ष की तरह इस बार भी संत शिरोमणी गुरू रविदास जयंती पूरे उत्साह के साथ मनाई जाएगी। इसे लेकर गांव में तैयारियां जारी हैं। भण्डारे के बाद जयंती पर शोभायात्रा का भी आयोजन होना है। डा. बीआर अम्बेड़कर जन कल्याण समिति प्रीत विहार के अध्यक्ष बाबू राम टपरानिया, महासचिव चंद्र प्रकाश, पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष मास्टर योगराज सिंह, रिटायर्ड बीएसएनएल एसडीओ प्रेम सिंह के मुताबिक उनके यहां संत रविदास जयंती को लेकर पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। अम्बेड़कर भवन को संत रविदास जयंती के लिए सजा दिया गया है। 27 फरवरी को पूरी आस्था और उल्लास के बीच कोरोना नियमों के साथ संत रविदास जयंती मनाई जाएगी। रविदास सेना महासचिव चंद्रपाल सिंह, मोहनपुरा निवासी एवं समाजसेवी धीर सिंह, अनुज कुमार कहते हैं कि संत रविदास ने पूरी दुनिया को मानवता, प्रेम, भाईचारे व अध्यात्म का पाठ पढ़ाया है। संत रविदास जयंती को लेकर मोहनपुरा और मोहम्मदपुर दोनों ही मंदिरो को सजाया जा रहा है। जश्न के बीच रविदास जयंती का त्यौहार मनाया जाएगा। इस दौरान भण्डारा व शोभायात्रा का भी आयोजन रहेगा। गांव में समाज के आम लोगों में भी जयंती को लेकर जोश और उत्साह साफ तौर पर देखा जा सकता है।

## मास्टर त्रिलोकीनाथ भर रहे समाज में जोश

**रुड़की।** एससी-एसटी शिक्षक एसोसिएशन हरिद्वार के जिला संरक्षक एवं समाजसेवी मास्टर त्रिलोकीनाथ समाज में एकजुटता, महापुरूषों के प्रति सम्मान, और शिक्षा की अलख जगाने में लगे हैं। अपने खर्च पर जनपद सहारनपुर के डंघेड़ा गांव में संत रविदास मंदिर का जीर्णोद्वार कराने के साथ ही मास्टर त्रिलोकीनाथ मंदिर की साज-सज्जा का भी पूरा खर्च उठा रहे हैं। गांव में समाज के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए भीम सेवा समिति की ओर से निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जा रही है। मंदिर प्रांगण में ही समिति की ओर से बच्चों को संस्कारिक व कीताबी शिक्षा का पाठ पढ़ाया जा रहा है। दोपहर ढलते ही स्कूल की छुट्टी के बाद मंदिर प्रांगण में बच्चों की अठखेलियां और शिक्षा प्रदान करने का काम शुरू हो जाता है। कक्षा एक से लेकर दसवी तक के बच्चों को यहां निःशुल्क कोचिंग प्रदान की जा रही है। जिससे भीम सेवा समिति और त्रिलोकीनाथ दूसरी मंदिर समितियो और सामाजिक संगठनो के लिए भी प्रेरणा बन गए हैं। मास्टर त्रिलोकीनाथ कहते हैं कि समाज शिक्षा में आगे बढ़ेगा तो ही वह तरक्की का मार्ग छू सकता है। बिना शिक्षा के हम अपने समाज और महापुरूषों का इतिहास भी नहीं जान सकते है। नियमानुसार उनके बताए मार्ग पर नहीं चल सकते हैं। इसलिए सभी समितियों, संगठनो और समाज के सम्पन्न



लोगों को समाज के गरीब परिवारों और उनके बच्चों की मदद को आगे आना चाहिए। संविधान निमार्ता डा. बीआर अम्बेड़कर ने भी शिक्षित बनो, संगठित रहो का ही पाठ पढ़ाया है। त्रिलोकीनाथ के मुताबिक महापुरूषों के आदर्शो पर चलने का मार्ग भी असली समाजसेवा से ही प्रशस्त हो सकता है। सभी मिलकर समाज के गरीब बच्चों को शिक्षा प्रदान कराने का बीड़ा उठाएगें तो समाज में कोई गरीब और अनपढ़ नहीं रहेगा।

## मोदी सरकार ने गरीब, मध्यमवर्ग को महंगाई की आग में झोंका: रावत



» मदरलैंड संवाददाता

झबरेड़ा। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि केंद्र सरकार कृषि कानूनों के जरिए किसानों का अस्तित्व मिटाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि तीनों कृषि कानून किसान विरोधी है और सरकार किसानों की बात सुनने की बजाय उन्हें अपमानित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस किसानों के साथ पूरी ताकत के साथ खड़ी है। पूर्व सीएम ने लगातार बढ़ते डीजल, पेट्रोल व रसोई गैस के दामों को लेकर भी डबल इंजन की सरकार को दोषी ठहराया। कहा कि सबका साथ, सबका विकास का दावा करने वाली भाजपा और मोदी सरकार ने देश के गरीब, मजदूर और मध्यमवर्ग को समाप्त करने की नीयत से महंगाई की आग में झोंक दिया है। भाजपा और मोदी सरकार मजदूर और मध्यमवर्ग को आसानी से रोटी खाते, कपड़ा पहनते और छत के नीचे रहते नहीं देख सकती। यही कारण है कि आज गरीब और मध्यमवर्ग को झटका देने के लिए मोदी सरकार ने महंगाई का करेंट दे दिया है। उन्होने सभी से काले कृषि कानूनों और महंगाई के विरोध में आगे आने का आहवान किया। कहा कि जनता विरोध नहीं करेगी तो भाजपा और मोदी सरकार भी नहीं सुधरेगी। इस अवसर पर विधायक ममता राकेश, फुरकान अहमद, पूर्व राज्य मंत्री मनोहरलाल शर्मा, रजनीश शर्मा, एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री अरविंद प्रधान, हाजी राव शेर मोहम्मद, हाजी राव नवबहार ढंडेरा, पीसीसी सदस्य उदय सिंह पुंडीर, जिला पंचायत सदस्य विजयपाल सिंह, प्रदेश प्रवक्ता श्रीगोपाल नारसन, प्रदेश किसान कांग्रेस सचिव अनिल पुंडीर, जिला किसान कांग्रेस सचिव देवेश शर्मा आदि मौजुद रहे।

## सलेमपुर में भण्डारा, रामनगर में स्वास्थ्य मिशन पर दिया जोर

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। सलेमपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर के पुनर्निर्माण के अवसर पर वार्डवासियों द्वारा सामूहिक भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे से पूर्व हवन एवं पूजा अर्चना हुई। प्राचीन मंदिर में पहुंचे मेयर गौरव गोयल ने कहा कि वार्ड में प्राचीन शिव मंदिर के निर्माण में क्षेत्रवासियों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि यह कार्य बड़ा पुण्य का कार्य है। पार्षद धीरज सिंह उर्फ डिंपल ने कहा कि सलेमपुर में इस प्राचीन मंदिर के पुनर्निर्माण की आवश्यकता काफी समय से महसूस की जा रही थी, जिसके पूरा होने से धर्म प्रेमियों को इसका लाभ मिलेगा। इस अवसर पर वरुण




सिंह, विपिन सैनी, प्रवीण सैनी, आशु, सचिन सैनी, मोहित सैनी आदि मौजूद रहे। उधर शहरी स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के एक होटल में आयोजित बैठक में मुख्य अतिथि मेयर गौरव गोयल ने कहा कि स्वास्थ्य को लेकर जहां प्रदेश की भाजपा सरकार गंभीरता से कार्य कर रही है, वहीं रुड़की नगर निगम भी स्वास्थ्य मिशन को लेकर अपनी सेवाए दे रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए उनके द्वारा अथक प्रयास किए जा रहे हैं। नगर आयुक्त नूपुर वर्मा ने कहा कि शहरी स्वास्थ्य मिशन को संचालित करने के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र में निगम के द्वारा दी जाने वाली सेवाओं को नगरवासियों तक पहुंचाना आवश्यक है। कहा कि कोरोना से बचाओ के उपाय, स्वच्छता मिशन कार्यक्रम तथा महिलाओं के प्रति स्वास्थ्य के क्षेत्र में दी जाने वाली सेवाओं के लिए नगर निगम दिन-रात प्रयासरत है। उन्होंने नगर में प्राथमिक सेवा केंद्र के खोले जाने का भी प्रस्ताव दिया। कहा कि इससे नगर वासियों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो सकेगी। इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त चंद्रकांत भट्ट, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय, रामकेश गुप्ता, दीपांशु शर्मा, रंजना वर्मा, गीता जोशी, मृदुल कुमार, मनसा देवी, अमित कुमार, पार्षद चारू चंद्र, नितिन कुमार, मोहसिन अल्वी, सचिन कश्यप, मोहम्मद जावेद मौजूद रहे।

## शुरू हुई पार्षदों की नाराजगी

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। नगर निगम बोर्ड की एक साल बाद होने वाली बैठक से पहले ही पार्षदों ने अपनी नाराजगी जतानी शुरू कर दी है। सोलानीपुरम वार्ड की महिला पार्षद देवकी जोशी ने पूर्व में नगर निगम की बैठक में मंजूर विकास कार्यों के अधूरे होने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने नगर आयुक्त से 3 कार्यो को बैठक से पहले पूरा कराने की मांग की है। कहा कि ऐसा नहीं होने पर वह बैठक का एक घंटे तक बहिष्कार करेंगी। नगर निगम की दूसरी बैठक 26 फरवरी को होनी है लेकिन बैठक से पहले ही पार्षदों ने अपनी नाराजगी जतानी शुरू कर दी है। अब सोलानीपुरम की महिला पार्षद का आरोप है कि उसके क्षेत्र में एक गेट एवं कूड़ेदान बनाने का प्रस्ताव बोर्ड में पास होने के बाद उस काम के वर्क आर्डर भी जारी होने के बाद काम अधूरा पड़ा है। महिला पार्षद का आरोप है कि कार्यों में हुए विवाद के हल के लिए अधिकारी के निरीक्षण के बाद भी काम अधूरे हैं। देवकी जोशी ने सभी कार्यो को बैठक से पहले पूर्ण करने की मांग की है। मांग पूरी न होने पर महिला पार्षद ने एक घंटे विरोध दर्ज कराने की बात कही है।

## स्वयंसेवियो ने चलाया जटा शंकर मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान



» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। नेशनल कन्या इण्टर कालेज खानपुर ने स्वच्छता एक्शन प्लान के अन्तर्गत गतिविधियों के आयोजन के दूसरे दिन स्वयंसेवियों ने पौराणिक जंटा शंकर महादेव मन्दिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया महंत शंकरदास ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों को श्रमदान का महत्व समझाते हुये कहा कि स्वस्थ एवं स्वच्छ पर्यावरण जीवन विकास में शारिरिक श्रम अति महत्वपूर्ण हैं। श्रमदान से मानसिक सन्तुष्टी प्राप्त होती हैं। प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम गुप्ता ने बताया कि स्वच्छता एक्शन प्लान के अन्तर्गत स्वंयसेवियों द्वारा सात दिनों तक स्वच्छता गतिविधियां सम्पादित की जायेगी। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी, बलराम गुप्ता, विशाल कुमार, ओमपाल, अमित गर्ग, संजय कुमार, दीपा, नेहा, महिमा, शीतल, अंजली, प्रीति, ज्योति, पारूल, नीलम, ऋतु, दामनी, काजल, पायल, भावना, पायल, सचिन, सुमित, विशाल, शेखर, सुन्दर, मन्जू, शालू, रोशन, मोहित, रूपा, नेहा, हरप्रीत मानसी, रशिम, खुशी, शिवॉशु, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## सबका साथ, सबका विकास की नीति पर चल रही सरकार: कौशिक

» मदरलैंड संवाददाता

रुड़की। आवास में एक दुकान के उदघाटन को पहुंचे शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि किसी भी बात जनता तक पहुंचाने के लिए आज प्रचार का जरिया जरूरी है। प्रचार के माध्यम से ही अपनी बात आसानी से जनता तक पहुंचाई जा सकती है। उन्होने राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि त्रिवेंद्र सरकार हर क्षेत्र में, हर वर्ग के लिए काम कर रही है। मोदी और त्रिवेंद्र सरकार का मिशन सबका साथ, सबका विकास का है। कांग्रेस अपनी जमीन खो चुकी है। कांग्रेस के लिए अब देश और प्रदेश में कहीं कोई विकल्प नहीं बचा है। जिस कारण कांग्रेस ने किसानों के कंधो पर बंदूक रखकर उसे चलाना शुरू कर दिया है, लेकिन देश का



किसान जागरूक है। जिला महामंत्री आदेश सैनी ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों की आय दोगुना करने में लगी है। सरकार द्वारा हर किसान के खाते में पैसे भेजने का सराहनीय कदम उठाया जा रहा है। जिस कारण किसान आज विपक्ष के बहकावे में नही आ रहा है। भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री सतीश नेगी ने कहा कि देश को चलाने के लिए मजबूत इरादों की जरूरत होनी चाहिए, यह केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास ही है। इस अवसर पर भाजपा एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री चतरसेन, जिला मंत्री आशीष कुमार, दुकान मालिक रवि अग्रवाल, पूर्व सैनिक सूबेदार मेजर हेमचंद खंडवाल तेज सिंह खडयात, धर्मवीर, राकेश गर्ग आदि मौजुद रहे।

## भाजपा शासन में किसान, गरीब से लेकर सब दुखी: पॉलिवाल

» मदरलैंड संवाददाता

रूड़की। प्रदेश महामंत्री व पूर्व राज्य मंत्री डॉ. संजय पालीवाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस फिर से परचम लहराएगी। इसे लेकर हर कार्यकर्ता बूथ स्तर पर अपनी-अपनी जिम्मेदारियों को निर्वहन करें। पूर्व चेयरमैन दिनेश कौशिक के आवास पर कार्यकताओं को पार्टी की रीतियो-नीतियो का पाठ पढ़ाते हुए कांग्रेस प्रदेश महामंत्री संजय पालिवाल ने भाजपा पर निशाना साधते हुए प्रदेश सरकार को जमकर कोसा। कहा कि आज के समय में प्रदेश सरकार पूरी तरह से विफल हो चुकी है उन्होंने कहा कि



केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार एक ही ढर्रे पर चल रही है साथ ही उन्होंने केंद्र की प्रदेश की नीतियों को गलत ठहराते हुए कहा कि अब भारतीय जनता पार्टी की सरकार का अंत का समय आ चुका है। 2022 में कांग्रेस अपना परचम लहराने वाली है। हरिद्वार जिले का किसान व बेरोजगार भाजपा से पूरी तरह से तंग आ चुका है। बैठक में सभी कार्यकताओं, पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए कि 2022 को लेकर बूथ स्तर तक जाकर पार्टी को मजबूत किया जाए। पूर्व चेयरमैन दिनेश कौशिक ने कहा कि भाजपा की उत्तराखंड की जनता ने कांग्रेस को सत्ता तक पहुंचाने का मन बना लिया है और यहां राज्य सरकार पूरी तरह से फेल हो चुकी है। राजेंद्र चाौधरी एड़वोकेट ने कहा कि मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत पर सीबीआई मामला हो, भ्रष्टाचार हो या फिर महंगाई, बेरोजगारी के साथ-साथ तमाम कई ऐसे मुद्दे हैं जिन्हें लेकर सरकार विफल साबित हुई है। 2022 में राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। इस दौरान सभी ने पूर्व चेयरमैन दिनेश कौशिक को गुलदस्ता भेंट कर जन्म दिवस की बधाई दी। बैठक में जिलाध्यक्ष धर्मपाल सिंह, पूर्व प्रदेश संगठन सचिव विकास त्यागी, मूलचंद कौशिक, पूर्व चेयरमैन राव रफला, ताज मोहम्मद, नमन कौशिक, सुजल कौशिक उपस्थित रहे।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# फियो ने वित्त मंत्रालय की पहल का स्वागत किया




**नई दिल्ली ।** निर्यातकों की आईजीएसटी रिफंड से जुड़ी समस्या के निदान की दिशा में वित्त मंत्रालय की पहल किए जाने का निर्यातक संघों के महासंघ फियो ने सराहना की है। संगठन ने कहा है कि इससे निर्यातकों का फंसा रिफंड जल्द मिलने में मदद मिलेगी। फियो के अध्यक्ष शरद कुमार सराफ ने निर्यातकों की एकीकृत माल एवं सेवा कर (आईजीएसटी) से जुड़ी रिफंड की समस्या के निदान के लिए केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) द्वारा एसबी005 और जीएसटीआर-3बी की गलतियों को सुधारने की पहल का स्वागत किया है। फियो ने कहा है कि सीबीआईसी ने आंकड़ों के मिलान की समस्या के निदान की पहल की है जिसके तहत एसबी005 से जुड़े 31 दिसंबर 2020 तक के सभी शिपिंग बिलों में सुधार किया जाएगा। वहीं जीएसटीआर-1 और जीएसटीआर-3बी के मिलान के मामले में 31 मार्च 2021 तक के आंकड़ों को सुधारा जाएगा। फियो प्रमुख ने कहा कि वित्त मंत्रालय द्वारा समय समय पर उठाये गए कदम वास्तव में निर्यातक समुदाय के लिये काफी उत्साहवर्धक रहे हैं। उन्होंने सीबीआईसी द्वारा कोविड-19 के दौरान निर्यात माल की क्लीयरेंस जल्द करने और दूसरी सुविधाओं के लिए उठाये गए कदमों की भी सराहना की।

# मार्च में 11 दिन बंद रहेंगे बैंक

**नई दिल्ली।** मार्च का महीना वित्तीय वर्ष का आखिरी महीना होता है।

इस महीने में आमतौर पर बैंकों से जुड़े कामकाज कुछ ज्यादा बढ़ जाते हैं। बता दें कि मार्च के महीने में 11 दिन बैंक में कामकाज नहीं होगा। आरबीआई के दिशा-निदेशों के अनुसार देश में कार्यरत बैंक रविवार के अलावा महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को बंद रहते हैं, साथ ही मार्च में कुछ अतिरिक्त छुट्टियां भी हैं और कुछ क्षेत्रीय त्यौहार भी हैं। इन त्योहारों पर देश के कुछ राज्यों में बैंकों की छुट्टियां होंगी। आइए देखें मार्च में किन किन दिन बैंक बंद रहेंगे। 5 मार्च को चापचरकुट पड़ रहा है। इस दिन आइजोल-मिजोरम की राजधानी में सारे बैंक बंद रहेंगे। 11 मार्च को महाशिवरात्रि है, इस दिन देश के कई राज्यों में बैंकों में कामकाज बंद रहेगा। 13 मार्च को महीने का दूसरा शनिवार होने की वजह से अवकाश रहेगा। 14 मार्च रविवार होने की वजह से बैंकों का साप्ताहिक अवकाश रहेगा। 15 मार्च सोमवार को कुछ बैंक यूनियनों ने हड़ताल करने की घोषणा की है। 21 मार्च रविवार होने की वजह से बैंकों का साप्ताहिक अवकाश रहेगा। 22 मार्च को बिहार दिवस पर बिहार राज्य में लगातार 2 दिन तक बैंक बंद रहेंगे। 27 मार्च को चौथे शनिवार की वजह से देशभर में बैंक बंद रहेंगे। 28 मार्च को रविवार होने के चलते बैंक बंद रहेंगे। 29 और 30 मार्च को होली का त्योहार होने की वजह से बैंकों में अवकाश रहेगा।

# मसालों की बिक्री में आई तेज गिरावट



**नई दिल्ली।** पिछले साल अप्रैल-मई में जब कोरोना के मामले बढ़ रहे थे तो मसालों की बिक्री खूब बढ़ी थी। लोगों ने इम्यूनिटी बूस्टर के तौर पर मसालों की जमकर खरीदारी और सेवन किया। अब मसालों की बिक्री अचानक गिर गई है। कारोबारियों का कहना है कि मौजूदा समय में सामान्य से 20 फीसदी बिक्री भी नहीं बची है। ट्रेडर्स को लगता है कि वित्तीय स्थिति खराब होने की वजह से कारोबार में कमी आई है। जिन कारोबारियों को उधार में माल दिया है, वह भी पैसा नहीं लौटा पा रहा है। खारी बावली के होल सेल मार्केट में इस समय बड़े ऑर्डर नहीं हो रहे हैं। बाहर के व्यापारी भी दिल्ली से आधा माल ही खरीद रहे हैं। इंटरनेट के जमाने में दूसरे शहरों के बिजनेसमैन सीधा कंपनियों से माल बुक कर रहे हैं। थोक बाजारों में तो उधार खरीदारी के लिए ट्रेडर्स आते हैं। जीएसटी के मौजूदा प्रावधानों से भी व्यापारी परेशान हैं, क्योंकि इसमें ईमानदार कारोबारियों को ही प्रताड़ित किया जाता है। खारी बावली सर्व व्यापार मंडल के चेयरमैन राजीव बत्रा का कहना है कि अब लोग उतने ही मसाले खरीद रहे हैं, जितनी जरूरत है। कोरोना संक्रमण जब तेजी से फैल रहा था, उस दौर में लोग खाने-पीने का सामान इकट्ठा कर रहे थे। अब वैक्सीन भी आ गई है। लोगों में भी भय कम हो गया है। इस वजह से मांग घटी है। वैसे भी बाजार में हर आइटम की मांग कम हुई है। जिन लोगों ने कर्मचारियो को काम पर रखा है, वे सैलरी नहीं दे पा रहे हैं। आय का स्त्रोत कम हो गया है, खर्चे बढ़ रहे हैं। इसका असर बाजार में दिख रहा है। व्यापारियों को लगता है कि जब कोरोना खत्म होगा, तभी कारोबार पहले की तरह चरम पर पहुंचेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### इथोपिया ने भारतीय निवेशकों को निवेश का निमंत्रण दिया

कोलकाता । इथोपिया ने भारतीय निवेशकों को देश के प्राथमिक क्षेत्रों में निवेश का आह्वान किया और उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ेगा। इथोपिया की राजदूत तिजीता मुलुगेता ने कपड़ा और परिधान, चमड़ा और चमड़े के उत्पाद, कृषि प्रसंस्करण, पर्यटन, सूचना और संचार प्रौद्योगिकी खनन एवं ऊर्जा को अपने देश के लिए प्राथमिकता वाला क्षेत्र बताया। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि भारत और इथोपिया के बीच व्यापार के हाल के वर्षों में 1.27 अरब डॉलर रहा। इथोपिया सरकार ने भारत के निवेशकों को विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए प्रोत्साहित करने को लेकर कई कदम उठाए हैं। उद्योग मंडल के अध्यक्ष आकाश शाह ने कहा कि इथोपिया 2025 तक अफ्रीका में मध्यम आय वाला देश और प्रमुख विनिर्माण केंद्र बनने को पूरी तरह से तैयार है।

### मजबूती के साथ खुले बाजार

मुंबई । वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेत के बावजूद बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स बुधवार को रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और एक्सिस बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में खरीदारी के बल पर 200 अंक चढ़ गया। बंबई शेयर बाजार (बीएसई) का 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स कारोबार के शुरूआती दौर में 207 अंक बढ़कर 49,958.41 अंक पर पहुंच गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 69.35 अंक बढ़कर 14,777.15 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एक्सिस बैंक करीब दो प्रतिशत की तेजी के साथ सबसे ज्यादा लाभ में रहा। इसके साथ ही बजाज फाइनेंस, स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, ओएनजीसी और अल्ट्रा टेक सीमेंट के शेयरों में भी लाभ दर्ज किया गया। इसके विपरीत टीसीएस, पावर ग्रिड, इन्फोसिस, हिन्दुस्तान यूनिलीवर और टेक महिन्द्रा के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। बीएसई सेंसेक्स पिछले सत्र में 7.09 अंक बढ़कर 49,751.41 अंक और निफ्टी 32.10 अंक बढ़कर 14,707.80 अंक पर बंद हुआ था। इस दौरान विदेशी संस्थागत निवेशक बाजार में शुद्ध रूप से बिकवाल रहे और उन्होंने मंगलवार को 1,569.04 करोड़ रुपए के शेयरों की बिकवाली की।

### सोना और चांदी में मामूली तेजी

मुंबई । एमसीएक्स पर अप्रैल डिलीवरी वाला सोना बुधवार को 8 रुपए की मामूली तेजी के साथ खुला। सुबह यह 18 रुपए की तेजी के साथ 46820 रुपए प्रति 10 ग्राम पर ट्रेड कर रहा था। सुबह के सत्र में इसने 46857 रुपए का उच्चतम और 46770 रुपए का न्यूनतम स्तर छू लिया। जून डिलीवरी वाला सोना 46940 रुपए पर सपाट चल रहा था। इसी तरह मार्च डिलीवरी वाली चांदी 19 रुपए की तेजी के साथ 69360 रुपए प्रति किलो के भाव पर ट्रेड कर रही थी। वैश्विक बाजारों के मजबूत रुख के बीच मंगलवार को दिल्ली सराफा बाजार में सोना 337 रुपए की बढ़त के साथ 46,372 रुपए प्रति दस ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। सोमवार को सोना 46,035 रुपए प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ था। इसी तरह चांदी भी 1,149 रुपए की बढ़त के साथ 69,667 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 68,518 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

### पेट्रोल और डीजल की कीमत में बदलाव नहीं

मुंबई । घरेलू बाजार में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने बुधवार को पेट्रोल और डीजल के दाम में बदलाव नहीं किया है। दिल्ली में पेट्रोल और डीजल के दाम कल 35-35 पैसे बढ़ गए थे। दिल्ली में 24 फरवरी को पेट्रोल के दाम कल के भाव 90.93 रुपए प्रति लीटर और डीजल के भाव कल के हिसाब से 81.32 रुपए प्रति लीटर पर है। मुंबई में भी पेट्रोल के 97.34 रुपए प्रति लीटर और डीजल 88.44 रुपए प्रति लीटर हैं। कोलकाता में भी पेट्रोल के दाम 91.78 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 84.56 रुपए प्रति लीटर हैं। चेन्नई में भी पेट्रोल के दाम 92.90 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 86.31 रुपए प्रति लीटर हैं। इसी तरह बेंगलुरु में भी पेट्रोल का भाव 93.98 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 86.21 रुपए प्रति लीटर हैं।

### रुपया डालर के मुकाबले 14 पैसे मजबूत

मुंबई । विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा में नरमी के चलते स्थानीय अंतर बैंकिंग विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को अमेरिकी डालर के समक्ष रुपया 14 पैसे चढ़कर 72.32 रुपए प्रति डालर पर पहुंच गया। वैश्विक बाजारों में दुनिया की अन्य मुद्राओं के समक्ष डालर के नरम पड़ने और घरेलू शेयर बाजारों में तेजी के साथ शुरुआत होने से रुपए को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल की अमेरिकी अर्थव्यवस्था को लेकर अनुकूल बातें कहने का निवेशकों की धारणा पर अच्छा असर रहा है। अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डालर के मुकाबले स्थानीय मुद्रा में कारोबार 72.35 रुपए प्रति डालर पर शुरू हुआ और उसके बाद यह और मजबूत होकर 72.32 रुपए प्रति डालर पर पहुंच गई। इस स्तर पर यह पिछले दिन के बंद भाव के मुकाबले 14 पैसे मजबूत रहा। एक दिन पहले मंगलवार को डालर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर 72.46 रुपये प्रति डालर पर बंद हुई थी।

# उप्र में हवाई सेवाओं के विस्तार की गति तेज

## उप्र देश में हवाई सेवाओं के मामले में भी सबसे आगे होगा



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश देश में सबसे ज्यादा हवाई सेवाओं वाला राज्य बनने जा रहा है। योगी सरकार ने राज्य में हवाई सेवाओं के चौतरफा विस्तार की गति तेज कर दी है. लखनऊ, वाराणसी और अयोध्या समेत यूपी में बहुत जल्द 5 अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे होंगे। यूपी में हवाई सेवाओं के विस्तार का ब्योरा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में हुई नीति आयोग की बैठक में पेश किया। इसमें बताया गया है कि कुशीनगर को इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए डीजीसीए का लाइसेंस मिल गया है। कुशीनगर यूपी का तीसरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा। नीति आयोग में पेश योजना के मुताबिक लखनऊ, वाराणसी समेत अयोध्या, कुशीनगर और गौतमबुद्ध नगर से भी बहुत जल्द दुनिया के विभिन्न देशों के लिए सीधी हवाई सेवा की सुविधा उपलब्ध होगी. मौजूदा समय में उत्तर प्रदेश में लखनऊ, वाराणसी, आगरा, गोरखपुर, कानपुर, प्रयागराज और हिण्डन एयरपोर्ट से हवाई सेवाएं संचालित हो रही हैं। 15 दिन के भीतर बरेली हवाई अड्डे से भी हवाई सेवाओं की शुरूआत कर दी जाएगी। इसके लिए 8 मार्च की तिथि निर्धारित की गई है। नीति आयोग में पेश की गई योजनाओं के मुताबिक प्रदेश के 10 अन्य जगहों पर भी एयरपोर्ट के विकास का काम तेजी से चल रहा है। इसके साथ ही हवाई अड्डों को बेहतर कनेक्टिविटी और जन सुविधा के लिहाज से प्रदेश में 17 एयरपोर्ट टर्मिनल्स को कम से कम 2 लेन मार्ग से जोड़ा जा रहा है। राज्य सरकार की योजना प्रदेश के हर क्षेत्र को हवाई सेवाओं से जोड़ते हुए आम लोगों को सस्ती, सुलभ और सुरक्षित हवाई सेवाएं उपलब्ध कराने की है। बता दें हवाई सेवाओं के लिहाज से देश में फिलहाल केरल, गुजरात और महाराष्ट्र जैसे राज्य आगे हैं। नए हवाई अड्डे तैयार होने और अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डों की संख्या 5 होने के बाद यूपी देश में हवाई सेवाओं के मामले में भी सबसे आगे होगा।

# दिसंबर तिमाही में 1.3 फीसदी रह सकती है जीडीपी ग्रोथ

**नई दिल्ली।** डीबीएस बैंक की एक रिपोर्ट के मुताबिक देश की जीडीपी ग्रोथ चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही के दौरान पॉजिटिव जोन में आ सकती है। इस तिमाही में जीडीपी ग्रोथ 1.3 फीसदी रह सकती है। इससे पहले दो तिमाहियों के दौरान जीडीपी ग्रोथ निगेटिव रही थी। कोविड-19 महामारी और उससे जुड़े लॉकडाउन के कारण देश में आर्थिक गतिविधियां रुक गई थीं। इस कारण जीडीपी में पहली तिमाही में 23.9 फीसदी और दूसरी तिमाही में 7.5 फीसदी की गिरावट आई थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2020-21 के दौरान जीडीपी में 6.8 फीसदी की गिरावट आ सकती है। डीबीएस ग्रुप की अर्थशास्त्री राधिका राव का कहना है कि देश में कोविड-19 की स्थिति में तेजी से सुधार आने और लोगों के खर्च में तेजी से बढ़ोतरी होने से जीडीपी ग्रोथ में उम्मीद से ज्यादा सुधार संभव है। डीबीएस बैंक की रिपोर्ट के मुताबिक आर्थिक गतिविधियों से पाबंदी हटने के बाद त्यौहारों के मौसम में मांग बढ़ने, खपत में बढ़ोतरी होने से अर्थव्यवस्था में सुधार आया है। इसके साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में भी आर्थिक गतिविधियां शुरू हुई हैं। वर्ष 2020-21 का आर्थिक समीक्षा में अगले वित्त वर्ष जीडीपी में 11 फीसदी बढ़ोतरी का अनुमान लगाया गया है।

# जुआरी एग्रोकेमिकल्स गोवा उर्वरक संयंत्र बेचेगी

जुआरी एग्रोकेमिकल्स (जेडएसीएल) ने कहा कि वह गोवा में अपने उर्वरक संयंत्र और उससे जुड़े व्यवसायों को पारादीप फॉस्फेट्स (पीपीएल) को 28 करोड़ डॉलर (1,100 करोड़ रुपए से अधिक) के उद्यम मूल्य पर बेचेगी। जेडएसीएल ने एक बयान में कहा कि कंपनी के निदेशक मंडल ने आयोजित बैठक में गोवा में अपने उर्वरक संयंत्र और संबद्ध व्यवसायों की पीपीएल को एकमुश्त बिक्री करने को 28 करोड़ डॉलर के एकमुश्त उद्यम मूल्य पर बिक्री करने को मंजूरी दे दी। जेडएसीएल का गोवा संयंत्र जय किशन ब्रांड के तहत यूरिया, डीएपी और एनपीके उर्वरकों के विभिन्न ग्रेड के निर्माण, वितरण, आयात और बिक्री में लगा हुआ है, जिसकी कुल स्थापित क्षमता 12 लाख टन प्रति वर्ष है।

# चीन से आयातित विशेष प्रकार के स्टील पर जारी रहेगी एंटी डंपिंग ड्यूटी?

**मुंबई ।** ड्यूटी फेयर ट्रेड प्रैक्टिसेज सुनिश्चित करने और घरेलू उत्पादकों के हितों को सुरक्षित करने के लिए चीन से आयात होने वाले कुछ सामानों पर भारत में एंटी-डंपिंग ड्यूटी लगाया गया है। अब वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई डायरेक्टरोट जनरल ऑफ ट्रेड रेमेडीज (डीजीटीआर) ने एंटी-डंपिंग ड्यूटी को जारी रखने को लेकर जांच शुरू की है। सरकार द्वारा अधिसूचना के मुताबिक घरेलू उद्योगों द्वारा शिकायत किए जाने पर कुछ खास प्रकार के स्टील प्रॉडक्ट्स पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी को जारी रखने को लेकर जांच चल रही है। आईएसएमटी लिमिटेड और जिंदल शॉ लिमिटेड ने डीजीटीआर के पास चीन से आयात होने वाले सीमलेस ट्यूब्स, पाइप्स, लोहे के हॉलो प्रोफाइल्स और एलॉय या नॉन एलॉय स्टील पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी के सनसेट रिव्यू के लिए याचिका दायर की थी। सनसेट रिव्यू के तहत ये आकलन किया जाता है कि किसी प्रोग्राम या एजेंसी की जरूरत खत्म हो गई या अभी भी है। यह किसी प्रोग्राम या एजेंसी के प्रभावकारी होने और प्रदर्शन का आकलन होता है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि एंटी-डंपिंग ड्यूटी लगाने के बाद भी इन उत्पादों की डंपिंग जारी है। इनके आयात में बढ़ोतरी हुई है, नोटिफिकेशन में कहा गया है कि घरेलू कंपनियों की ओर से उपलब्ध कराए गए सबूतों के मुताबिक अगर वर्तमान ड्यूटी एक्सपायर होती है तो उसे जारी रखा जाना चाहिए। एंटी-डंपिंग ड्यूटी को लेकर डीजीटीआर रिव्यू करेगा कि इसे जारी रखा जाना चाहिए या नहीं। चीन से आने वाले इन स्टील उत्पादों पर फरवरी 2017 में एंटी-डंपिंग ड्यूटी लगाई गई थी और 16 मई 2021 को एक्सपायर होगी। अगर इस फैसले को आगे नहीं बढ़ाया जाता है तो 16 मई 2021 के बाद चीन से आयात होने वाले इन स्टील उत्पादों पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी नहीं लगेगी।

# बीएसईएस डिस्कॉम ने तीन हजार रूफटॉप सोलर कनेक्शन लगाए

**मुंबई।** बीआरपीएल और बीवाईपीएल दक्षिण, पश्चिम, पूर्व और मध्य दिल्ली में आक्रामक रूप से सोलर ऊर्जा को बढ़ावा दे रहे हैं। इसने उल्लेख किया कि बीएसईएस क्षेत्र में रूफटॉप सोलर नेट मीटरिंग की प्रतिक्रिया अविश्वसनीय रूप से उत्साहजनक रही है। आवासीय, शैक्षिक और वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों सहित सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं ने बड़े पैमाने पर सोलर ऊर्जा में आकर्षण दिखाया है। आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि इन उपभोक्ताओं में 1805 घरेलू उपभोक्ता हैं, जबकि 655 शैक्षिक संस्थाएं, 554 व्यावसायिक इकाइयां, 35 औद्योगिक इकाइयां और 91 अन्य श्रेणियों के उभोक्ता हैं।

# टेक्नो ने अपनी ब्रांड कनेक्ट की शुरूआत ‘टेक्नो इंडिया वर्चुअल रन’ के साथ की

» **मदरलैंड संवाददाता**

करनाल। वैश्विक प्रीमियम स्मार्टफोन ब्रांड, टेक्नो ने आज अपने टेक्नो इंडिया रन के पहले वर्चुअल संस्करण को शुरू करने की घोषणा की। यह टेक्नो की अपने युवा लक्षित-समूह (टीजी) के साथ जुड़ने और साथ ही भारत सरकार के ‘फिट इंडिया मूवमेंट’ को मजबूत करने के लिए एक ब्रांड-कनेक्ट पहल है। वर्चुअल रन का आयोजन 13 और 14 मार्च 2021 को होगा और इस दौरान यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रतिभागी अपनी पसंद के माहौल की सुरक्षा




में सक्रिय रूप से हिस्सा ले सकें। ‘टेक्नो इंडिया वर्चुअल रन’ के जरिए ब्रांड का उद्देश्य लोगों को स्वभाव में बदलाव लाने और सेहत व फिटनेस को अपने दैनिक जीवन का एक अहम हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। टेक्नो की इस फिटनेस पहल को लेकर अपनी बात रखते हुए ट्रांसियॉन इंडिया के सीईओ, श्री अरिजीत तालापात्रा ने कहा, ‘टेक्नो ने हमेशा अपने उपभोक्ताओं के लिए सबसे अधिक सार्थक अनुभव लाने की कोशिश की है। टेक्नो इंडिया वर्चुअल रन का उद्देश्य उपभोक्ताओं को स्वास्थ्य, फिटनेस और वेलनेस जैसी चीजों से जोड़ना है, जो उनके लिए महत्वपूर्ण हैं। पिछले साल लोगों ने कई महीने घर पर रहते हुए ही बिताए। कहीं आना-जाना नहीं, कोई सफर नहीं, और घर से काम करना और रिमोट लर्निंग-लाइफस्टाइल अचानक सुस्त हो गई थी। महामारी ने लोगों को स्वास्थ्य के बारे में अधिक समग्र रूप से सोचने के लिए प्रेरित किया। हर रोज की गतिविधियों के साथ संघर्ष करते हुए फिटनेस बहुत महत्वपूर्ण हो गई है। वर्चुअल वर्कआउट की बदौलत लोगों ने अपने स्वास्थ्य को मजबूत बनाना शुरू कर दिया है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि आने वाला समय डिजिटल और फिजिकल, दोनों का मिश्रण होने जा रहा है।’ इस अभियान का विचार एक टेक्नो सीएमआर स्टडी से निकलकर आया, जो बताती है कि ‘एस्पिरेशनल भारत में सात में से तीन उपयोगकताओं ने लॉकडाउन की अवधि के दौरान नई गतिविधियां और अपने शौक को पूरा करने के काम शुरू किए हैं’। रिपोर्ट में आगे बताया गया है कि लॉकडाउन के दौरान स्वास्थ्य और फिटनेस संबंधी गतिविधियों के लिए स्मार्टफोन के उपयोग में 54% की बढ़ोतरी हुई। महामारी के चलते उपभोक्ताओं को सेहत, तंदुरुस्ती और वेलनेस पर ध्यान केंद्रित करते हुए देखा गया, और यह नवीनतम पहल भारत में अपने उपभोक्ताओं के लिए टेक्नो की प्रासंगिक, जिम्मेदार और आकर्षक कार्यक्रम लाने संबंधी इच्छा को आगे बढ़ाती है।

# वी ने हंगामा के सहयोग से वी मुवीज एण्ड टीवी ऐप पर लॉन्च की प्रीमियम वीडियो ऑन डिमांड (पीवीओडी) सर्विस

» **मदरलैंड संवाददाता**

हिसार। अग्रणी दूरसंचार ब्राण्ड वी ने आज हंगामा डिजिटल मीडिया एंटरटेमेन्ट की ओर पेश की गई डील्स के साथ अपने पे पर व्यू सर्विस मॉडल का लॉन्च किया है। यह भारत के उभरते प्रीमियम वीडियो ऑन डिमांड (पीवीओडी) बाजार में किसी दूरसंचार सेवा प्रदाता द्वारा पेश की गई अपनी तरह की पहली पेशकश है। इसके साथ वी के उपभोक्ता चार भाषाओं- हिंदी, अंग्रेजी, तमिल और तेलुगु में 380 से अधिक फिल्मों का आनंद उठा सकेंगे, जिनमें मास्टर फिल्म निमार्ता क्रिस्टोफर नोलन द्वारा पेश की गई 2020 की सबसे चर्चित फिल्म- ‘टेनेट’ भी शामिल है। भारत में पीवीओडी बाजार अपनी शुरूआती अवस्था में हैं, किंतु यह तेजी से विकसित हो रहा है, भारतीय उपभोक्ता आज कीमत और पंसद को लेकर बेहद सजग हो गया है। महामारी के दौर के बाद पीवीओडी मॉडल्स में तेजी से बदलाव आ रहे हैं, आज उपभोक्ता अपने घर में आराम से बैठकर मनोरंजन के विकल्पों का आनंद उठाना चाहते हैं। टीवी मुवीज एण्ड टीवी पे पर व्यू मॉडल हमारी मनोरंजन पेशकश का प्राकृतिक विस्तार है। मौजूदा पेशकश के साथ उपभोक्ता अपने रीचार्ज या पोस्ट-पेड प्लान के मुताबिक बिना किसी अतिरिक्त लागत के कंटेंट देख सकते हैं। पे पर व्यू लॉन्च के तहत उपभोक्ता को सिर्फ उसी कंटेंट के लिए कीमत चुकानी होगी, जिसे वे अपनी पसंद की भाषा में देखना चाहते हैं। इस साझेदारी पर बात करते हुए अवनीश खोसला, सीएमओ, वी ने कहा, ‘‘वी उपभोताओं के लिए नए प्रस्ताव एवं लागत प्रभावी पेशकश लाने के लिए शीर्ष पायदान के कंटेंट प्रदाताओं के साथ निरंतर साझेदारियां कर रहा है। अर्थव्यवस्था और मनोरंजन कारोबार धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगे हैं, इसी बीच कंटेंट उपयोग के नए मॉडल विकसित हो रहे हैं, जहां उपभोक्ता किसी विशेष कीमत पर एक विशेष कंटेंट देखना चाहते हैं। आधुनिक एवं साझेदारी उन्मुख कंटेंट रणनीति के साथ हम दूरसंचार जगत में यह अनूठी पहल लेकर आए हैं। हमें उम्मीद है कि हमारे जैसी सोच वाले हंगामा डिजिटल जैसे साझेदारों के साथ काम करते हुए हम इस सेगमेन्ट में तेजी से विकसित हो सकेंगे।’’ साझेदारी पर बात करते हुए सिद्धार्थ रॉय, सीओओ, हंगामा डिजिटल मीडिया ने कहा, ‘‘इंटरनेशनल स्टुडियोज के साथ साझेदारी के माध्यम से हंगामा प्ले, हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर्स की थिएटर में रिलीज के कुछ ही सप्ताहों के भीतर अपने उपयोगकर्ताओं को पे पर व्यू मॉडल के आधार पर इनका आनंद उठाने का अवसर प्रदान करता है। हंगामा प्ले की इस ट्राजैक्शनल सर्विस तथा वी मुवीज एण्ड टीवी के एकीकरण से उपयोगकर्ता अपने फोन पर ही हॉलीवुड की नई फिल्मों के साथ विश्वस्तरीय मनोरंजन का आनंद उठा सकेंगे। वी के साथ हमारी लम्बी एवं अच्छी साझेदारी रही है और हमें विश्वास है कि इस नई साझेदारी से ऑन-डिमांड सेवाओं का दायरा विस्तारित होगा, और वी के उपयोगकर्ता इनका आनंद उठा सकेंगे।’’

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# राष्ट्रपति कोविंद ने किया...

## नरेंद्र मोदी स्टेडियम रखा गया नाम, वल्लभ भाई पटेल स्पोर्ट्स एन्क्लैव का भी भूमि पूजन

पेज 1 का शेष




**अहमदाबाद।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बुधवार को यहां विश्व के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम मोटेरा का उद्घाटन किया। इस स्टेडियम का नाम नरेंद्र मोदी स्टेडियम रखा गया है। दो दिवसीय इस दौरे पर राष्ट्रपति कोविंद ने सरदार वल्लभ भाई पटेल स्पोर्ट्स एन्क्लैव का भी भूमि पूजन किया। उद्घाटन समारोह में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, खेल मंत्री किरेन रिजिजू और उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल भी उपस्थित थे। इस स्टेडियम में पहला मुकाबला भारत और इंग्लैंड के बीच होगा। भारत और इंग्लैंड के बीच तीसरा टेस्ट मैच बुधवार से ही इस नवनिर्मित मोटेरा क्रिकेट स्टेडियम में शुरू होगा। यह दिन-रात का मैच होगा। इसके बाद अंतिम टेस्ट मैच भी यहीं खेला जाएगा। इसके अलावा दोनों टीमों के बीच पांच एकदिवसीय मैच भी यहां होंगे। मोटेरा स्टेडियम को सरदार पटेल स्टेडियम के रूप में भी जाना जाता है। यह दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम है। इसमें क्षमता कुल एक लाख 10 हजार दर्शकों की है। 63 एकड़ में फैले इस स्टेडियम ने मेलबॉर्न को के स्टेडियम को भी पीछे छोड़ दिया है। इसमें 90 हजार लोग एक साथ बैठ सकते हैं। वहीं साल 1982 में तैयार हुए मोटेरा स्टेडियम में शुरूआती समय में केवल 49 हजार लोगों के बैठने की क्षमता थी।खास बात है कि दुनिया की सबसे बड़ी मूर्ति स्टेच्यु ऑफ यूनिटी के बाद राज्य के पास दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम भी हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस स्टेडियम की अनुमानित लागत 800 करोड़ रुपए है। इस स्टेडियम का निर्माण लार्सन एंड टर्बो कंपनी ने किया है। मोटेरा में सबसे बड़े स्टेडियम में ड्रीम प्रोजेक्ट में 76 कॉर्पोरेट बॉक्स हैं। यहां ओलंपिक के स्तर का स्विमिंग पूल है, एक इंडोर एकेडमी भी है, इसके साथ ही एथलीट्स के लिए चार ड्रेसिंग रूम, फूड कोर्ट और जीसीए क्लब हाउस भी है। इस स्टेडियम में 11 पिच तैयार की गईं हैं। जिनमें से 6 लाल और 5 काली मिट्टी की हैं। खास बात है कि यह पहला स्टेडियम होगा, जहां दोनों तरह की पिचों का इस्तेमाल खेलने और अभ्यास दोनों के लिए होगा। बारिश होने की स्थिति में पिच केवल 30 मिनट में ही सूख जाएगी।

## इंग्लैंड की मैच में वापसी, एक रन के भीतर भारत के दो विकेट गिरे



**अहमदाबाद।** भारत बनाम इंग्लैंड लाइव क्रिकेट स्कोरः अहमदाबाद में भारत-इंग्लैंड के बीच तीसरा मुकाबला डे-नाइट टेस्ट मैच के रूप में खेला जा रहा है। दोनों टीम चार मैच की टेस्ट सीरीज में 1-1 से बराबरी पर चल रही हैं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज करते हुए पूरी इंग्लिश टीम महज 112 रन पर ऑलआउट हो गई। 48.4 ओवर में ही भारतीय गेंदबाजों ने 10 विकेट ले लिए। अक्षर पटेल को छह विकेट मिले। लगातार दूसरे मैच में फाइव विकेट हॉल करने वाले वह तीसरे भारतीय गेंदबाज बने। रवि अश्विन ने तीन तो इशांत शर्मा के खाते में एक सफलता आई। अब भारतीय टीम दो विकेट के नुकसान पर 35 रन बनाकर खेल रही है। रोहित शर्मा और विराट कोहली क्रीज पर मौजूद हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़के हादसे में टाइगर वुड्स गंभीर रूप से घायल

लॉस एंजिलिस । दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादस इतना भयानक था कि वुड्स की कार सड़क के बीच में बने डिवाइडर से टकराकर कई बार घूम गई। इसके कारण वुड्स को विंडशील्ड से बाहर निकालना पड़ा। इसके बाद अस्पताल में उनके पैरों की सर्जरी हुई। जिस समय यह दुर्घटना हुई वुड्स कार में अकेले थे। स्थानीय मीडिया के अनुसार हादसे के बाद वुड्स ने ही विंडशील्ड खोली जिससे उन्हें बाहर निकाला जा सका। लॉस एंजिलिस काउंटी के शेरीफ एलेक्स विलानुएवा ने कहा, " उनका एयरबैग खुल गया था और कार के भीतर के हिस्से में उन्हें कुशन मिल गया जिससे वह इस हादसे में बच सके।" उनके दोनों पैरों में काफी चोट आई है। घटना के समय उन्होंने शराब आदि का सेवन नहीं किया था हालांकि कार की रफ्तार क्या थी यह पता नहीं चला है। शेरीफ के सहायक कार्लोस गोंजालेस ने बताया कि इस सड़क पर इससे पहले भी कई हादसे हुए हैं।

### आईपीएल में शराब और तंबाकू के विज्ञापन नहीं करेंगे ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर

नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर आगामी इंडियन पीमियर लीग (आईपीएल) के दौरान फास्ट फूड-तंबाकू का विज्ञापन नहीं करेंगे। इसका कारण यह है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) नहीं चाहता है कि आईपीएल लीग में उसके खिलाड़ी जुआ, फास्ट फूड, शराब और तंबाकू ब्रांड के प्रचार करें। आईपीएल का 14वां सत्र अप्रैल के दूसरे सप्ताह में शुरू होगा जिसमें ग्लेन मैक्सवेल, झाय रिचर्डसन समेत कई आस्ट्रेलियाई क्रिकेटर भाग लेंगे। ऐसे में आईपीएल टीम के किसी तस्वीर का इस्तेमाल अल्कोहल, फास्ट फूड, फास्ट फूड रेस्तरां, तंबाकू या सट्टेबाजी का व्यवसाय करने वाली किसी कंपनी के लिए नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा सीए ने कहा कि बिग बैश लीग टीम या प्रदेश टीम के एक खिलाड़ी से ज्यादा को विज्ञापन मुहिम में नहीं लिया जा सकता। बोर्ड के ईमेल में कहा, सीए ने फ्रेंचाइजी द्वारा विज्ञापनों या प्रचार सामग्री में आस्ट्रेलियाई खिलाडियों के इस्तेमाल के लिए ये पाबंदियां लगाई है। इसमें कहा गया है कि हर फ्रैंचाइजी सीए के केंद्रीय अनुबंध वाले एक से अधिक खिलाड़ी को विज्ञापन में नहीं ले सकती। एक ही आस्ट्रेलियाई प्रदेश टीम का एक से अधिक खिलाड़ी विज्ञापन में नहीं होगा और इसी तरह बिग बैश लीग का भी एक ही खिलाड़ी एक विज्ञापन में होगा। ऑस्ट्रेलिया के 19 क्रिकेटर आईपीएल 2021 खेलेंगे जिनमें स्टीव स्मिथ, मैक्सवेल, नाथन कूल्टर नाइल, रिचर्डसन, डेविड वॉर्नर और मिशेल मार्श आदि हैं।

### कमेंट्री करते नजर आयेंगे कार्तिक

नई दिल्ली । अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज कीपर दिनेश कार्तिक का करियर अब समाप्त होने की ओर है। ऐसे में अब वह कमेंट्री करते नजर आ सकते हैं। कार्तिक ने 94 वनडे और 32 टी20 खेल चुके हैं। इनमें कार्तिक ने 30.2 और 33.2 की औसत से 1752 और 399 रन बनाए हैं। उन्होंने अपना आखिरी वनडे न्यूजीलैंड के खिलाफ जुलाई 2019 में खेला था। हाल के दिनों में जिस प्रकार युवा विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल, संजू सैमसन, ऋषभ पंत और ईशान किशन सामने आये हैं। उसके बाद कार्तिक के चयन की संभावनाएं भी समाप्त हो गयी हैं। ऐसे में कार्तिक अब भारत और इंग्लैंड के बीच आगामी सीमित क्रिकेट मैचों की सीरीज में कमेंटेटर के रूप में दिखाई देंगे। कार्तिक को कमेंटरी पैनल में जगह भी मिल गयी है। 35 वर्षीय दिनेश कार्तिक इस पैनल में अकेले भारतीय हैं। इसके अन्य सदस्य हैं, डेविड लॉयड, नासिर हुसैन, इयान वार्ड, इब्नी रैनफोर्ड-ब्रेंट, माइकल आर्थटन, रॉब की और स्टुअर्ट ब्रॉड। इसके साथ ही विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक उस सूची में शामिल हो जाएंगे, जो खेल में सक्रिय होने के बाद भी कमेंट्री करेंगे। हरभजन सिंह, गौतम गंभीर, पार्थिव पटेल और रॉबिन उथप्पा इस सूची में पहले ही शामिल हैंभारत को इंग्लैंड के साथ 5 टी20 और 3 वनडे खेलने हैं. इसकी शुरूआत 12 मार्च से होगी.

### क्रिकेटर होने के साथ की कारोबार भी करते हैं ऑली

अहमदाबाद । इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ऑली स्टोन क्रिकेटर होने के साथ ही कई काम एक साथ करते हैं। ऑली फुटबॉल की रेडियो कॉमेंट्री करते हैं और इनका अपना स्वयं का कारोबार भी संभालते हैं। स्टोन एक साल पहले इंग्लैंड में फुटबॉल का एक मैच कवर कर रहे थे। स्टोन कॉमेंट्री के अलावा क्रिकेट बैट की लकड़ी बेचने और खरीदने का भी कारोबार करते हैं। इसके अलावा वे विलो का पेड़ लगाने की तैयारी कर रहे हैं, इस पेड़ को तैयार होने में लगभग 18 साल का समय लगता है। स्टोन ने कहा कि मैं अपने दो दोस्तों के साथ व्यवसाय कर रहा हूं। स्टोन ने पहला टेस्ट जुलाई 2019 में खेला था और दूसरा टेस्ट उन्होंने 13 फरवरी 2021 को खेला। स्टोन इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड के तेज गेंदबाजों के डेवलपमेंट कॉन्ट्रेक्ट में शामिल हैं, जिन्हें एशेज सीरीज के लिए तैयार किया जा रहा है। स्टोन ने कहा कि कॉन्ट्रेक्ट मिलने का मतलब है कि आप महत्वपूर्ण हैं। मैं लगातार अपने खेल में सुधार की कोशिश कर रहा हूं। मोटेरा स्टेडियम की तारीफ करते हुए इस खिलाड़ी ने कहा कि इसे देखकर लगता है कि आप फुटबॉल मैदान में हैं।

## यूसुफ पठान ने क्रिकेट अकादमी खोली

**हैदराबाद।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर यूसुफ पठान ने यहां क्रिकेट अकादमी आफ पठांस (सीएपी) के अपने 26वें केंद्र का उद्घाटन किया है। इस अकादमी का लक्ष्य उभरते हुए क्रिकेटरों को निखारना है। सीएपी के एक बयान अनुसार इस अवसर पर पठान ने ट्रेनी खिलाड़ियों से बात की और हैदराबाद में क्रिकेट खेलने को लेकर अपना अनुभव साझा किया है। सीएपी के निदेशक पठान ने कहा, "क्रिकेट अकादमी आफ पठांस का लक्ष्य विश्व स्तरीय क्रिकेट कोचिंग और सर्वश्रेष्ठ बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराना है जिससे कि देश के उभरते हुए क्रिकेटरों की मदद की जा सके।" सीएपी के प्रबंध निदेशक हरमीत वासुदेव ने कहा कि उनकी योजना साल के अंत तक 25 और शहरों में भी अकादमी शुरू करने की है।

## राष्ट्रीय टीम से खेलने हेतु आईपीएल से बाहर रहने को तैयार हैं मुस्ताफिजुर



**अहमदाबाद।** बांग्लादेश क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान ने कहा है कि देश के लिए खेलना उनकी पहली प्राथमिकता है। इसके लिए वह आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर रहने को भी तैयार हैं। मुस्ताफिजुर के अनुसार अगर श्रीलंका के खिलाफ अगले महीने होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए उन्हें टीम में जगह दी जाती है तो वह खेलने के लिए तैयार हैं। इससे पहले बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने मुस्ताफिजुर सहित उन सभी खिलाड़ियों को आईपीएल में हिस्सा लेने की स्वीकृति दी है जो नीलामी में खरीदे गये हैं। बांग्लादेश के श्रीलंका दौरे के समय ही आईपीएल हो रहा है ऐसे में शाकिब अल हसन सहित कुछ खिलाड़ियों ने बीसीबी से श्रीलंका दौरे से बाहर रहने की अनुमति मांगी थी। उसी के बाद मुस्ताफिजुर का यह ताजा बयान आया है। आईपीएल टी20 टूनार्मेंट की तारीखें बांग्लादेश टीम के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम से टकरा रही हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर ने हालांकि राष्ट्रीय टीम से खेलने का फैसला किया है। उन्हें राजस्थान रॉयल्स ने एक करोड़ रुपये में खरीदा है। न्यूजीलैंड के लिए रवाना होने से पहले मुस्ताफिजुर ने कहा है कि मैं वही करूंगा जो बीसीबी मुझे करने को कहेगा। अगर वे मुझे टेस्ट टीम के साथ श्रीलंका दौरे के लिए कहेंगे तो मैं टेस्ट मैच खेलूंगा और अगर वे टेस्ट टीम में नहीं रखेंगे तो फिर मैं आईपीएल खेलूंगा।

## श्रीलंका ने शनाका को टी20, दिमुथ को एकदिवसीय टीम का कप्तान बनाया



**कोलंबो।** श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा की जगह ऑलराउंडर दासुन शनाका को टी-20 टीम का कप्तान है। शनाका इससे पहले भी श्रीलंकाई टी-20 टीम के कप्तान रहे हैं। उनकी कप्तानी में ही टीम ने साल 2019 में पाकिस्तान को 3-0 से हराया था। मलिंगा कुछ दिनों पहले स्वयं ही चयन प्रक्रिया से बाहर हो गए थे और टीम के साथ प्रशिक्षण में भी नहीं जुड़े थे। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने आगामी तीन मार्च से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू होने वाली सीमित ओवर श्रृंखला के लिए अपनी 20 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टी-20 श्रृंखला में शनाका, जबकि एकदिवसीय श्रृंखला में दिमुथ करुणारत्ने कप्तानी करेंगे। टी-20 और एकदिवसीय श्रृंखला के लिए टीम में तीन अनकैप्ड (नये) खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। वहीं सलामी बल्लेबाज पथुम निसांका और मध्यक्रम के बल्लेबाज एशेन बंडारा पहली बार टीम में शामिल किये गये हैं। तेज गेंदबाज दिलशान मदुशंका को भी टीम में शामिल किया गया है। इसके अलावा अवैध गेंदबाजी एक्शन के कारण एक साल का प्रतिबंध पूरा करने वाले स्पिनर अकिला धनंजया की भी टीम में वापसी हुई है हालांकि अनुभवी तेज गेंदबाज लाहिरु तिरिमाने कोरोना वायरस से संक्रमित होने के कारण शामिल नहीं किये गये हैं। उनकी जगह पर चयनकताओं ने सुरंगा लकमल को शामिल किया है। श्रीलंकाई टीम इस प्रकार हैः दिमुथ करुणारत्ने (वनडे कप्तान), दासुन शनाका (टी-20 कप्तान), दानुष्का गुणाथिलाका, पथुम निसांका, एशेन बंडारा, ओशादा फर्नांडो, दिनेश चंडीमल, एंजेलो मैथ्यूज, निरोशन डिकवेला, तिषारा परेरा, कामिंदु मेंडिस, वनिंदु हसरंगा, रमेश मेंडिस, नुवान प्रदीप, असिता फर्नांडो, दुष्मंत चमीरा, अकिला धनंजया, लक्षन संदाकन, दिलशान मदुशंका और सुरंगा लकमल।

## फिंच के आईपीएल वाले बयान से हैरान हुए क्लार्क


**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क खुश ने आईपीएल नीलामी में किसी टीम के नहीं खरीदने को अप्रत्याशित नहीं मानने वाले सीमित ओवरों के कप्तान एरोन फिंच के बयान पर हैरान जताई है। क्लार्क ने कहा कि फिंच का बयान उन्हें समझ नहीं आया है। फिंच ने अपने बयान में कहा था कि नीलामी में किसे भी टीम के न खरीदने से वह निराश नहीं हैं और इसे बदकिस्मती समझने की जगह घर पर रहने का अवसर मान रहे हैं। फिंच ने बयान दिया था कि वह आईपीएल का हिस्सा बनना चाहते थे पर खराब फॉर्म से गुजरने के कारण उन्हें जगह नहीं मिली हो। फिंच के इसी बयान से क्लार्क नाराज हैं। क्लार्क ने कहा कि मुझे उनका यह रवैया समझ नहीं आया। उन्होंने फिंच को लेकर कहा कि ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान होने के कारण उन्हें उम्मीद होनी चाहिये थी कि आईपीएल में हर टीम तुम्हें अपनी टीम में लेने की कोशिश करे। क्लार्क ने कहा कि फिंच का प्रदर्शन हाल में अच्छा नहीं रहा है। उनका बिग बैश लीग का सत्र खराब रहा है कम स्कोर बनाए हैं पर इसके बाद भी उन्हें आईपीएल में बड़े करार की उम्मीद करनी चाहिये थी। फिंच ने कहा कि मुझे उम्मीद थी कि मुझे कोई नहीं खरीदेगा, इसको लेकर पूर्व कप्तान ने कह कि मैं इसका मतलब नहीं समझ पाया।

## एक साल बाद रिंग में नजर आयेंगे विजेंदर



**नई दिल्ली ।** पेशेवर भारतीय मुक्केबाज विजेंदर सिंह एक साल बाद फिर रिंग में उतरेंगे। कोविड-19 महामारी के कारण विजेंदर पिछले एक साल से किसी भी मुकाबले में नहीं उतरे हैं। विजेंदर का मुकाबला किससे होगा यह अभी तय नहीं हुआ है। उनके प्रतिद्वंद्वी की घोषणा जल्द की होने की संभावना है। यह मुकाबला भारत में होगा हालांकि वह कहां होगा यह अभी तय नहीं हुआ है। विजेंदर के प्रमोटर्स आईओएस बॉक्सिंग प्रमोशन ने कहा, 'प्रमोटर्स उनके प्रतिद्वंद्वी, तिथि और स्थान को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं हालांकि वह पेशेवर मुक्केबाजी में 12-0 (आठ नाकआउट जीत) के अपने अजेय अभियान को आगे बढ़ाने के लिए अगले माह में निश्चित तौर पर रिंग में उतरेंगे।' इसमें कहा गया है, 'इस मुकाबले के साथ युवा और प्रतिभाशाली मुक्केबाजों के भी आपस में मुकाबले होंगे।'

विजेंदर अभी डब्ल्यूबीओ ओरिएंटल और डब्ल्यूबीओ एशिया पैसेफिक सुपर मिडिलवेट चैंपियन हैं। उन्होंने नवंबर 2019 में अपना आखिरी मुकाबला लड़ा था। यह विजेंदर का भारत में पांचवां मुकाबला होगा। इससे पहले वह नई दिल्ली, मुंबई और जयपुर में रिंग में उतरे हैं। वह पिछले एक महीने से मुकाबले के लिए कड़ा अभ्यास भी कर रहे हैं। विजेंदर ने कहा, 'मैं रिंग में लौटने के लिये वास्तव में उत्साहित हूं और मुकाबले के लिए अपने को फिट रखने के लिये कड़ी मेहनत कर रहा हूं।'



मेलबोर्न में जापान की नाओमी ओसाका ऑस्ट्रेलियाई ओपन ट्राफी के साथ उत्साहित नजर आयीं।

## रूट ने अश्विन की जमकर प्रशंसा की



**अहमदाबाद।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान जो रुट ने भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की जमकर सराहना करते हुए कहा है कि अश्विन एक विश्वस्तरीय गेंदबाज हैं। रुट ने साथ ही यह भी कहा कि अपनी धरती पर और भी घातक हो जाते हैं। अश्विन ने पहले दो टेस्ट मैचों में इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर दबाव बनाने के साथ ही उनपर अंकुश लगाये रखा। उसी को देखते हुए रुट का यह बयान आया है। अश्विन ने दूसरे टेस्ट में कुल आठ विकेट लेकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। अश्विन ने पहले टेस्ट में नौ विकेट लिए थे। इस प्रकारा उन्होंने शुरूआती दो टेस्ट में कुल 17 विकेट हासिल किये हैं। मेहमान टीम का कोई भी बल्लेबाज उनके खिलाफ सफल नहीं रहा है। रूट ने कहा, "हां, वह (अश्विन) विश्व स्तरीय खिलाड़ी है। मुझे लगता है कि सभी के लिए उसे खेलना आसान नहीं होगा पर जैसा कि आपने कहा, विशेषकर बायें हाथ के बल्लेबाजों को उसके खिलाफ काफी परेशानी होती है क्योंकि आपको पता है कि वह कितना कुशल है, विश्व क्रिकेट में बायें हाथ के बल्लेबाजों के खिलाफ उसका रिकॉर्ड कितना अच्छा है।" अश्विन की टर्न लेती गेंद के खिलाफ अधिकतर विशेषज्ञ बल्लेबाजों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा है। रूट ने कहा, "वह अपनी धरती पर और अधिक प्रभावी हो जाता है इसलिए हमारे बल्लेबाज को उसके सामने रन बनाने के लिए अपने कौशल का पूरा इस्तेमाल करना होगा।" इंग्लैंड के कप्तान ने कहा कि अश्विन बल्लेबाजी में भी पीछे नहीं है। दूसरे टेस्ट के दौरान उसने अपनी शतकीय पारी खेलते हुए बाएं हाथ के स्पिनर जैक लीच को एक निश्चित लाइन और लेंथ से गेंदबाजी नहीं करने दी। रूट ने युवा विकेटकीपर ऋषभ पंत के बल्लेबाजी कौशल की भी तारीफ की लेकिनपर कहा कि वह विरोधी टीमों को मौके देता है। उन्होंने कहा, "हमें पता है कि ऋषभ काफी प्रतिभावान है लेकिन वह आपको मौका देता है और इसके लिए तैयार रहना चाहिए।" रूट ने नए सिरे से तैयार मोटेरा स्टेडियम की सराहना करते हुए इसे शानदार मैदान करार दिया।

## धोनी के अंतिम टेस्ट में इशांत को छोड़ना पड़ा था मैदान

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज इशांत शर्मा ने स्पिनर आर अश्विन से हुई बातचीत में कई रोचक खुलासे किये हैं। इशांत ने कहा है कि पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के अंतिम टेस्ट में जब उन्हें बीच में ही मैच छोड़ना पड़ा तो धोनी ने कहा था लंबू तुमने मुझे अंतिम टेस्ट में अकेला छोड़ दिया। इससे पहले अश्विन ने इशांत से कहा था कि आप पूर्व कप्तान धोनी को बेहतरीन कप्तान मानते हैं। आपके करियर में उनका योगदान भी रहा है। आप उनके टेस्ट मैच से संन्यास के गवाह रहे हैं। इसलिए उनके बारे में कुछ बताइये इस पर इशांत कहा , 'हां यह सही है कि मैं उस मैच में खेला था, जो माही भाई का आखिरी टेस्ट था। उस मैच के दौरान मेरे घुटनों में बहुत दर्द था और मैं हर सेशन में इंजेक्शन ले रहा था। हम यह भी नहीं जानते थे कि यह धोनी भाई का आखिरी टेस्ट मैच है। शायद वह मैच का चौथा दिन था और ऑस्ट्रेलिया अपनी पारी घोषित करने वाला था। तब मैं माही भाई के पास गया और बोला कि मैं अब और इंजेक्शन नहीं लगवाउंगा। धोनी ने कहा कि ठीक है अब तुम गेंदबाजी मत करो। बाद में कुछ हुआ तो उन्होंने मुझसे कहा कि लंबू तुमने मुझे मेरे आखिरी टेस्ट मैच में बीच में छोड़ दिया। इशांत ने कहा कि धोनी की यह बात मुझे आज भी याद आती है। अश्विन ने कहा कि शायद ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि कोई भी यह नहीं जानता था कि यह धोनी का आखिरी मैच था।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org




# 'अनफिनिश्ड' को लेकर सुर्खियों में प्रियंका

## किताब में शेयर किए जीवन में घटे किस्से

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा जोनास ने अपनी किताब 'अनफिनिश्ड' को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने किताब में हर वो बात और किस्से शेयर किए जो उनके जीवन में घटे हैं। उन्होंने जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में अपनी किताब 'अनफिनिश्ड' पर एक सत्र में बातचीत के दौरान कहा कि वह अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए कभी भी किसी खास हीरो पर निर्भर नहीं रहीं। उन्होंने कभी भी अपने काम को अपनी पहचान को परिभाषित नहीं करने दिया।

प्रियंका चोपड़ा ने अपनी किताब 'अनफिनिश्ड' के 11वें अध्याय में उन्होंने कहा कि मैं अपने काम से कभी परिभाषित नहीं हुई, यही वजह है कि मेरे पास कई काम करने की क्षमता है। मुझे कभी विश्वास नहीं हुआ कि अगर मेरी अगली फिल्म अच्छा नहीं करती है या मुझे किसी फिल्म में मेन रोल नहीं मिलता है तो मेरा करियर खत्म हो जाएगा। मैंने कभी ऐसा महसूस नहीं किया। मुझे इस आत्मविश्वास के साथ बड़ा किया गया था कि मैं कुछ भी करने के लिए चुन सकती हूं, जो मैं चाहती हूं।' 'फैशन', 'बाजीराव-मस्तानी' जैसी फिल्मों में काम कर चुकीं प्रियंका चोपड़ा ने बताया कि उनके सभी पेशेवर फैसले उनके खुद के लिए। उन्होंने आगे कहा कि मेरा करियर कभी भी मेरे सह-अभिनेताओं पर निर्भर नहीं रहा है। मुझे अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए किसी खास हीरो या किसी खास आदमी के साथ फिल्म करने की कभी जरूरत नहीं पड़ी। मैंने कई तरह की फिल्में चुनी हैं, विभिन्न प्रकार के रोल-बड़े रोल, छोटे रोल, बड़े निर्देशक, छोटे निर्देशक, इंडी फिल्में, नॉन जॉनर फिल्में। करियर के पीक प्वाइंट पर अमेरिका जाना और फिर हॉलीवुड में कदम बढ़ाने को उन्होंने 'विनम्रता का पाठ' बताते हुए इसे स्वीकार किया।


उन्होंने बताया कि बॉलीवुड में सुपरस्टार होने के बावजूद, उन्हें भूमिकाओं के लिए ऑडिशन देना पड़ा और अक्सर पार्टियों में अपना परिचय दिया।प्रियंका चोपड़ा का कहा कि जब उन्होंने फिल्मी दुनिया में कदम रखा था उसके बाद से अब तक महिला कलाकारों को लेकर इंडस्ट्री का रवैया बदल गया है। देसी गर्ल ने कहा कि मेरे दौर की लड़कियां बड़ा बदलाव लेकर आईं। अब आप इन लीडिंग लेडीज को भी देख रहे हैं जो शादीशुदा हैं, अपने को-स्टार की उम्र जितनी ही उनकी उम्र हैं। महिलाएं अब प्रोड्यूसर भी हैं और अपना खुद का कंटेंट बना रही हैं।

# 'पीके' के सीक्वल में रणबीर कपूर आएंगे नजर,प्रड्यूसर विधु कर रहे तैयारी



**मुंबई।** आमिर खान और अनुष्का शर्मा की सुपरहिट फिल्म 'पीके' का अब सीक्वल बनने जा रहा है। इसमें आमिर खान की जगह रणबीर कपूर के नजर की खबर है। हालांकि, इस फिल्म के लास्ट सीन में भी वह दिखाई दिए थे। खबर है कि प्रड्यूसर विधु विनोद चोपड़ा ने इसकी पूरी तैयारी भी कर ली है। अब वह जल्द ही 'पीके' का सीक्वल बनाने जा रहे हैं। विधु ने कहा कि फिल्म के आखिरी सीन में रणबीर कपूर का कैरक्टर दूसरे प्लैनेट से धरती पर आता है। अब रणबीर फिल्म की कहानी को आगे ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि फिल्म के राइटर अभिजात जोशी ने अभी तक फिल्म की कहानी नहीं लिखी है और जब कहानी पूरी हो जाएगी तो फिल्म बनानी शुरू कर दी जाएगी। विधु विनोद चोपड़ा का कहना है कि वह मजबूत कहानियों पर फिल्म बनाना पसंद करते हैं। अक्सर फिल्मों के सीक्वल चल जाते हैं लेकिन विधु का कहना है कि अगर वह फायदा कमाने के लिए फिल्म बनाते तो वह 6-7 सीक्वल मुन्नाभाई सीरीज के और 2-3 सीक्वल पीके सीरीज के बना चुके होते। बता दें कि 'पीके' का डायरेक्शन राजकुमार हिरानी ने किया था जिन्होंने मुन्नाभाई सीरीज की दोनों फिल्मों के अलावा 3 इडियट्स और संजू जैसी फिल्में बनाई हैं। अगर पीके का सीक्वल बनता है तो संजू के बाद हिरानी की रणबीर के साथ यह दूसरी फिल्म होगी। बता दें कि फिल्म 'पीके' में आमिर खान और अनुष्का शर्मा के अलावा सुशांत सिंह राजपूत, बमन ईरानी, संजय दत्त, परीक्षित साहनी और सौरभ शुक्ला मुख्य भूमिकाओं में थे।

# 18 जून को रिलीज होगी 'झुंड'



बॉलीवुड अमिताभ बच्चन की आगामी फिल्म 'झुंड' 18 जून को सिनेमाघरों में रिलीज को तैयार है। बॉलीवुड के महानायक ने ट्वीट कर लिखा कि 'कोरोना ने हमें झटका दिया। लेकिन अब वापसी का समय है ! हम वापस आ गए हैं। झुंड 18 जून को रिलीज होने वाली है।' यह फिल्म नागराज मंजुले द्वारा निर्देशित है। फिल्म झुंड को नागराज मंजुले बना रहे हैं, जो इससे पहले सुपरहिट मराठी फिल्म सैराट बना चुके हैं। नागराज झुंड से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू कर रहे हैं। ये फिल्म फुटबॉलर अखिलेश पॉल के कोच विजय बारसे की जिंदगी पर आधारित है।

# सिद्धार्थ और कियारा की फिल्म 'शेरशाह' 2 जुलाई को होगी रिलीज



**मुंबई।** करण जौहर ने सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी स्टारर फिल्म 'शेरशाह' की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म का सभी को बेसब्री से इंतजार था। करण जौहर ने सोशल मीडिया पर 'शेरशाह' की रिलीज डेट का ऐलान किया है।

करण ने पोस्ट किया कि यह फिल्म 2 जुलाई 2021 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। करण जौहर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसके साथ उन्होंने फिल्म की रिलीज डेट का ऐलान किया है। उन्होंने यह पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है कि 'कैप्टन बत्रा की अनकही कहानी बड़े पर्दे पर बताई जाने के लिए तैयार है। हम उनकी जर्नी को दिखाने को लेकर सम्मानित महसूस कर रहे हैं। शेरशाह 2 जुलाई 2021 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

जिसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी साथ नजर आएंगे। विष्णु वर्धन ने फिल्म को डायरेक्ट किया है।' बता दें कि लंबे समय से सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी अपने रिलेशनशिप की खबरों को लेकर भी सुर्खियों में हैं। दोनों बीते दिनों न्यू ईयर मनाने भी साथ ही गए थे। दोनों ने मालदीव्स में न्यू ईयर सेलिब्रेट किया था। हालांकि, दोनों की साथ में कोई तस्वीर सामने नहीं आई थी, लेकिन लोकेशन्स से अंदाजा लगाया जा रहा था कि दोनों ने इस बार साथ ही न्यू ईयर सेलिब्रेट किया है।


वहीं अक्सर ही दोनों को साथ स्पॉट किया जाता रहा है।

# टाइगर श्रॉफ ने पिंक शॉर्ट्स में अपनी फोटो की शेयर, दिशा ने एक्टर को 'ब्रो जोन' में डाला



**मुंबई।** बेहद कम समय में बॉलीवुड में अपनी खास जगह बनाने वाले अभिनेता टाइगर श्रॉफ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट में एक फोटो शेयर की, जिसमें वह पिंक शॉर्ट्स में नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने इंस्टाग्राम पर ये फोटो कोलाज में शेयर की हैं। फोटो में वह अपनी दमदार बॉडी का प्रदर्शन कर रहे हैं। टाइगर ने पिंक शॉर्ट्स में अपनी इस फोटो के कैप्शन लिखा है कि 'उह क्यूट शॉर्ट्स भाई..' लेकिन दिशा पटानी ने अभिनेता की इस पोस्ट पर दिल तोड़ने वाला कमेंट किया है। उन्होंने अपने इस मजेदार पोस्ट में एक्टर को ब्रो जोन में डाल दिया है। उन्होंने लिखा कि 'यो ब्रो ये हैं कुछ क्यूट शॉर्ट्स।' दिशा की इस टिप्पणी पर फैंस मजेदार रिएक्शन दे रहे हैं। एक फैन ने लिखा, 'दिशा पटानी भाई को भाई बोला।' दूसरे ने रोने की इमोजीस के साथ लिखा, 'दुख भरी जिंदगी है भाई।' इस फोटो में टाइगर काला चश्मा और एक खूबसूरत पेंडेंट पहने नजर आ रहे हैं। यकीनन, टाइगर पिंक शॉर्ट्स में कमाल के लग रहे हैं। करीब 17 घंटे में इस पोस्ट पर 12 लाख के करीब लाइक्स आ चुके हैं। फैंस जमकर कमेंट कर रहे हैं। बता दें कि टाइगर श्रॉफ की ऋतिक रोशन के साथ आई फिल्म 'वॉर' ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। यकीनन, फिल्मी की सफलता के बाद इसका दूसरा पार्ट बनाने की चर्चा जोरों पर होने लगी थी। जल्दी ही टाइगर फिल्म 'हीरोपंती 2' और 'गणपत' से फैंस का मनोरंजन करते नजर आएंगे। 'गणपत' का हाल में ही पोस्टर रिलीज हुआ है, जिसे विकास बहल निर्देशित कर रहे हैं। फिल्म में वह एक्ट्रेस कृति सेनन के साथ रोमांस करते नजर आएंगे।

# आयुष्मान की 'चंडीगढ़ करे आशिकी' की रिलीज डेट जारी, शर्टलेस फोटो किया शेयर



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना ने अपनी वाली रोमांटिक फिल्म 'चंडीगढ़ करे आशिकी' की रिलीज डेट अनोखे बताई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर कर फिल्म की रिलीज डेट के बारे में जानकारी दी है। आयुष्मान खुराना ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर किया है जिसमें वह शर्टलेस दिख रहे हैं। उनके हाथ में क्लिप बोर्ड है। इस क्लिपबोर्ड पर फिल्म की रिलीज डेट लिखी गई है। इस फोटो के साथ कैप्शन लिखा है कि 'ये सिर्फ रिलीज डेट की अनाउंटमेंट हैं। ट्रेलर भी बाकी है और पिक्चर भी। हैशटैग के साथ लिखा कि 9 जुलाई 2021 को सिनेमाघरों में 'चंडीगढ़ करे आशिकी'।' फल्म में आयुष्मान खुराना के दोस्तों ने बॉडी मेकओवर की जमकर तारीफ की है। उनकी पत्नी ताहिरा कश्यप ने लिखा 'उफ्फ' जबकि वरुण धवन ने बड़ा मजेदार कमेंट करते हुए कहा कि 'सर सर सर सर हम शरीफ क्या हुए पूरी दुनिया ने टी शर्ट निकाल दिए, अच्छे लग रहे हो भाई।'

करणवीर ने लिखा 'चक दे फट्टे' तो प्रोड्यूसर प्रज्ञा कपून ने लिखा कि 'जुलाई जल्दी नहीं आ सकता'।इसके अलावा म्यूजिशियन अली मर्चेंट ने भी कमेंट में लिखा 'कड़क'।इस फिल्म में एक्ट्रेस वाणी कपूर और आयुष्मान खुराना लीड रोल में हैं। फिल्म 'चंडीगढ़ करे आशिकी' एक प्रोग्रेसिव लव स्टोरी है और इस का निर्देशन अभिषेक कपूर ने किया है। आयुष्मान खुराना इस फिल्म में एक क्रॉस फंक्शनल एथलीट की भूमिका में हैं। इस फिल्म को कोरोना महामारी के बीच सिर्फ 48 दिन में चंडीगढ़ में शूट किया गया। कुछ समय पहले एक्ट्रेस वाणी कपूर ने फिल्म से शूट की एक पिक्चर ट्विटर पर शेयर करते हुए लिखा था कि 'शुगर, स्पाइस एंड एवरीथिंग नाइस। 'चंडीगढ़ करे आशिकी' 9 जुलाई 2021 को रिलीज होने के लिए तैयार है।' वर्क फ्रंट बात करें तो आयुष्मान खुराना इस समय अनुभव सिन्हा की फिल्म 'अनेक' की शूटिंग कर रहे हैं। इसके अलावा रकुल प्रीत सिंह के साथ 'डॉक्टर जी' में भी दिखाई देंगे। वहीं वाणी कपूर अक्षय कुमार स्टारर 'बेल बॉटम' और रणबीर कपूर के साथ 'शमशेरा' फिल्म कर रही हैं।

# फिल्म 'भूत-पार्ट वन' को एक साल हुआ पूरा, विक्की बोले- 'काफी डरावना साल रहा'



**मुंबई।** अभिनेता विक्की कौशल और भूमि पेडनेकर की फिल्म 'भूत-पार्ट वनः द हॉन्टेड शिप' को रिलीज हुए एक साल पूरा हो गया है। यह दिन इस फिल्म की टीम के लिए बहुत खास रहा। इस अवसर पर विक्की ने अपनी फिल्म 'भूत-पार्ट वनः द हॉन्टेड शिप' को लेकर अपने अनुभव बयां किए हैं। विक्की ने इस फिल्म के सेट से कुछ फोटोज शेयर की हैं, जिसके कैप्शन में लिखा कि काफी डरावना साल रहा। भूत द हॉन्टेड शिप 1 ईयर।' खबर है कि विक्की कौशल को यह भूतिया फिल्म साइन करने से पहले हॉरर ड्रामा पसंद नहीं था। उन्होंने कहा था कि वह एक ऐसे व्यक्ति हैं, जो अगर देख लें कि कमरे में हॉरर फिल्म चल रही है, तो वह वहां से बाहर निकल जाते हैं। हालांकि, इस फिल्म में काम करने के बाद हॉरर फिल्मों को लेकर उनका डर भाग गया है। अब लगता है कि उन्हें इस जॉनर की फिल्में करने से कोई परहेज नहीं है। बता दें कि यह फिल्म एक यंग शिपिंग ऑफिसर पृथ्वी और हॉन्टेड शिप की कहानी है। हाल में विक्की कौशल ने अपना पहला इंस्टाग्राम रील शेयर किया था, जो वायरल हो चुका 'डोन्ट रश' चैलेंज को लेकर था। आप विक्की को इस वीडियो में बिना किसी एक्सप्रेशन के साथ शानदार डांस करते हुए देख सकते हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो विक्की कौशल अगामी फिल्म 'द इम्मोर्टल अश्वत्थामा' की तैयारी में व्यस्त हैं। इसके अलावा उनकी आने वाली फिल्मों में 'सरदार उधम सिंह' और 'तख्त' जैसी फिल्में शामिल हैं। बता दें कि विक्की कौशल ने साल 2015 में फिल्म 'मसान' से डेब्यू किया था। इसके अलावा उन्हें 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक', 'संजू', 'मसान', 'राजी' जैसी फिल्मों में दमदार अभिनय के लिए जाना जाता है।













